सूर्योदय 6:44 सूर्यास्त 5:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.8 न्यू | 19.4 अधि |
| धर्मशाला | 13.0 न्यू | 24.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77580.31 |
| निफ्टी | 23532.70 |
| सोना | 75,650 |
| चांदी | 90,033 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 15 नवंबर 2024 | 30 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 329, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### विधायक अमानतुल्लाह को मिली बड़ी राहत, होंगे रिहा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वीरवार को 36 करोड़ रुपए की संपत्ति की खरीद में मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपए के मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि मरियम सिद्दीकी के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्हें भी बरी किया जाता है।

### ब्रिटेन की लेखिका हार्वे ने जीता बुकर पुरस्कार



**लंदन।** ब्रिटेन की लेखिका सामंथा हार्वे को उनके उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए साहित्य का बुकर पुरस्कार 2024 दिया गया। यह उपन्यास अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक दिन की कहानी है, जिसे उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान लिखा है। सामंथा हार्वे 2019 के बाद यह पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला हैं। हार्वे को लंदन के ओल्ड बिलिंग्सगेट में एक समारोह में विजेता घोषित किया गया।

### मणिपुर के 5 जिलों में फिर लगाया अफस्पा

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर केंद्र सरकार ने पांच जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित करते हुए अफस्पा लगा दिया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी है। मणिपुर में हिंसा और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, जिरीबाम, कांगपोकपाई और विष्णुपर के पुलिस थानों को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है।

### कठुआ में जवानों ने चलाया सर्च अभियान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सीमावर्ती इलाकों में घने कोहरे की चादर छाए रहने के बीच सुरक्षाबलों ने वीरवार को एहतियाती कदम के तौर पर पाकिस्तान से लगी सीमा पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में संभावित घुसपैठ या ड्रोन के माध्यम से हथियार गिराए जाने से संबंधित खतरे की आशंका के मद्देनजर चलाया गया।

### रायपुर में इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**रायपुर।** नागपुर से कोलकाता जाने वाली इंडिगो के विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद विमान को रायपुर में आपात स्थिति में उतारा गया। हालांकि, बाद में यह धमकी झूठी निकली। रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि 187 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को लेकर जा रहे इंडिगो के विमान में बम होने की धमकी के बाद सुबह नौ बजे के उपरांत विमान को रायपुर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- घुमारवीं में 46 डिग्री तापमान पर उगा दिए सेब -पेज 3
- जुनाट बीट में फिर चली खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी -पेज 4
- अनियमितताओं के चलते पंचायत सचिव निलंबित -पेज 12
- सोनिया का 'राहुल विमान' झारखंड में होगा दुर्घटनाग्रस्त: शाह -पेज 13
- प्री-क्वार्टर फाइनल में हारी पीवी सिंधु -पेज 14

# कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा देकर गरीबों को ही लूटा : मोदी

## बोले- कांग्रेस ने हमेशा गरीब को गरीब बनाए रखने के एजेंडे पर किया काम

**एजेंसी, मुंबई**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वीरवार को मुंबई शिवाजी पार्क, दादर और खारघर में रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, लेकिन उसने गरीबों को ही लूट लिया। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी की मानसिकता यह सुनिश्चित करने की है कि गरीब प्रगति न करे।

**कांग्रेस की मानसिकता रही गरीब तरक्की न कर पाए**

मोदी ने कहा कि अगर गरीबों को फायदा हो रहा है तो आपको खुशी होती है, लेकिन कांग्रेस को इस बात की खुशी नहीं है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के मामले में कांग्रेस काफी आगे है, लेकिन वह गरीबों की दुश्मन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को रोकने की बड़ी जिम्मेदारी गरीबों की है। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने हमेशा गरीब को गरीब बनाए रखने के एजेंडे के साथ काम किया है। गरीबी हटाओ के नारे के नाम पर कांग्रेस ने गरीबों को ही लूट लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए गरीब, जिंदगी की मुश्किलों से बाहर नहीं आ पाया और आजादी के 70 साल बाद भी देश के ज्यादातर लोग रोटी, कपड़ा और मकान पाने के लिए जूझते रहे।

### कांग्रेस और उसके सहयोगी कश्मीर के लिए एक अलग संविधान लाने की बना रहे योजना

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी कश्मीर के लिए एक अलग संविधान लाने की योजना बना रहे हैं और अनुच्छेद-370 की बहाली के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में मुकाबला संभाजी महाराज को मानने वाले देश भक्तों और औरंगजेब का गुणगान करने वालों के बीच है। महाराष्ट्र का यह चुनाव केवल नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक ओर संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब का गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोग संभाजी महाराज के हत्यारे में अपना मसीहा देखते हैं।

### अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद के लिए तरसाएंगे

पीएम ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हमारी सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए। ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे। आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को घुसने ही मत देना।

### कांग्रेस बंटवारे पर करती भरोसा

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, सरकार बनाने के लिए विकास पर नहीं, बंटवारे पर भरोसा करती है। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे बढ़ने से रोकती है, ताकि सत्ता पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी इनका कब्जा बना रहे। इसलिए कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुलेआम बयान देते हैं कि वह आरक्षण को खत्म कर देंगे। अब अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस और अघाड़ी वाले एससी, एसटी और ओबीसी समाज को जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

# मोदी को लगता है संविधान पुस्तिका कोरी उन्हें क्या पता, जिन्होंने पढ़ा नहीं : राहुल

## बोले- संविधान को बचाने के लिए अपनी जान देने के लिए भी तैयार

**एजेंसी, नंदूरबार ( महाराष्ट्र )**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को लगता है कि संविधान की 'लाल किताब' कोरी है, क्योंकि उन्होंने (मोदी ने) इसे कभी पढ़ा ही नहीं है। राहुल ने महाराष्ट्र के नंदूरबार में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में भारत की आत्मा और बिरसा मुंडा, डॉ. बीआर. अंबेडकर और महात्मा गांधी जैसे राष्ट्र नायकों की ओर से परिकल्पित सिद्धांत समाहित हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा को किताब के लाल रंग पर आपत्ति है, है (जिसे रैलियों में दिखाते रहे हैं)। लेकिन हमारे लिए, रंग चाहे जो भी हो, हम इसे (संविधान को) बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपनी जान देने के लिए भी तैयार हैं। मोदी जी को लगता है कि संविधान पुस्तिका कोरी है क्योंकि उन्होंने इसे कभी अपने जीवन में पढ़ा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह संविधान पुस्तिका कोरी नहीं है। देश एक तरफ 'घृणा, क्रोध और अहंकार' और दूसरी तरफ 'प्रेम और भाईचारे' के बीच लड़ाई देख रहा है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, वहीं देश में हवाई अड्डे, बंदरगाह और सड़कें दो बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही हैं।



### कांग्रेस चाहती आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व मिले

**राहुल** ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व मिले। भाजपा नेताओं ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान में गांधी की ओर से प्रदर्शित 'लाल किताब' को 'शहरी नक्सलवाद' से जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसी टिप्पणियां करके राष्ट्र नायकों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) आदिवासियों को आदिवासी के बजाय 'वनवासी' कहकर उनका अपमान करते हैं। आदिवासी देश के पहले मालिक हैं और जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार उनका है।

### महाराष्ट्र में 5 लाख नौकरियां छीनीं गईं

**राहुल** ने जाति आधारित गणना की मांग दोहराते हुए कहा कि इससे महाराष्ट्र में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों की संख्या और संसाधनों में उनकी हिस्सेदारी का पता लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में आठ प्रतिशत आदिवासी आबादी में से निर्णय लेने में उनकी हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र से पांच लाख नौकरियां छीन ली गई हैं क्योंकि विभिन्न बड़ी परियोजनाएं अन्य राज्यों में स्थानांतरित कर दी गई हैं।

# समेज और बागी पुल प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज जारी



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को रामपुर में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के समापन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रामपुर क्षेत्र के आपदा प्रभावित समेज और बागी पुल क्षेत्रों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा में जिन परिवारों ने अपना पूरा घर खो दिया है, उन्हें पहले दी जाने वाली 1.5 लाख रुपए की राशि के बजाय सात लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी का जल्द होगा गठन सीएम सुक्खू से मिलीं प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस की प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर पर नए सिरे से कमेटियां गठित करने को लेकर पार्टी ने कदमताल शुरू कर दी है।

प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने वीरवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की है। वह 2 से 3 दिन में दिल्ली जाकर पार्टी हाईकमान और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला से भी मुलाकात करेंगी, जिसके बाद जल्द ही कमेटियों के गठन कर दिया जाएगा। प्रतिभा ने पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर कमेटियों के गठन को लेकर सक्रिय नेताओं व कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जाएगी।

**कहा- सीपीएस फैसले से सरकार पर कोई संकट नहीं**

उन्होंने कहा कि सीपीएस पर आए कोर्ट के फैसले से सरकार पर कोई राजनीतिक संकट नहीं है। इस मामले पर अगला कदम क्या उठाया जाना है, सरकार इस पर निर्णय लेगी। इस फैसले पर सरकार आपसी बातचीत कर रही है।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा सीपीएस मामला

**शिमला।** हिमाचल सरकार और भारतीय जनता पार्टी मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। कांग्रेस सरकार ने हिमाचल हाईकोर्ट के आदेशों के खिलाफ एसएलपी दायर की है, जबकि बीजेपी ने केविएट फाइल की है। हिमाचल हाईकोर्ट ने बुधवार को 6 सीपीएस की नियुक्ति रद्द करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने नियुक्तियों को असंवैधानिक बताया था और साल 2006 के सीपीएस एक्ट को भी निरस्त कर दिया था।

# संजौली मस्जिद मामले में लोकल रेजिडेंट नहीं बनेंगे पार्टी

## जिला अदालत में हुई सुनवाई, आवेदन किया खारिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**संजौली** मस्जिद में अवैध निर्माण गिराने के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर जिला अदालत में वीरवार को सुनवाई हुई।

**अब 18 को होगी सुनवाई**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण गर्ग की अदालत ने सुनवाई के दौरान स्थानीय लोगों को पार्टी बनाने के आवेदन को खारिज कर दिया। अदालत ने बहस के बाद मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर तय की है। अगली सुनवाई में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी की याचिका पर फैसला हो सकता है। पांवटा साहिब के रहने वाले अपीलकर्ता नजाकत अली हाशमी ने 5 अक्तूबर को निगम आयुक्त के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद लतीफ की ओर से जो हलफनामा दायर किया है, वह गैर कानूनी है। हलफनामा कमेटी की सहमति के बगैर दायर किया है। अपीलकर्ता और वक्फ बोर्ड ने यह दलीलें दीं थी कि स्थानीय लोगों की कोई सोसायटी या संस्था नहीं है।

# हेट स्पीच और गलत बयानों के बीच है अंतर: सुप्रीम कोर्ट

## वकील को दो टूक, कहा- दिक्कत है तो पुलिस के पास जाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने वीरवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें सार्वजनिक मंच से नेताओं की ओर से दिए गए भड़काऊ भाषणों के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

याचिका में आरोप लगाया था कि ये बयान राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा को खतरे में डालते हैं और विभाजनकारी विचारधाराओं को बढ़ावा देते हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले 'हिंदू सेना समिति' के वकील से कहा कि नफरत भरे भाषणों और गलत बयानों के बीच अंतर होता है। इस तरह से याचिका पर नोटिस जारी नहीं हो सकता। हम भारत के संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत वर्तमान रिट याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। घृणास्पद भाषण और गलत बयानों के बीच अंतर है। यदि याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है, तो वे कानून के अनुसार इसे उठा सकते हैं। वकील कुंवर आदित्य सिंह और स्वतंत्र राय ने कहा कि राजनीतिक नेताओं की टिप्पणियां अक्सर उकसावे की ओर जाती हैं, जिससे संभावित रूप से सार्वजनिक अशांति फैल सकती है। कई टिप्पणियों का हवाला दिया, जिनमें बयानबाजी ने कथित तौर पर सार्वजनिक व्यवस्था को खतरे में डाला था।

**भड़काऊ भाषणों के खिलाफ कार्रवाई संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई से किया इनकार**

# एसडीएम थप्पड़ कांड: नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद बवाल

## आगजनी-पथराव-पुलिस की गाड़ियां रोकीं; सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागकर समर्थकों को खदेड़ा

**एजेंसी, जयपुर**

**राजस्थान** के देवली-उनियारा में नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद बवाल शुरू हो गया। मीणा के समर्थकों ने पुलिस की गाड़ियों को रोकने की कोशिश में चक्का-जाम कर दिया।

देवली-उनियारा के समरावता गांव की सड़क पर भी टायर जलाए। लोगों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। उपद्रवियों ने भी पुलिस पर पथराव किया है। नरेश मीणा के समर्थकों ने टोंक से सवाई माधोपुर जाने वाले नेशनल हाईवे-116 पर भी अलीगढ़ कस्बे के पास जाम लगा दिया है। दरअसल, देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता (टोंक) गांव ने उपचुनाव में वोटिंग का बहिष्कार किया था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी ग्रामीणों के साथ धरने पर थे। इसी दौरान नरेश मीणा ने अधिकारियों पर जबरन मतदान करवाने का आरोप लगाया। एसडीएम अमित चौधरी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्हें थप्पड़ मार दिया। ग्रामीणों ने वोटिंग का टाइम खत्म होने के बाद पोलिंग पार्टियों को भी रोकने की कोशिश की। लोगों ने एसपी विकास सांगवान की गाड़ी भी तोड़ दी। इस बीच पुलिस ने बुधवार करीब 9.30 बजे नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया। मीणा के समर्थकों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे और भड़क गए। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण ने पुलिस जवानों को घेर लिया और मीणा को छुड़ाकर ले गए। दोपहर करीब 12 बजे नरेश मीणा को गिरफ्तार किया गया था।



### पुलिस कर्मियों समेत 50 से ज्यादा लोग घायल

**नरेश** मीणा के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प में 10 पुलिस जवानों समेत 50 लोग घायल हुए हैं। अधिक चोट लगने वाले लोगों को अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अब तक करीब 60 लोगों को हिरासत में लिया है।

**मौसम** प्रदेश में कल से करवट बदलेगा मौसम, बारिश और बर्फबारी की संभावना

# हिमाचल के मैदानी क्षेत्रों में कोहरे की मार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** में 16 नवंबर से मौसम करवट बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कांगड़ा व कुल्लू में हल्की बारिश और लाहौल-स्पीति, चंबा और कुल्लू के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिर सकते हैं।

**मैदानी क्षेत्रों में चार दिन तक धुंध का अलर्ट**

मौसम विभाग के अनुसार 15 और 16 नवंबर को मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है, लेकिन यह बदलाव केवल 3 जिलों के ऊपरी क्षेत्रों तक ही सीमित रहेगा। मध्य हिमालय के क्षेत्रों में बारिश का पूर्वानुमान नहीं है। मैदानी क्षेत्रों में अगले 3 से 4 दिन तक सुबह के समय कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। विजिबिलिटी भी बहुत कम रहने की संभावना है। वहीं प्रदेश में कई जगह धुंध भी छाई हुई। बारिश और हल्की बर्फबारी होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। इसका प्रभाव लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कांगड़ा जिले के ऊपरी क्षेत्रों में रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि एक सप्ताह तक प्रदेश में बारिश जैसे कोई भी आसार नहीं है। यह पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश पर बहुत ज्यादा असर नहीं डालेगा। शिमला, सोलन और लोअर हिमालय के जिलों में पश्चिमी विक्षोभ का कोई भी प्रभाव देखने को नहीं मिलेगा।

### मैक्लोडगंज में विदेशी पर्यटक की हुई मौत

**धर्मशाला।** मैक्लोडगंज के मसाज पार्लर में विदेशी पर्यटक की मौत हो गई। दोस्त के साथ मसाज के लिए आया था, जो पार्लर के वॉशरूम में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान 70 वर्षीय जीन लुक आमंड के तौर पर हुई, जो फ्रांस का रहने वाला है। वह मैक्लोडगंज के ग्रीन होटल के रूम नंबर 208 में ठहरा हुआ था। बुधवार देर शाम अपनी दोस्त अन्न मज रिकवेब के साथ पार्लर में मसाज करवाने गया। वॉशरूम से वापस नहीं आने पर देखा तो वह फर्श पर गिरा हुआ था, जिसे धर्मशाला जोनल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जीन लुक आमंड को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ सुरिंदर ठाकुर ने पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

# कोचिंग सेंटरों के भ्रामक विज्ञापनों पर लगेगी रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्र** सरकार ने कोचिंग संस्थानों की ओर से भ्रामक विज्ञापनों को नियंत्रित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए, जिनमें 100 प्रतिशत चयन या 100 प्रतिशत नौकरी की गारंटी जैसे झूठे दावों पर रोक लगाई गई है।

**केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने जारी किए दिशा-निर्देश**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की ओर से तैयार अंतिम दिशा-निर्देश राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर मिली कई शिकायतों के बाद जारी किए हैं। सीसीपीए ने अब तक 54 नोटिस जारी किए हैं और करीब 54.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि हमने पाया कि कोचिंग संस्थान जानबूझकर अभ्यर्थियों से जानकारी छिपा रहे हैं, इसलिए हम कोचिंग क्षेत्र में शामिल लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश लेकर आए हैं। सरकार कोचिंग संस्थानों के खिलाफ नहीं है, लेकिन विज्ञापनों की गुणवत्ता से उपभोक्ता अधिकारों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### 66.410 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पुलिस ने नशे सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार गश्त के दौरान दो युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछने पर उन्होंने अपना नाम और पता हरीश चंद पुत्र जगत राम निवासी गांव कोठीउथरू तहसील शिलाई जिला सिरमौर उम्र 21 वर्ष व शुभम पुत्र मदन ठाकुर निवासी गांव दिगवा तहसील शिलाई उम्र 19 वर्ष बताया है। तलाशी लेने पर उनके पास से 66.410 ग्राम चरस यानी भांग बरामद हुई। पोलिस की दोनों युवकों से पूछताछ जारी है।

### एपीके फाइल को अपने मोबाइल पर न करें डाउनलोड

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** इन दिनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही फर्जी एपीके फाइल को लेकर चौपाल पुलिस ने एडवायजरी जारी की है। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने कहा कि इन दिनों एक फर्जी पीएनबी ई-केवाईसी अपडेट करके एक एपीके फाइल सोशल मीडिया के व्हाट्सअप व फेसबुक आदि प्लेटफार्म पर प्रसारित हो रही है। इस फर्जी फाइल को मोबाइल पर अपलोड करने से हैकर आपके मोबाइल को हैक करके आपके फोन की फेसबुक व व्हाट्सअप, बैंक अकॉउंट आदि डिटेल डाउनलोड करके आपको ब्लैकमेल अथवा आपके दोस्तों व रिश्तेदारों से पैसों की मांग कर सकते है।

### नेरवा में एनएसएस का विशेष शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हो गया। शिविर की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य केवल चौहान द्वारा की गई, जिसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ममता तेगटा व सुशील दफराईक के नेतृत्व में 65 स्वयंसेवियों ने भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया। शिविर के समापन अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे एनएसएस के राज्य मीडिया इंचार्ज राई सिंह रावत, सिविल अस्पताल नेरवा के चिकित्सक डॉ. अमित डोगरा, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चौपाल से सुरेंद्र चौहान एवं डीपीई रुस्लाह स्कूल जगदीश सूरी स्त्रोत व्यक्ति के रूप में स्वयंसेवियों को अपने विचारों से प्रेरित किया।

### सूरत चौहान ने सात छात्रों को बांटी छत्रवृत्ति



अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल। उपमंडल चौपाल के समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी राजकीय माध्यमिक स्कूल खुडोग के अध्यापक सूरत चौहान ने खुडोग स्कूल के पांच छात्रों एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टिक्करी की दो छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की। सूरत चौहान हर साल अनाथ, निर्धन व दिव्यांग छात्रों को मदद स्वरुप यह धनराशि प्रदान करते है। इस वर्ष उन्हों ने खुडोग की बाहरवीं कक्षा की अनाथ छात्रा खुशबू, इसी कक्षा के सर पर पिता का साया न होने वाले छात्र हर्ष, छठी कक्षा के दिव्यांग छात्र ऋषभ व आठवीं कक्षा के अनाथ छात्र अक्षित को एक-एक हजार व अति निर्धन परिवार से संबंध रखने वाली सातवीं कक्षा की छात्रा अनिता को 1100 रुपए की छत्रवृति प्रदान की है। उन्होंने पिता का साया न होने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टिक्करी की दो छात्राओं छात्रवृति प्रदान की है।

### सनरॉक प्ले स्कूल में मनाया बाल दिवस



**कोटखाई, भरत ठाकुर।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा, कोटखाई में 'बाल दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व स्टाफ की समस्त सदस्याओं ने भाग लिया। प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने बधाई दी। प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल, क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदेव प्रयासरत रहता है।

### डंगार स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में वीरवार को बाल दिवस का समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने की। उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के योगदान की चर्चा करते हुए बच्चों के साथ उनके विशेष प्यार के लिए याद किया। इस सामूहिक आयोजन में नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने पहाड़ी गीत, पहाड़ी गिद्दा, कविता, समूहगान और भाषण जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कबड्डी एवं विभिन्न खेलों का आयोजन कर बच्चों का मनोरंजन किया गया। प्रधानाचार्या और स्टाफ द्वारा बच्चों को मिठाई वितरित की गई।

### पट्टा में लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की कलरी शाखा के तत्वावधान में वीरवार को पट्टा पंचायत में वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बैंक प्रबंधक दिनेश चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के साथ ही डिजिटलाइजेशन के फायदों और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के टिप्स भी दिए गए। चोपड़ा ने कहा कि मौजूदा दौर डिजिटलाइजेशन का है। बैंकों में जाकर लाइनों में खड़े रहकर इंतजार करने के बजाय लोग अपनी सुविधा के अनुसार घर बैठकर ही मोबाइल की मदद से अपने खातों का संचालन और ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। वर्तमान में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले भी बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी कई तरह के तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना लेते हैं। इससे बचने के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। उन्हें चाहिए कि वे किसी को भी अपने बैंक खाते, एटीएम पिन व ओटीपी नंबर आदि की जानकारी न दें। इस मौके पर पट्टा पंचायत के प्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के मैहरी काथला क्षेत्र में नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा मैहरी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ ही कई मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंध निदेशक बीएल धर्माणी ने की। इस अवसर पर आयोजित जूनियर वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुभाष हाउस के मयंक ठाकुर, शगुन व सानवी प्रथम, टैगोर हाउस की ध्रुविका, यामिनी व आदित्य ने द्वितीय तथा आजाद हाउस की आनंदिता शर्मा, गौरी व हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग में आजाद हाउस की पल्लवी, वंशिका व मन्नत ने प्रथम, टैगोर हाउस की गौरी शर्मा, अरुणिमा व अनन्या ने द्वितीय तथा नेहरू हाउस के शिवम, प्रियांशी व सानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सुमन चंदेल, अनूप शर्मा, नितिन राणा, रीतिका धीमान, सपना देवी, अल्पना ठाकुर, बंदना कुमारी, बंदना मोदगिल, नीलम शर्मा, रिया, आशा कुमारी आदि भी उपस्थित रहे।

### क्लस्टर लेवल कमेटी ने झंडूता कॉलेज का किया निरीक्षण

**गोपाल कपिल, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में वीरवार को उच्च शिक्षा निदेशालय की क्लस्टर लेवल कमेटी ने महाविद्यालय की सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व बड़सर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार ने किया तथा उपाध्यक्ष के रूप में प्राचार्य डॉ. अजैब सिंह वनयाल महाविद्यालय सुजानपुर से उपस्थित रहे। टीम में सदस्य के रूप में मोहिंद्र कुमार, शशि कुमार व शिवम उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज समिति को सौंपे गए जिनके आधार पर महाविद्यालय का मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन के आधार पर राज्य के महाविद्यालयों को रैंकिंग प्रदान की जाएगी। समिति ने महाविद्यालय के भवन, प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय और अन्य कॉलेज रिकॉर्ड का निरीक्षण किया तथा उचित सुझाव दिए। इस अवसर पर निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, केंद्रीय छात्र परिषद के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट करके महाविद्यालय के सभी सदस्यों के साथ समिति का स्वागत किया। निरीक्षण के समय महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग एवं गैर शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)



## अधिकारियों को ऊर्जा क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए नवोन्मेषी प्रयास करने के निर्देश

# हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सौर ऊर्जा परियोजनाओं की भूमिका अहम : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बैठक के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री व अन्य विभागों के अधिकारी।

हिमाचल प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार 'कम एंड इंसटाल सोलर पावर प्रोजेक्ट्स' पहल पर कार्य कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में निजी क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने वाले युवाओं और उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है।

यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, ऊर्जा व अन्य संबंधित विभागों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। सुक्खू ने कहा कि 'कम एंड इंसटाल सोलर पावर प्रोजेक्टस' पहल के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आवेदन व प्रक्रियाओं पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।

आवेदकों की सुविधा के लिए सभी अड़चनों को समयबद्ध दूर किया जा रहा है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस क्षेत्र में दक्षता को और अधिक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सौर ऊर्जा परियोजनाओं की भूमिका अहम है। सौर ऊर्जा परियोजनाओं से क्षेत्र की आर्थिकी को संबल मिलता है और युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। सौर ऊर्जा परियोजनाएं पारिस्थितिकीय संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में कुल 300 मैगावाट क्षमता की ग्राऊंड मांउटिड सौर ऊर्जा परियोजनाएं आवंटित की गई हैं जिनमें से 62 मैगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। सरकारी क्षेत्र में 32 मैगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जा चुकी है और 15 मैगावाट क्षमता की परियोजना निर्माणाधीन है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए बोर्ड का राजस्व व संसाधन बढ़ाने के लिए नवोन्मेषी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभिन्न परियोजनाओं में संसाधनों के सदुपयोग के साथ उत्पादन क्षमता में सुधार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सुझाव दें।

सुक्खू ने विभिन्न उपक्रमों व परियोजनाओं से ऊर्जा की खरीद व व्यय संबंधित पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्युत की विवेकपूर्ण खरीद और संसाधनों के सदुपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने विद्युत बोर्ड में टेंडर प्रक्रिया में संपूर्ण पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडल और वृत्त स्तर पर होने वाले तकनीकी और वाणिज्यिक नुक्सान के बारे में विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बेहतर प्रबंधन के लिए रेवेन्यू मैपिंग करने के लिए भी जरूरी कदम उठाने को कहा।

## अनाथ बच्चों की सहायता के लिए पंचायत प्रधान को सौंपी राशि



अनाथ बच्चों के लिए एकत्रित धनराशि को सौंपते अध्यापक व अन्य

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंढोल के शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों ने एसएमसी अध्यक्ष आशा झांगटा के माध्यम से ग्राम पंचायत मंढोल के प्रधान चंदर रंगटा को पंचायत के एक अनाथ परिवार के बच्चों की सहायता के लिए बहत्तर हजार पांच सौ बहत्तर रुपए की राशि भेंट की है।

स्कॉउट मास्टर कुलदीप जस्टा की अगुवाई व अन्य सभी शिक्षकों के सहयोग से स्कॉऊट यूनिट ने एक सम्मानजनक राशि एकत्रित की। स्कूल प्रबंधन समिति ने भी अपने प्रयासों से इन अनाथ बच्चों के लिए कुछ धनराशि जारी की है।

इन सभी के प्रयासों से 725727 रुपए की राशि एकत्रित हुई है। वहीं पंचायत प्रधान चंदर ने भी पाठशाला की एसएमसी व स्कॉऊट यूनिट एवं अध्यापकों की प्रशंसा की।

### घंडल स्कूल में मनाया बाल दिवस

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील ने प्राथमिक विद्यालय घंडल के बच्चो के साथ मिलकर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण जरेट, डॉ. विक्रांत संकलानी, डॉ. गौरव, डॉ. उज्ज्वल राठौर आदि मौजूद रहे।

## राजस्व अभिलेख में जमीन गिरवी रखने के प्रचलन में हुआ बदलाव

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राजस्व अभिलेख में जमीन गिरवी या रैहन रखने का प्रचलन काफी समय से चला आ रहा है, जिस प्रकार आज के समय में भूमि को अब बैंक के पास रैहन रखा जाता है। उसी प्रकार पहले भूमि को किसी व्यक्ति विशेष के पास रहन रखा जाता था, बदले में उससे एक राशि या गला बटाई उधार ली जाती थी। जिस व्यक्ति के पास भूमि को रैहन रखा जाता था उसे मूर्तहीन कहा जाता है और जो व्यक्ति भूमि को गिरवी रखता था उसे राहिन कहा जाता है। आज के समय में भी बहुत से इस प्रकार के इंद्राज राजस्व अभिलेख में चल रहे है।

पहले मूर्तहीन 35 वर्ष या इससे अधिक के अरसे के बाद भूमि का मालिक बन सकता था, यदि मूर्तहीन ने उससे यानी राहिन से ली गई राशि उसे वापिस नहीं की हो, लेकिन सर्वोच्च न्यायलय के आदेशानुसार मूर्तहीन अब भूमि का मालिक नहीं बन सकता है।

भले ही रैहन का अरसा 35 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो। राहीन कभी भी उधार ली गई राशि का भुगतान कर मूर्तहीन से भूमि छुड़वा सकता है।

राजस्व अभिलेख में चल रहे इंद्राज की तबदिली के लिए आवेदन करके मूर्तहीन के इंद्राज को राजस्व अभिलेख से समाप्त करवा सकता है । वहीं वर्तमान के लिए राजस्व अभिलेख में राहिन यानी मालिक का ईन्द्राज स्पष्ट रूप से अमल आएगा।( अंनत ज्ञान)

### क्रिकेट ट्रायल्स में तीन खिलाड़ी चयनित

**नेरवा/चौपाल।** चौपाल में अंडर-18 तहसील स्तर के क्रिकेट ट्रायल्स का आयोजन किया गया, जिसमें जेबीएम क्रिकेट अकादमी नेरवा के तीन खिलाड़ी चयनित हुए है,जिन में से दो खिलाडी टीम में शामिल भी हो चुके है।

इस ट्रायल में अनिरुद्ध शर्मा, पुत्र हरी चंद शर्मा, गांव आनोग, तहसील कुपवी एवं अनिरुद्ध तंगड़ाईक पुत्र वीरेंद्र तंगड़ाईक गैंग दयांडली तहसील नेरवा का चयन हुआ है, जोकि ठियोग की अंडर-14 टीम के लिए खेलेंगे।

इसके अलावा तरुण थागटा, पुत्र कृष्ण दत, गांव मशंराह, तहसील नेरवा एवं सार्थ सिंगटा, पुत्र अरविन्द सिंगटा, गांव मोसलन तहसील नेरवा का चयन 7 दिवसीय कैंप के लिए हुआ है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्राथमिक माध्यमों में एक : प्रो. बृजेंद्र

**अनंत ज्ञान, शिमला**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में डॉ. मीनू अग्रवाल के संयोजन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत, प्रो. राघवेंद्र तिवारी, निदेशक आईआईएएस, मेहर चंद नेगी, सचिव आईआईएएस के मार्गदर्शन में अध्येता प्रो. बृजेंद्र पांडेय ने 'सुशासन एवं नैतिकता' पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के सचिव महोदय ने की।

केंद्रीय सतर्कता आयोग, भ्रष्टाचार से लड़ने के अपने जनादेश के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कई रणनीतियां अपनाता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन प्राथमिक माध्यमों में से एक है, जिसका उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और सार्वजनिक प्रशासन में ईमानदारी बनाए रखने के लिए सभी की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय सतर्कता आयोग हर साल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वाले सप्ताह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन करता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्येता, अध्येता, सह-अध्येता एवं संस्थान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कर्मचारी ने महिला से की गाली-गलौज

**शिमला।** शिमला में एक महिला को सरकारी कर्मचारी द्वारा गाली गलोच व धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत बबीता ठाकुर निवासी लोअर पंथाघाटी डाकघर बिओलिया स्वास्तिक कुंज जिला शिमला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 5:10 बजे वह अपनी सहेली रुखसाना उर्फ जारा के साथ पोस्ट ऑफिस के पास छोटा शिमला में अपने कार्यालय से निकलकर अपने बच्चे के लिए कपड़े खरीदने बाजार जा रही थी। पुलिस विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि अब मैं कोर्ट से फ्री हो गया हूं, अब मैं तुम सबको देख लूंगा। यह सुनकर वह डर गई। उक्त कर्मचारी ने कई बार उसे धमकाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी करवाई शुरू कर दी है।

## सरकारी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का एचपीटीयू परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**








सरकारी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू) द्वारा आयोजित जून 2024 की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। उनकी मेहनत, समर्पण और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं में शीर्ष रैंक दिलाई हैं।

कॉलेज के छात्रों की यह शानदार सफलता कई शाखाओं में फैली हुई है। विद्युत इंजीनियरिंग के आठवें सेमेस्टर की छात्रा इंदु ठाकुर ने 8.57 के प्रभावशाली सीजीपीए के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह, सिविल इंजीनियरिंग की आठवीं सेमेस्टर की छात्रा प्रतिभा ठाकुर ने 8.63 के सीजीपीए के साथ आठवां स्थान हासिल किया, जो उनकी दृढ़ निष्ठा और शैक्षिक सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। सिविल इंजीनियरिंग की छठी सेमेस्टर की छात्रा ज्योति ने 8.53 के सीजीपीए के साथ पहले स्थान पर कब्जा किया, जबकि विद्युत इंजीनियरिंग की छात्रा विशालि ने 8.78 के सीजीपीए के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इनकी उपलब्धियां उनकी मेहनत और कॉलेज द्वारा बनाए गए उच्च शैक्षिक मानकों का परिणाम हैं। साथ ही, चौथे सेमेस्टर के छात्रों की सफलता भी विशेष रही है, जिसमें विद्युत इंजीनियरिंग के छात्र अभिजीत ने 9.15 के असाधारण सीजीपीए के साथ पहले स्थान पर कब्जा किया और सिविल इंजीनियरिंग के छात्र सूर्यांश ने 8.72 के सीजीपीए के साथ दूसरे स्थान पर स्थान बनाया। इन उपलब्धियों से यह साबित होता है कि कॉलेज अपने छात्रों की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत शैक्षिक वातावरण प्रदान करता है। कॉलेज के निदेशक डॉ. हिमांशु मोंगा ने छात्रों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी और उनके प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकारी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर छात्रों को एक व्यापक शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो उन्हें अपने क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मूल्य प्रदान करता है।

### खैर कटान को लेकर स्थानीय व बाहरी ठेकेदारों के बीच विवाद

**बिलासपुर।** वन रेंज कलोल के तहत आने वाले बच्छरेटू में ब्लॉक में खैर के कटान को लेकर स्थानीय व बाहरी ठेकेदारों के बीच चल रहा विवाद प्रशासन के द्वार पहुंच गया है। दूसरे जिलों से संबंधित खैर के ठेकेदारों ने किसान समिति बच्छरेटू के प्रधान कपिल शर्मा की अगुवाई में एसीएफ बिलासपुर अरुण कुमार और अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन में बीर सिंह, पूर्ण चंद, श्रवण सिंह ने कहा है कि वे वन विभाग के पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा खैर के पेड़ों की खरीद-फरोख्त करने के लिए अधिकृत हैं। मौजूदा समय कलोल के तहत आने वाले वन ब्लॉक बच्छरेटू में मौजूदा समय सरकार की नीति के तहत खैरों का कटान खुला हुआ है और उन्होंने इस क्षेत्र में खैर खरीदने के लिए खैर उत्पादक किसानों से सहमति पत्र लिए हैं और इसके लिए पेशगी के तौर पर करीब 3 करोड़ रुपए की राशि किसानों को वितरित कर दी है। आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय ठेकेदारों ने एक कमेटी गठित कर रखी है। संबंधित कमेटी न तो उनके द्वारा किसानों से लिए गए सहमति पत्र के आधार पर कथित तौर निशानदेही करवाने दे रहे हैं और न ही विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को पेड़ों को मार्क करने दे रहे हैं। जिससे उन्हें भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उधर, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि इस सारे मामले की छानबीन करने के झंडूता के एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।

## बिलासपुर को पर्यटन हब बनाने के लिए विभाग देगा हरसंभव सहायता : देवेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के तहत, प्रधान सचिव देवेश कुमार ने वीरवार को बिलासपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले में पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने औहर में 33.75 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे नए पर्यटन परिसर के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को समय पर पूरा करें और निर्माण में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह पर्यटन परिसर पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें होटल ब्लॉक, फूड कोर्ट और मनोरंजन क्षेत्र शामिल हैं। यह नया पर्यटन परिसर गोबिंद सागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी।

औहर का निरीक्षण करने के बाद देवेश ने मंडी भराड़ी क्षेत्र में भी वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का निरीक्षण किया उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विभाग इस क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए हर प्रकार की सहायता प्रदान करेगा, ताकि बिलासपुर को वॉटर स्पोर्ट्स और अन्य पर्यटन गतिविधियों के लिए एक आदर्श स्थल बनाया जा सके।

## गोबिंदसागर में महाशीर मछली के बीजों का संचय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि मत्स्य विभाग ने गोबिंदसागर झील में मछली प्रजातियों की विविधता बनाए रखने और पर्यटन फिशिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15,000 से अधिक महाशीर मछली के बीज झील में डाले हैं। उन्होंने कहा कि गोबिंद सागर झील में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत मत्स्य विभाग को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महाशीर मछली की बढ़ती संख्या से गोबिंदसागर झील में मछली प्रजातियों की विविधता में सुधार होगा, और इस विशेष मछली के शिकार को स्पोर्ट्स फिशिंग के शौकिनों के लिए आकर्षक बना दिया जाएगा। महाशीर मछली न केवल अपनी स्वादिष्टता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह स्पोर्ट्स फिशिंग में भी अत्यधिक लोकप्रिय है,

महाशीर मछली की बाजार में भी अधिक मांग है, जिससे यह कदम और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। इसकी मांग न केवल स्थानीय बाजारों में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ रही है। बुधवार देर शाम को, संयुक्त निदेशक पवन कुमार और सहायक निदेशक पंकज ठाकुर की उपस्थिति में महाशीर मछली के बीज गोबिंदसागर झील में डाले गए।

### विद्यार्थियों को यातायात के बारे किया जागरूक

**बिलासपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल बिलासपुर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ राजेश कौशल ने इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में स्कूली बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि अपने परिवार और समाज में भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सकती है।

**सख्ती** घुमारवीं में स्कूल बसों में ओवरलोडिंग करने पर हुई कार्रवाई

## चार निजी स्कूल बसों के काटे चालान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



निजी स्कूल बसों की चैकिंग और नियमों की अवेहलना करने पर कार्रवाई का विशेष अभियान बिलासपुर पुलिस द्वारा शुरू किया गया है। ऐसे में घुमारवीं क्षेत्र में पुलिस द्वारा चार निजी स्कूल बसों के चालान किए जा चुके हैं और कुछ छोटे निजी स्कूल वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। यह वाहन चालक ओवरलोडिंग सहित सुरक्षा के मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे।

ऐसे में घुमारवीं डीएसपी चंद्रपाल की अगुवाई में गठित टीम द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं। इसी के साथ घुमारवीं पुलिस की टीम ने निजी बसों के भी चालान किए हैं, क्योंकि घुमारवीं बस अड्डे से लेकर दकड़ी चैक तक यह निजी बस परिचालकों द्वारा बसों का दरवाजा खोल कर रखा जा रहा है। जिसके चलते यहां पर कभी भी हादसा हो सकता है। ऐसे में घुमारवीं पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते वाहन चालकों में हड़कंप मच गया हैं।

पुलिस के अनुसार स्कूली बच्चों को लाने तथा ले जाने वाली स्कूली तथा निजी वाहन चालक अक्सर वाहनों में ओवरलोडिंग कर बच्चों को ले जाते हैं। जिससे बड़े हादसों का अंदेशा बना रहता है। इसलिए पुलिस ने ऐसे लोगों पर शिकंजा कसते हुए इस विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़कों पर होने वाले हादसों को रोकना है। इसके साथ ही सभी निजी स्कूल बस चालकों को हिदायत जारी की गई है कि यातायात नियमों की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बताते चलें कि शहर में टैक्सी हो या फिर निजी स्कूल बसे ओवरलोडिंग में कोई भी पीछे नहीं है। हजारों रुपए गाड़ियों के देने वाले अभिभावकों के बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक नहीं है और इसका फायदा अक्सर वाहन चालक को उठाते हैं। जिसके मध्य नजर पुलिस प्रशासन द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई है।

उधर, घुमारवीं डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि अभी तक चार निजी स्कूल बसों के चालान किए जा चुके हैं। साथ ही प्राइवेट बसों के भी चालान किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली से जुड़ी हैं चाचा नेहरू की खास यादें

कमलेश वर्मा, मनाली

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली देश के दो प्रधानमंत्रियों पं.जवाहर लाल नेहरू व अटल बिहारी वाजपेयी के आगमन के चलते देश-विदेश में चर्चा का केंद्र बिंदू रही है। एक तरफ जहां मनाली के प्रीणी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना आशियाना बनाया हुआ है वहीं, दूसरी तरफ देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू का भी मनाली से खासा लगाव रहा है।



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी मनाली में। (फाइल फोटो)

नेहरू जब पहली बार मनाली आए थे तो उस समय उनके द्वारा प्रयोग की गई चीजों को आज भी धरोहर की तरह मनाली में संभालकर रखा गया है। जब देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू पहली बार मनाली आए थे तो वह इसी भवन में ठहरे थे और उस वक्त उन्होंने जो सामान यहां पर प्रयोग किया था, उसे सहेज कर जंगली साहब की कोठी में सहेज कर रख दिया गया था जो आज भी यहां पर सुरक्षित है। इसके अलावा

**अनंत ज्ञान बाल दिवस विशेष**

नेहरू का मनाली की वादियों से खासा लगाव रहा है। विश्व धरोहर गांव नग्गर में भी नेहरू का आना-जाना रहता था वहीं,नग्गर स्थित आर्ट गैलरी में भी चाचा नेहरू अक्सर घूमने जाते थे।

मनाली के कोठी स्थित जंगली साहब की कोठी, जिसे अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था, के नाम से प्रसिद्ध इस भवन के स्वरूप में हल्का परिवर्तन किया गया है, लेकिन भवन के मूल ढांचे से छेड़छाड़ करने में पूरी तरह से सावधनी बरती गई है। परिधि गृह को समय के अनुसार आधुनिक बनाने की मुहिम में भवन के पुराने कुछ कमरों और बरामदों को उखाड़कर डायनिंग हॉल व बाथरूम का निर्माण किया गया है। अंग्रेज अधिकारी ने इस रेस्ट हाउस का निर्माण उस दौर में मनाली के मध्य में ऐसे स्थान पर किया था,जहां से कुल्लू की तरफ पूरी पर्वत श्रृंखलाओं का खूबसूरत नजारा दिखता है।

अब यह नजारा भी बहुमंजिला निर्माणों के चलते छिपने लगा है। सरकार ने इस भवन के आसपास बहुमंजिला भवनों के बजाय हट्स या एक मंजिल मकान बनाने का नियम रखा था, लेकिन समय के साथ इन नियमों की परवाह करने वाले भी कम ही रह गए हैं। (अनंत ज्ञान)




## एक महीने के लिए मनाली आए थे स्व. नेहरू

नेहरू से जुड़ी यादों के बारे में बुजुर्ग बताते हैं कि जब वे छोटे थे उस समय नेहरू जी लाहौल-स्पीति जाते थे, तो उस समय वे कोठी स्थित जंगली साहब की कोठी में ठहरते थे और वहां से घोड़ों पर सवार होकर लाहौल की तरफ निकलते थे।

1958 में नेहरू लगभग एक महीने के लिए मनाली आए थे। उनके आगमन से पूर्व मनाली में शौचालय में आधुनिक शीट नहीं होते थे। प्रधानमंत्री की व्यवस्था के लिए फर्नीचर व शीट लगवाने के लिए अमृतसर से अधीक्षण अभियंता बसंत सिंह विशेष रूप से मनाली आए थे।

चाचा नेहरू 1959 में भी मनाली आए थे। नेहरू के साथ उस दौर में उपायुक्त कांगड़ा एन खोसला ही घूमा करते थे। सुरक्षा कर्मियों को वह हमेशा अपने से दूर रहने की हिदायत देते थे, ताकि खोसला के साथ खुलकर मनाली घुमने का आनंद ले सकें। सुरक्षा कर्मियों को गुपचुप जंगलों से होकर सुरक्षा का घेरा बनाना पड़ता था।

## नेहरू ने कहा था-मनाली में साकार मूक वास्तविकता का होता है अनुभव

उस समय मनाली के बारे में नेहरू ने दिल्ली में एक साक्षात्कार में कहा था कि 'मनाली में साकार मूक वास्तविकता का अनुभव होता है। अंग्रेजों की विरासत इस भवन को आधुनिकता का रंग चढ़ाया जा चुका है। नेहरू का मानना था कि प्रकृति की एकांतस्थली में किसी भी योजना को फलीभूत साकार किया जा सकता है और यहां आत्मिक शांति का आभास होता है। तभी तो अंतरराष्ट्रीय कला प्रेमी रौरिक ने इस स्थल को अपनी कला साधना के लिए चुना।

## कुल्लू-मनाली में तैयार हुआ था 'पंचशील' समझौता

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कुल्लू-मनाली में भारत-चीन के बीच हुए समझौते की नींव रखी थी, जिसे पंचशील के नाम से जाना जाता है। यहां की शांत वादियों से ही पंचशील का ताना-बाना बुना गया था। इसके अलावा नेहरू की आत्मकथा पर आधारित पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है। पुस्तक के पृष्ठ 364 पर उन्होंने इस बात का जिक्र किया है कि वह उस समय क्रिप्स मिशन की विफलता से परेशान और मायूस थे। ऐसे में उन्होंने नग्गर की शांत वादियों को कर्मक्षेत्र के लिए चुना।

नेहरू ने कहा था-मैं पहाड़ों का दिलदादा हूं। कुल्लू -मनाली में एक खामोश हकीकत का एहसास होता है। यही कारण रहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू अपनी जीवनावस्था में दो बार मनाली आए। पहली मर्तबा वर्ष 1942 तो दूसरी बार 1958 में इस शांत वादी की ओर मुड़े।

## सहेज कर रखा है सामान



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नेहरू के मनाली दौरे के दौरान इस्तेमाल में लाए गए चांदी के टी सेट, चम्मच, मिट्टी के बर्तन व अन्य वस्तुओं को आज भी परिधि गृह में एक अलमारी में सहेज कर रखा गया है। कुल्लू के पूर्व विधायक व मंत्री स्व. लाल चंद प्रार्थी ने अपनी पुस्तक में इस बात का उल्लेख किया है कि जब प्रार्थी ने नेहरू जी को 1953 में कुल्लू आने निमंत्रण दिया तो उन्होंने कहा कि जब आराम की जरूरत महसूस करूंगा, तो मनाली आऊंगा।

# न्यूज ब्रीफ

## पंचतत्व में विलीन हुए शहीद सुरेश कुमार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 18 डोगरा रेजिमेंट के हवलदार सुरेश कुमार ने लेह-लद्दाख में देश की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देकर शहीदी पाई। उनकी पार्थिव देह वीरवार को उनके पैतृक गांव बग्गी तुंगल पहुंची। जहां परिजनों, स्थानीय प्रशासन, सैन्य अधिकारियों एवं अन्य लोगों ने वीर जवान को राजकीय ससम्मान अंतिम विदाई दी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उनकी शहादत पर शोक व्यक्त किया है।

## राज्यपाल-सीएम ने गुरु नानक जयंती पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि गुरु पर्व सिखों का पवित्र त्यौहार है, जिसे सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरु नानक ने लोगों को एकता, समरसता, सौहार्द और सेवाभाव का मार्ग दिखाया है। सीएम सुक्खू ने बधाई संदेश में कहा कि गुरु नानक देव जी ने स्नेह, शांति तथा साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया है। गुरु नानक जी ने विनम्रता और मानवता की सेवा करना सिखाया है।

## पंजाब के युवक से 1.3 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** थाना झंडूता पुलिस ने गश्त के दौरान बैहनाजट्टां के पास एक युवक से 1.3 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। थाना झंडूता पुलिस गश्त कर रही थी। जब पुलिस बैहनाजट्टां के पास पहुंची तो उसे एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में दिखा। पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उससे यह चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान अक्षय कुमार (25) पुत्र शमशेर सिंह निवासी अकल्याण डाकघर मोहरा तहसील बालाचौर जिला नवांशहर-पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी मौजूदा समय सदर थाना के तहत आने वाले तरेड़-चांदपुर में किराए के कमरे में रह रहा है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सीमेंट से भरा ट्रक खाई में लुढ़का, चालक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। इसी कड़ी में वीरवार सुबह करीब चार बजे समलेटू-जब्बल के पास एक सीमेंट से भरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक सीमेंट लेकर बिलासपुर से कीरतपुर की ओर जा रहा था कि समलेटू-जब्बल के पास ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गया। घायल को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर पहुंचाया गया। घायल ट्रक चालक की पहचान विनय कुमार निवासी गांव रजवाहन, तहसील नालागढ़, जिला सोलन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर थाना स्वारघाट पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना में ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले गत दिवस समलेटू के पास एक दिल्ली नंबर का पार्सल वाहन सड़क से नीचे खाई में लुढ़क गया था। इस हादसे में पार्सल वाहन के चालक को चोटें लगी थीं। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना स्वारघाट पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।



## मंत्री जगत नेगी ने किया सड़क का उद्घाटन

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने ग्राम पंचायत ठंगी में 3 करोड़ 61 लाख 66 हजार रुपए की लागत से निर्मित ग्रांम ठंगी संपर्क सड़क का उद्घाटन किया तथा ठंगी गांव के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष से यूनिवर्सल कार्टन लागू कर दिया है तथा इसके माध्यम से लघु एवं सीमांत बागवानों को लाभ मिल रहा है और कीटनाशकों एवं बागवानी उपकरणों पर अनुदान दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण आर्थिकी को बल मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)



## गगरेट पहुंचे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह

**सन्नी पुरी, गगरेट।** कांग्रेस के दिग्गज नेता राज्यसभा सांसद एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वीरवार को विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत बड़ोह में अपनी बहन के घर पहुंचे। यह उनका निजी कार्यक्रम था। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव, मध्य प्रदेश के सह-प्रभारी रहे विधायक राकेश कालिया ने उनसे बड़ोह गांव पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को लेकर व हिमाचल प्रदेश की राजनीति को लेकर भी चर्चा हुई। राज्य कर एवं आबकारी विभाग में उपायुक्त ठाकुर हनुवंत सिंह भी अपने मामा से मिलने विशेष रूप से यहां पहुंचे हुए थे। संक्षिप्त मुलाकात के बाद दिग्विजय सिंह वंदे भारत ट्रेन से दिल्ले लौट गए। (अनंत ज्ञान)

### नशे के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला

# सीमाओं पर होगी वाहनों की चेकिंग

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश में नशे के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए सरकार ने कड़ी कार्रवाई का ऐलान किया है। हिमाचल की सीमाओं पर वाहनों की चेकिंग बढ़ाई जाएगी और नशे के तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मुख्य सचिव सक्सेना ने गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान इस मुद्दे पर गहन चर्चा की। बैठक में नशे की तस्करी को रोकने के लिए प्रदेश की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाने का फैसला लिया गया। इसके तहत पड़ोसी राज्यों से हिमाचल में प्रवेश करने वाले वाहनों की सख्त चेकिंग की जाएगी और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस अब सादी वर्दी में भी नशे के सप्लायरों पर नजर रखेगी, ताकि चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों के नेटवर्क को तोड़ा जा सके।



मुख्य सचिव ने पुलिस अधिकारियों को नशे के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 नवंबर को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सकते हैं, जिसके तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की जाएगी।

**पंचायतों और स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान :** इसके अलावा, हिमाचल सरकार ने पंचायत स्तर पर भी नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत लोगों को नशे के खतरों के बारे में बताया जाएगा और उन्हें नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। स्कूलों में भी छात्रों को नशे के खतरे और इसके रोकथाम के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### अंतरराज्यीय सहयोग

मुख्य सचिव ने पुलिस अधिकारियों को पड़ोसी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों के साथ संपर्क बनाने के निर्देश दिए, ताकि नशे के तस्करों के खिलाफ सामूहिक प्रयास किए जा सकें। उल्लेखनीय है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और आईटीबीपी के प्रतिनिधियों ने भी शिमला में बैठक हुई थी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के अधिकारियों ने इसमें भाग लिया था। इस बैठक में पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, लद्दाख, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनएसजी, आरपीएफ, सीबीआई और एनआईए के पुलिस अधीक्षक से लेकर पुलिस महानिदेशक तक के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें कानून व्यवस्था मजबूत और नशा रोकने को लेकर एकजुट होने पर फैसला लिया गया।

# चरस रखने के आरोपी को सात साल का कठोर कारावास

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

स्पेशल जज सरकाघाट (स्थित जोगिंद्रनगर) डॉ. अबीरा वासू ने सरकार बनाम शाशवत शर्मा प्रकरण में आरोपी शाशवत शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा निवासी गांव अलांग, डाकखाना देवगढ़, तहसील कोटखाई, जिला शिमला को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत 398 ग्राम चरस रखने के जुर्म में 7 वर्ष का कठोर कारावास व 70,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है और जुर्माना न अदा करने की सूरत में 3 महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई है।

उप-जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि 30 सितंबर 2017 को थाना जोगिंद्रनगर की पुलिस वाहनों की जांच की ड्यूटी पर थी। इस दौरान रात करीब 2:30 बजे पठानकोट चौक के पास एक व्यक्ति हर्बल गार्डन की तरफ से पैदल आ रहा था, जिसने पिट्ठू बैग उठा रखा था, जो अचानक पुलिस को देखकर घबरा गया और पीछे मुड़कर तेज कदमों से जाने की कोशिश करने लगा, जिस पर पुलिस को शक हुआ कि कोई संदिग्ध वस्तु उसके पास है। पुलिस



ने उसे पकड़ा। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शाशवत शर्मा व उपरोक्त पता बताया।

रात्रि का समय होने के कारण कोई भी स्वतंत्र गवाह न मिलने की सूरत में साथी पुलिसवालों को ही गवाह बनाया गया और उनकी मौजूदगी में आरोपी शाशवत शर्मा से 398 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जांच करने के बाद चालान अदालत में पेश किया।

इस प्रकरण में अभियोजन पक्ष ने 9 गवाहों के ब्यान न्यायालय में दर्ज करवाए व साक्ष्य पेश किए। गवाहों की टेस्टिमोनी व साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोपी शाशवत शर्मा को उपरोक्त 398 ग्राम चरस रखने के जुर्म में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास व 70,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# 3 तहसीलदार और 6 नायब तहसीलदारों का तबादला

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल की सुक्खू सरकार ने 3 तहसीलदार और 6 नायब तहसीलदार के बदले है। एक अधिकारी को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व ओंकार चंद शर्मा ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं।

सरकार ने नेरवा के तहसीलदार विनोद कुमार का सिरमौर जिला के नौहराधार के लिए ट्रांसफर किया है। मंडी सदर से नरेंद्र कुमार को कुल्लू के सैंज और कुल्लू के बंजार से रमेश कुमार को मंडी के धर्मपुर के लिए ट्रांसफर किया गया है। तहसीलदार फतेहपुर दीपक शर्मा नगल तलवाड़ा रेलवे लाइन में भूमि अधिग्रहण अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे।

नायब तहसीलदार सीमा बाली को सुगम सेंटर डीसी ऑफिस, सुगम सेंटर शिमला से सुशांत ठाकुर को तहसील ऑफिस राजगढ़ और तहसील रक्कड़ से सत्यपाल को तहसील ऑफिस ऊना भेजा गया है। सिरमौर के ददाहू से नायब तहसीलदार मोहन लाल को शिमला के देहा, मंडी के कटौला से धर्मेंद्र शर्मा को एसएनटी सर्किल कुल्लू और मंडलायुक्त कार्यालय शिमला से विश्व नेगी का कोटगढ़ के लिए ट्रांसफर किया गया है।

# जर्मनी में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन ने निवेश का न्योता दिया

अनंत ज्ञान, शिमला

जर्मनी के डसेलडोर्फ शहर में आयोजित मेडिकल एक्सपो मेडिका-2024 में हिमाचल में निवेश के अवसरों को लेकर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान की अगुवाई में गए दल ने बात रखी है। इस एक्सपो में हिमाचल के नालागढ़ में बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क और ऊना के हरोली में बन रहे बल्क ड्रग पार्क में निवेश को लेकर निवेशकों को जानकारी दी गई।

मेडिकल एक्सपो में एक राउंड टेबल मीटिंग भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी आरपी सिंह की उपस्थिति में हुई, जिसमें हिमाचल के दल की अगुवाई उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान ने की। इसमें कई नामी कंपनियों के सामने हिमाचल में निवेश के अवसरों को लेकर उद्योग मंत्री ने जानकारी दी। हर्षवर्धन सिंह चौहान ने कहा कि हेल्थ केयर सेक्टर और मेडिकल टेक्नोलॉजी में अच्छा काम करने के लिए हिमाचल सरकार ने फैसला किया है और वर्तमान में पूरे देश की 35 फीसदी से ज्यादा दवाएं सिर्फ हिमाचल प्रदेश में बन रही हैं। यहां सस्ती बिजली और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण है, जबकि मार्केट के लिए भी एक्सेस उपलब्ध है।



## मेडिकल एक्सपो में 70 देश ले रहे हिस्सा

**राउंड** टेबल सेशन में कई फार्मा कंपनियों ने हिस्सा लिया। इसमें शाहजहां आनंद मेडिकल एचआरएस नेवीगेशन, कोलो जेनेसिस हेल्थ केयर, रिंग नैनो सिस्टम्स, बेसिक हेल्थकेयर, लाइफलाइन बिज़, शगुन केयर्स, इंडियन सर्जिकल इक्विपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, मिडमार्क, कानम लेटेक्स हिंदुस्तान सिरिंज एंड मेडिकल डिवाइसेज लिमिटेड, प्रीकोन मेडिटेक, एक्सलेंस मेडिकल टेक्नोलॉजी और एजीज लाइफ साइंसेज आदि शामिल थी। मेडिकल 2024 दुनिया का सबसे बड़ा मेडिकल एक्सपो है जिसमें 70 देश हिस्सा ले रहे हैं।

**उपलब्धि** देश के 29 राज्यों में 99 वैरायटी के सेब के पौधे लगा चुके हैं हरिमन शर्मा

# घुमारवीं में 46 डिग्री तापमान पर उगा दिए सेब

नीरज शर्मा, घुमारवीं

सेब के फल ठंडे प्रदेशों में ही होते हैं। देश में सेब कश्मीरी और हिमाचली के नाम पर बिकते हैं, लेकिन इस सोच को गलत साबित कर दिखाया है बिलासपुर के किसान हरिमन शर्मा ने।

**मिल चुके हैं 18 राष्ट्रीय, 15 राज्यस्तरीय व सात अन्य अवार्ड**

उन्होंने सेब की एक ऐसी वैराइटी विकसित की कि अब उसके फल हरियाणा, राजस्थान सहित 27 राज्यों में पैदा हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में ही बिलासपुर उन स्थानों में है जहां गर्मी के दिनों में तापमान 46 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच जाता है, लेकिन हरिमन ने केवल बिलासपुर में सेब पैदा करने में सफलता हासिल की बल्कि बीते एक दशक में देश के 29 राज्यों में एचआरएमएन-99 वैराइटी के पौधे लगाए जा चुके हैं।



हरिमन शर्मा की इस उपलब्धि को देखते हुए उन्हें 18 राष्ट्रीय अवार्ड, 15 राज्यस्तरीय अवार्ड व 7 अन्य अवार्ड भी मिल चुके हैं। वहीं इन अवॉर्डों में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा देशभर में द्वितीय किसान सम्मान अवार्ड और तत्कालीन कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह द्वारा कृषक सम्राट अवार्ड शामिल है।

हरिमन शर्मा वर्ष 2000 में बागवानी के क्षेत्र से जुड़े जब आम के पेड़ों पर अत्याधिक कोहरा पड़ने के कारण फसल बर्बाद हो गई तो उन्होंने सेब के पौधे लगाने का एक विकल्प तलाशा। हरिमन शर्मा ने सबसे पहले एक बीज से सेब का पौधा तैयार किया और उसे पलम पर मल्टीप्लाई किया। उन्हें अपने इस आविष्कार को साकार होता देख हरिमन शर्मा ने सेब की ग्राफ्टिंग की, जिसके बाद सेब का फल लगना शुरू हो गया। सात सालों की कड़ी मेहनत के बाद हरिमन को वर्ष 2007 में पूर्ण सफलता हासिल हुई। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

## ओमान भेजे जाएंगे तीन हजार पौधे

हरिमन शर्मा द्वारा तैयार सेब का पौधा 40 से 45 डिग्री सेल्सियस वाले गर्म इलाकों में सरवाइव कर सकता है और ऊंचे बर्फीले पहाड़ी इलाकों की तर्ज पर ही सेब का फसल दे सकता है। हरिमन शर्मा ने अपनी इस खोज को एचआरएमएन- 99 के नाम से वर्ष 2021 में भारत सरकार की तरफ से दर्जा प्राप्त कर पेटेंट भी करवाया है। हरिमन शर्मा ने कहा कि उनके द्वारा तैयार किया गया एचआरएमएन-99 सेब का 3 हजार पौधा जल्द ओमान जाएगा। हरिमन शर्मा ने कहा कि देश 29 राज्यों में वह सेब के पौधे भेजतें है और इससे उनकी सलाना 30 से 40 लाख रुपए की आय होती है। उन्होंने युवा पीढ़ी से भी सरकारी व प्राइवेट नौकरी के पीछे भागने के बजाए कृषि व बागवानी के क्षेत्र को अपना कर स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की नसीहत दी है।

## सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

**शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, डॉ. राजीव सहजल, प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रवक्ता चेतन ब्राक्टा और कोषाध्यक कमल सूद उपस्थित रहे। इस दौरान राजीव भारद्वाज ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा सीपीएस को निरस्त करने वाले निर्णय ऐतिहासिक है और इस निर्णय का भाजपा एवं जनता स्वागत करती है। जब से वर्तमान सुख की सरकार ने प्रदेश में सीपीएस नियुक्त किए थे, तब से भाजपा के सभी नेता इस निर्णय का निरंतर विरोध कर रहे थे, इस नियुक्ति से केवल प्रदेश पर आर्थिक बोझ पड़ रहा था।

कोर्ट ने यह निर्णय लेकर जनता को और प्रदेश को राहत पहुंचने का काम किया है। राजीव ने कहा कि अभी तक जो भी पैसा सीपीएस की नियुक्तियों के बाद खर्च हुआ है उस पैसे को सरकारी खजाने में वापसी डालना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### राजपूत कल्याण सभा का चुनाव अब एक दिसंबर को

**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश राजपूत कल्याण सभा की धीरा उपमंडल इकाई की बैठक का आयोजन अध्यक्ष कंवर भान राणा की अध्यक्षता में धीरा के कालीनाथ महादेव मंदिर में किया गया, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और सभा की धीरा इकाई के 24 नवंबर को प्रस्तावित चुनाव तिथि को बदल कर एक दिसंबर को करवाने का भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में महासचिव ध्यान सिंह पटियाल, मुख्य सलाहकार किशोरी लाल मेहता, गुरजीत राणा, राजेश मेहता, सविता भटेड़िया, दलीप सिंह, केपीआर चौहान व हरीश सिंह आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय मजदूर संघ का जन जागरण अभियान दिसंबर में



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों की बैठक वीरवार को रेस्ट हाऊस फतेहपुर में प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूरे होने पर एक-दूसरे को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने कहा कि आगामी एक दिसंबर से 30 दिसंबर तक भारतीय मजदूर संघ द्वारा जन जागरण अभियान शुरू किया जा रहा है, जिस दौरान करीब अढ़ाई लाख परिवारों से मिलकर उन्हें भारतीय मजदूर संघ की नीतियों से अवगत करवाया जाएगा। इस मौके पर पुरुषोत्तम शर्मा, कृष्ण गोपाल, शोभा धीमान, किरण बाला, सरदार जीवन सिंह, विनोद सिंह, केवल सिंह, राकेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शौर्य ने फेंसिंग चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**अनिल छांगू, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के कक्षा 11वीं के छात्र शौर्य पगडोत्रा ने राज्य स्तरीय हिमाचल प्रदेश फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लिया। इस चैंपियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन और हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा किया गया। तृप्ता स्कूल के छात्र शौर्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। शौर्य का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। अब शौर्य अपना बेहतरीन प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगा। विद्यालय पहुंचने पर चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने शौर्य पगडोत्रा का मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस उपलक्ष्य पर शारीरिक अध्यापक संदीप कुमार और रमेश कुमार भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### डीएवी स्कूल तियारा में बाल दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बताया के स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें गुब्बारा रेस, जलेबी रेस, बोरी रेस विद्यार्थियों में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यार्थियों ने अपना दमखम सभी खेलों जैसे कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो में दिखाया। अंतर सदन प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अपना जोश दिखाया। इसके अलावा बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने चाचा नेहरू, भारत माता और गुरु का रूप धारण कर सब को मोहित कर दिया। अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या एकता ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।




# 327 लाख से मिलेगा खडानाल और हरेड पंचायत को पेयजल : किशोरी

## विधायक ने खडानाल और हरेड में सुनीं लोगों की समस्याएं

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत खडानाल और हरेड में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने यहां लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है और वह पंचायतों का प्रवास कर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायतों का प्रवास करने से उन्हें लोगों की जरूरतों और इलाके की समस्याओं के बेहतर तरीके से जानने तथा समझने का अवसर मिलता है। विधायक ने कहा कि दोनों पंचायतों में जो भी कमियां होंगी, इन्हें भी जल्दी पर दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि खडानाल, नागण, मलघोटा में पेयजल में व्यापक सुधार के लिए लगभग 88 लाख की लागत से पेयजल योजना बनकर तैयार की गई है।



किशोरी लाल ने कहा कि जल जीवन मिशन में हरेड, ग्वाल टिक्कर, कंड कंदराल, वलह, घलोट, सुहरु के लिए लगभग 3 करोड़ 27 लाख की लागत से पेयजल योजना निर्माणाधीन है और इस योजना का करीब 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना में करीब 50 किलोमीटर नई पाइप लाइन डाल दी गई है। उन्होंने विभाग को शीघ्र इस योजना को पूर्ण करने के आदेश दिये ताकि लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को जनसमस्याओं को प्राथमिकता पर तथा समयबद्ध हल करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को अपने कार्य के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, इसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकास योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को भी समयबद्ध खर्च करने के आदेश दिए, ताकि लोगों को इनका सही रूप में लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने दोनों पंचायत के लोगों को आश्वस्त किया कि यहां आई मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा।

इस अवसर पर वीरेंद्र जम्वाल, रविंद्र बिट्टू, अतुल कुमार, प्रधान रोहित जंवाल , वार्ड मेंबर लक्ष्मी देवी, कांता देवी, नागो देवी,रीमा देवी, सुरेश कुमार, अमरनाथ वालिया, राजिंद्र वर्मा, रमेश, सपना देवी महिला मंडल प्रधान, पूर्व प्रधान राज कुमार कोड़ा, खंड विकास अधिकारी राकेश पटियाल सहित इलाके के लोग और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# जुनाट बीट में फिर चली खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

वन खंड फतेहपुर के तहत पड़ती जुनाट बीट में एक बार फिर खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल गई है, लेकिन इस बार हरे पेड़ कटे हैं। जिस पर विभाग ने कार्रवाई करते पुलिस में रिपोर्ट दे दी है।

**पुलिस में दर्ज करवाई रिपोर्ट**

इस बारे वीरवार को जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारी ब्रह्म सिंह ने बताया विभाग को जैसे ही उक्त बीट के तहत चंद बह क्षेत्र के समीप खैर के हरे पेड़ कटने की जानकारी मिली विभाग ने तुरंत उक्त स्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए पुलिस में रिपोर्ट दे दी कि चंद बह के समीप तीन हरे खैर के पेड़ कटे हैं। उन्होंने बताया घटना रात के समय हुई है, वहीं सड़क किनारे कटे खैर के पेड़ों की वीडियो भी वीरवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। जिस पर लोग भी तरह-तरह के कॉमेंट करते नजर आए।

# घाटी पुल पर खाई में लुढ़कने से बची एचआरटीसी बस

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



तलवाड़ा से देहरा वाया संसारपुर टैरस जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस घाटी पुल पर सुबह उस समय खाई में लुढ़कने से बच गई जब घाटी पुल पर कार को पास देते वक्त बस का अगला टायर उसी जगह धंस गया जहां पहले भी परिवहन की बस खाई में लुढ़कने से बच गई थी।

जानकारी के अनुसार संसारपुर टैरस डिपो की बस जब घाटी पुल पर पहुंची तो आगे से कार को पास देते वक्त बस का अगला टायर पुल से पहले बनी पुली पर मिट्टी में धंस गया, जिससे बस में सवार लगभग 15 सवारियों की सांसें अटक गईं। वहीं, बस चालक व परिचालक ने सूझ-बूझ से कार्य करते हुए सभी सवारियों को बाहर निकाला व बाद में जेसीबी मशीन की मदद से बस को बाहर निकाला। जिस जगह बस का टायर धंसा वहां करीब 20 फीट गहरी खाई है। यहां पर लगातार दूसरा हादसा होने से बचा। इस दौरान लगभग दो घंटे जाम लगा रहा व सिर्फ छोटी गाड़ियां व दोपहिया वाहन ही वहां से गुजर सके। वहीं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग डाडासीबा नितेश कौंडल ने कहा कि इस जगह का निरीक्षण कर जो भी कार्य उचित होगा किया जाएगा।

## साई निवास दैहण में श्रीमद् भागवत कथा 2 से

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दैहण के साथ लगते साई निवास में 2 से 8 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। साई सेवा संगठन के आयोजक रोशन रैना ने प्रेस बयान में बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कथावाचक गुरुदेव अनिल डोहरु श्रीमद् भागवत कथा का गुणगान करेंगे। इस दौरान कथा श्रवण करने का समय प्रतिदिन दोपहर एक से सायं 4 बजे तक होगा। उन्होंने कहा कि 2 दिसंबर को सुबह 10 बजे कलशयात्रा भी निकाली जाएगी। कथा के अंतिम दिन यानी 8 दिसंबर को सुबह हवन-यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद पूर्णाहुति दी जाएगी। कीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। इस दिन दोपहर को भंडारे का आयोजन भी होगा।

## मधुमेह आज के समय की विकट समस्या : डॉ . दिलावर

**अनंत ज्ञान, चढियार**




वीरवार को विश्व मधुमेह दिवस डॉ. दिलावर सिंह दियोल खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल की अध्यक्षता में सीएचसी चढियार में मनाया गया। इस मौके पर बीएमओ ने कहा कि मधुमेह आज के समय की विकट समस्या है जिसने पूरी दुनिया में अपना विकराल रूप धारण कर लिया है और भारत इसकी राजधानी बन गया है। मधुमेह आहार से संबंधित रोग है जिसमें रक्त में इंसुलिन हार्मोन की कमी हो जाती है।

इस बीमारी के कारण है मोटापा, आरामदायक जीवनशैली, कुपोषण, शराब की अधिकता, धुम्रपान, तनावपूर्ण जीवनशैली, आनुवांशिकता, अनियमित आहार इनमें मधुमेह का खतरा बना रहता है और इस बीमारी के लक्षण है बार बार पेशाब आना, भूख ज्यादा लगना, पसीना आना, बजन कम होना, कमजोरी, थकान तथा रक्त व मूत्र में ग्लूकोज की मात्रा ज्यादा बढ़ जाना है। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने कहा कि अगर मधुमेह का ईलाज समय पर न किया तो इससे अंधापन, उच्च रक्तचाप, दिल का दौरा, गुर्दे फेल होना आदि खतरनाक स्थितियां पैदा हो सकती हैं। मधुमेह होने पर समय पर दवाइयां खाएं, डॉ. से संपर्क बनाए रखें। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि सियाल ने कहा कि आहार में सब्जियां व फल प्रयोग करें, ज्यादा मीठा खाने से बचें, पर्याप्त मात्रा में प्रोटीनयुक्त पदार्थों का सेवन करें डिब्बा बंद पदार्थों, शीतल पेय का इस्तेमाल न करें धुम्रपान व शराब से बचें। 40 वर्ष की उम्र प्रत्येक जीवन दिवस पर ब्लड शुगर की जांच करवाएं।




# गुलाबी होंठों के लिए होम मेड लिप बाम

*शर्दियां शुरू होने वाली हैं, ऐसे में मौसम में बदलाब, वातावरण में नमी की कमी से होंठों का फटना आम बात होती है, क्योंकि होंठों की स्किन बाकी शरीर की स्किन से ज्यादा मुलायम और कोमल होती है और इसीलिए इस पर मौसम का असर जल्दी पड़ता है। सर्दियों में खासकर होंठों के कटने, फटने, शुष्क होने और खुरदुरे नजर आने की दिक्कत बढ़ जाती है इसलिए होठों को मुलायम और सूखने से बचाने के लिए उनकी अच्छे से केयर करना बहुत जरूरी है। होठों को गुलाबी और मुलायम रखने के लिए एक अच्छे लिप बाम का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। होठों के केयर के लिए वैसे तो कई सारे लिप बाम पेट्रोलियम जेली मौजूद है, लेकिन बाजार में मिलने वाले यह लिप बाम को बनाने में कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है जो होंठों को ठीक करने के बजाय नुकसान पहुंचा सकते हैं कई बार होंठ काले भी पड़ने लगते हैं ऐसे में अगर आप घर पर ही नेचुरल तरीके से लिप बाम तैयार करें तो कहीं बेहतर परिणाम मिलेंगे।*





- लिप बाम घर पर बनाने के लिए 8 से 10 पीस गुलाब की पंखुड़ियां दो पीस विटामिन-ई कैप्सूल, एक चम्मच कच्चा दूध और दो चम्मच एलोवेरा जेल लें। लिप बाम बनाने के लिए सबसे पहले गुलाब की पंखुड़ियों को धोकर मिक्सर ग्राइंडर में पीस लें। पंखुड़ियों की पेस्ट को कांच की कटोरी में निकाल लें, अब इस पेस्ट में थोड़ा-सा कच्चा दूध, विटामिन-ई कैप्सूल का जेल और एलोवेरा जेल को मिला दें। इन सभी चीजों का मिश्रण अच्छे से स्मूद बनाकर पेस्ट को एक कंटेनर में डालें, आपका लिपबाम तैयार हो गया ह। इसे एयरटाइट कंटेनर में बंद करके फ्रीज में स्टोर करें। फ्रिज में स्टोर करने के अगले दिन आप लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- घर में लिप बाम बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां, एक चम्मच शहद, एक चम्मच बैसलीन और एक1 चम्मच नारियल तेल लें। गुलाब की पंखुड़ियों को धोने के बाद एक बर्तन में डालकर एक कप पानी में पका लें और जब-जब अच्छी तरह पक जाए तो छानकर एक कटोरी में निकल लें। अब गुलाब बाले पानी में एक चमच्च शहद, एक चमच्च बैसलीन और एक चम्मच नारियल तेल मिला लें। जब यह स्मूद हो जाए तो तो इसे एक कंटेनर में डाल कर फ्रीज में रख लें। इसे आप 5-7 घंटे बाद इस्तेमाल कर सकते हैं।



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

- घर में लिप बाम बनाने के लिए एक चम्मच शिया बटर, एक चम्मच कोकोआ बटर, एक चम्मच नारियल तेल, आधा चम्मच शहद, कुछ बूंदे विटामिन-ई तेल और गुलाब जल लीजिए। अब छोटे कांच के कटोरे में शिया बटर, कोकोआ बटर और नारियल तेल को डालें। अब इन सामग्रियों को एक छोटे बर्तन में डालकर धीमी आंच पर पिघलने के लिए रखें। आप इन्हें माइक्रोवेव में भी पिघला सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि इनको ज्यादा गर्म न करें। जब सारी सामग्री पिघल जाए तो मिश्रण को थोड़ी देर के लिए ठंडा होने दें। फिर इसमें शहद और विटामिन-ई तेल डालकर अच्छे से मिला लें। आपका लिप बाम तैयार हो गया है। इसे किसी एयर टाइट कंटेनर में डाल कर फ्रीज में रख दें और अच्छी तरह सेट होने के बाद इस्तेमाल कर लें।
- कुछ ही दिनों में सर्दियां आने वाली हैं और ऐसे में घी का लिप बाम सोने पर सुहागे का काम करेगा। इसके लिए एक बर्तन में तीन चम्मच घी डालकर गैस पर धीमी आंच पर रख दें और जब घी पूरी तरह से पिघल जाए तो इसमें एक चम्मच शहद और डेढ़ चम्मच नारियल तेल मिला दें। जब यह तरल फॉर्म में आ जाए तो इस मिश्रण को एक जार में डाल कर ठंडा होने दे। ठंडा होने के बाद इसे एक कंटेनर में डाल कर फ्रीज में रख लें और दूसरे दिन इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दें।

# सर्दी के मौसम में त्वचा हो जाती है ड्राई तो भूलकर भी न करें ये 3 काम



*त्वचा का ख्याल रखने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। ऐसे में हमें मौसम का भी खासतौर से ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। बदलते मौसम में अब गर्मी के बाद सर्दी शुरू हो चुकी है। सर्दी के मौसम में अक्सर त्वचा में ड्राईनेस बढ़ जाती है और स्किन रुखी होने लगती है। ड्राई स्किन है तो कुछ बातों का खासतौर से हमें ख्याल भी रखना जरूरी होता है ताकि आपकी त्वचा को किसी भी तरह का नुकसान न होने पाए। साथ ही, बताएंगे त्वचा का ख्याल रखने के आसान तरीके :-*

### किस तरह के पानी से चेहरे को धोना चाहिए?

**चेहरे** को साफ करने के लिए साफ पानी का इस्तेमाल करना चाहिए, लेकिन सर्दी के मौसम में अक्सर हम नहाने से लेकर मुंह धोने के लिए हम गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि गर्म पानी त्वचा को और भी ज्यादा ड्राई कर सकता है। त्वचा का ख्याल रखने के लिए आप नार्मल पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। यह त्वचा को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

### किस तरह के स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट्स को चुनें?

**आजकल** मार्केट में कई तरह के केमिकल से भरे प्रोडक्ट्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन त्वचा का ख्याल रखने के लिए नेचुरल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। नेचुरल में आपको काफी ब्रांड्स के अलावा घरेलू चीजें भी देखने को मिल जाएंगी। इसके लिए आप गुलाब जल, बेसन, मुल्तानी मिट्टी, चन्दन पाउडर जैसी कई चीजें मिल जाएंगी।

### आखिर हफ्ते में कितनी बार चेहरे पर स्क्रबिंग करें?

**सर्दी** के मौसम में पहले ही त्वचा ड्राई होती है और ऐसे में त्वचा का ख्याल रखने और पोर्स को साफ करने के लिए हम अक्सर फेस पर स्क्रब करते हैं, लेकिन बार-बार सर्दी के मौसम में चेहरे पर स्क्रब का इस्तेमाल करने से त्वचा और भी ज्यादा ड्राई हो सकती है। इसलिए कोशिश करें कि कम से कम ही फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें और फेस मास्क को अपनी स्किन केयर रूटीन में शामिल करें।

# बालों के लिए फायदेमंद है जिरेनियम ऑयल

**बालों** की समस्या बहुत ही आम हो गई है। हर कोई बालों के लगातार झड़ने और इसके रूखेपन से परेशान हैं। इससे बचने के लिए अब तो मार्केट में भी कई तरह के हेयर प्रोडक्ट्स आने लगे हैं, जिनका इस्तेमाल बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर, इससे कई बार बाल और रूखे और बेजान हो जाते हैं। इसलिए कई लोग बालों का रूखापन दूर करने के लिए ढेर सारा तेल लगाते हैं। तेल न सिर्फ बालों को पोषण देने का काम करता है, बल्कि अच्छी ग्रोथ के लिए मददगार साबित हो सकता है। इसलिए आप भी रोजाना तेल लगाएं और अपने बालों को देखभाल करें। इससे यकीनन काफी फर्क पड़ेगा, लेकिन तेल का सही चुनाव करें। आप एक बार जिरेनियम तेल का इस्तेमाल करके देखें, यकीनन इससे आपको काफी फायदा होगा। इसका इस्तेमाल वैसे तो कई तरह से कर सकते हैं, लेकिन जिरेनियम ऑयल को लगाने के लिए इन इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करें। आप जिरेनियम ऑयल में नारियल तेल की दो चम्मच के साथ थोड़ा मिलाएं। इसके बाद इसे अपने बालों पर लगाते हुए मसाज करें। इस मसाज को आप नहाने से करीब एक या दो घंटे पहले कर सकते हैं।इसके बाद आप बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। इसे कुछ दिनों तक अपनाएं, यकीनन आपको फायदा होगा।





**जिरेनियम ऑयल लगाने के फायदे**

- जिरेनियम ऑयल के एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण स्कैल्प की जलन को कम करते हैं। अगर आप इस समस्या से परेशान हैं, तो इससे यकीनन आपको फायदा होगा।
- जिरेनियम ऑयल स्कैल्प के सीबम को नियंत्रित करता है। इससे स्कैल्प तैलीय और चिपचिपी नहीं होती है।
- रोजाना इस्तेमाल करने से स्कैल्प पर मुंहासे, दाने और फोड़ हो सकते हैं। साथ ही, इससे बालों की जड़ें कमजोर हो सकती है।
- जिरेनियम ऑयल स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। इससे हेयर ग्रोथ बेहतर होती है और बालों का रूखापन भी दूर हो जाता है।

### इस्तेमाल करने के तरीके

- एक बाउल में हेयर मास्क लें और फिर इसमें कुछ बूंदे जिरेनियम ऑयल मिलाएं। इसे स्कैल्प और बालों में लगाकर 30-40 मिनट रखें।
- इसके अलावा, शैंपू में 2-3 बूंद जिरेनियम ऑयल मिलाकर बालों में लगाएं। यह बालों की सफाई के साथ-साथ उन्हें मॉइस्चराइज भी करेगा।
- जिरेनियम ऑयल को नारियल, बादाम या जोजोबा ऑयल के साथ मिलाकर स्कैल्प और बालों में लगाया जा सकता है।
- कुछ बूंदे जिरेनियम ऑयल को गर्म नारियल या जैतून के तेल में मिलाकर स्कैल्प पर मसाज करें। इससे बालों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हाड़ा में रेस्टोरेंट से अवैध देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर की टीम ने वीरवार को थाना प्रभारी पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर हाड़ा स्थित एक रेस्टोरेंट से एक पेटी देसी शराब बरामद कर मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया पुलिस ने उक्त रेस्टोरेंट के संचालक को जमानत पर रिहा कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नर्सरी का मिताश प्रथम



**अनंत ज्ञान, गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में आज फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंजना ने बताया कि इस फैंसी ड्रेस में एलकेजी से यूकेजी तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी के मिताश प्रथम, अनुष्का कश्यप द्वितीय स्थान एलकेजी-ए में रियांश से प्रथम स्मायर द्वितीय स्थान पर रहा वही एलकेजी-बी में जानवी प्रथम, विहान दूसरे स्थान पर रहा।

### गज खड्ड पुल के लिए केंद्र सरकार ने दिया बजट : गुलेरिया

**अनंत ज्ञान, जवाली।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा गज खड्ड पुल के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बजट का प्रावधान करवाने को लेकर दिए गए बयान पर जवाली भाजपा ने उन्हें आड़े हाथों लिया है। भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने कहा कि गज खड्ड पुल के लिए प्रदेश सरकार ने नहीं अपितु केंद्र सरकार द्वारा बजट दिया गया है, लेकिन इस कार्य का श्रेय कांग्रेस लेना चाह रही है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री व मंत्री चंद्र कुमार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इसका भूमि पूजन जल्द ही सांसद द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सिद्धाथा नहर के स्लैब रूपी पुल से वाहनों के गुजरने पर भी प्रशासन व जल शक्ति विभाग को जमकर कोसा। इस मौके पर मंडलाध्यक्ष धीरज अत्री, महामंत्री डॉ. राजिंद्र सिंह, एचएस मस्ताना इत्यादि मौजूद रहे।



### डीआर स्कूल में पं. जवाहरलाल नेहरू को किया याद



**सालबिया शर्मा, गरली।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में 14 नवंबर को बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा व अन्य शिक्षकों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि दी व बच्चों को इस दिवस की महत्ता बताते हुए बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने और देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जो आपके अंदर के अज्ञान को समाप्त कर सकता है। बच्चों ने इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न परिधानों मे सजे मासूम बच्चों ने देश भक्ति, पंजाबी, पहाड़ी व हिंदी गानों पर खूब धमाल मचाई और बाल-व्यापारी बनकर चीजें बेचीं। विद्यालय में इस दौरान खेलों का आयोजन भी करवा गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और हमेशा खुश रहने को कहा व जीवन को भरपूर आनंद से जीने का आह्वान किया व मिठाइयां वितरित कीं। (अनंत ज्ञान)

### कोटला स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का समापन वीरवार को स्थानीय पाठशाला प्रधानाचार्य बबीता सहोत्रा के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, सभ्यता व नैतिक मूल्यों को जब तक ग्रहण नहीं किया जाता हम एक अच्छे नागरिक और सभ्य समाज का हिस्सा नहीं हो सकते। अतः हमें शिक्षा के साथ-साथ जिंदगी की मूलभूत सिद्धांतों को अपने जीवन और दिनचर्या में शामिल करना भी सफलता की पूंजी है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तृत जानकारी स्वयंसेवियों को दी। जिला उप समन्वयक नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस सात दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां स्वयंसेवियों के द्वारा करवाई गई। जिसमें प्रभात फेरी, योग, परेड, सफाई अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि आयोजित किए गए। इस शिविर को सफल बनाने के लिए लगभग 62 छात्र व छात्राओं ने पाठशाला में दिन-रात कार्य किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुमारी की विशेष भूमिका इस शिविर के दौरान रही। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने रीति रिवाजों, संस्कारों से लेकर भारत की संस्कृति के अनुरूप समाज की सेवा व राष्ट्र भक्ति में अग्रणी रहना चाहिए। इस मौके पर पाठशाला का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### 3 दिसंबर को दिव्यांग दिवस मनाने पर किया विचार

**अनंत ज्ञान, ज्वालाजी।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति, सरकाघाट की विशेष बैठक, समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में गीता भवन, ज्वालाजी में संपन्न हुई। इस बैठक में दिवांगजनों की समस्यायों को सुना गया तथा कार्यकारणी के विस्तार पर चर्चा तथा 3 दिसंबर को प्रदेश स्तर पर 'दिव्यांग दिवस' को मनाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने दिल्ली सरकार का दिव्यांगों की पेंशन को 5000 रुपए तक बढ़ाने के लिए धन्यवाद किया तथा हिमाचल सरकार से दिव्यांगों की पेंशन को 5000 तक बढ़ाने का फिर से आग्रह किया तथा दिव्यांगों के लिए बनी अन्य संस्थाओं से दिव्यांगों तथा उनके परिजनों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का अनुरोध किया। प्रदेश कार्यकारणी की अगली बैठक सर्वसहमति से किसी और ज़िले में आयोजित की जाएगी, जिसकी सूचना समय रहते दे दो जाएगी। इस मौके पर संगठन मंत्री राजकुमार राणा, उपाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष बालम राम, रोशन लाल, मुंगी लाल, मेहर सिंह, सीता राम, बेली राम, राजेश कुमार व रजनीश दत्त शर्मा इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया।



### जनजातीय गौरव दिवस पर होगा गोरपीठ में कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को बैजनाथ उपमंडल के राजकीय मिडल स्कूल गोरपीठ में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि इसमें सरकार के माध्यम से जनजातीय वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। इसके साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं के साथ भी जोड़ा जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभांवित हो सकें। इस कार्यक्रम में आधार कार्ड, जनधन खाते, कम्यूनिटी प्रमाण पत्र, एफआरए मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, पोषण योजनाओं के बारे में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत गतिविधियों में जन जागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान 15 से 26 नवंबर तक जिला की विभिन्न पंचायतों में चिह्नित 16 ग्रामों में आयोजित किया जाएगा।

# ज्वालाजी में दुकानों की चेकिंग कर जब्त किए 22 सिलेंडर

## विभाग ने घरेलू सिलेंडरों के कमर्शियल इस्तेमाल करने पर की कारवाई

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



जिला कांगड़ा के विख्यात धार्मिक स्थल ज्वालाजी में खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने दुकानों की जांच की तथा घरेलू सिलेंडरों के कमर्शियल इस्तेमाल करने पर कारवाई की। इस कारवाई से ढाबा, फास्ट फूड, रेस्तरां संचालकों में हड़कंप मच गया।

खाद्य एव आपूर्ति विभाग धर्मशाला की ओर से ज्वालाजी में यह कारवाई की गई तथा करीब 40 व्यवसायिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इन व्यापारिक संस्थानों के निरीक्षण के दौरान कई दुकानों आदि के किचन में घरेलू सिलेंडर प्रयुक्त मिले, जिसके बाद मौके पर से ही सिलेंडर जब्त कर लिए गए। इस दौरान ज्वालाजी में की गई कारवाई के बाद 22 सिलेंडर जब्त किए गए। बताते चलें कि वीरवार को खाद्य एव आपूर्ति विभाग की टीम ने तयोहरों के सीजन के गुजरने के बाद फिर से मोर्चा संभाल लिया तथा इस प्रमुख बाजारों में दबिश दी। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवार ने बताया कि जिला के ज्वालाजी में घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल करने को लेकर कार्रवाई की गई तथा इस दौरान ज्वालाजी में की गई कारवाई में कुल 22 सिलेंडर विभाग द्वारा जब्त किए गए हैं। उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल प्रयोग न करें तथा कमर्शियल प्रयोग के लिए कमर्शियल सिलेंडर ही प्रयोग करें।

## बैग से ही उड़ा ले गया शातिर 90,000 रुपए



**गगल।** वीर शाम 3.20 बजे के करीब सराह निवासी ओंकार सिंह जो पंजाब नेशनल बैंक गगल से 90,000 रुपए पर अपने खाते से निकालकर साथ में अपनी बेटी तमन्ना को लेकर बस का इंतजार कर रहा था कि अचानक उसकी नजर अपने बैग पर पड़ी, तो बैग की जीप खुली हुई पाई। जब उसने बैग के अंदर देखा तो 90 हजार रुपए गायब पाए। इस पर उसने तुरंत शोर तो मचाया, परंतु तब तक शातिर रुपए लेकर रफूचक्कर हो चुका था। इस बारे पुलिस में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे को बड़ी बारीकी से छानबीन व खंगाल रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर करवाए जाएंगे उपलब्ध : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं का पलायन नहीं हो सके और घर-द्वार पर ही रोजगार प्राप्त हो सके। वीरवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने नगरोटा बगवां विस क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत कहा कि स्टार्ट अप योजना को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की विशेष तौर पर कैरियर कांउसलिंग भी की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा स्टार्ट अप के साथ जुड़कर स्वाबलंबी बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के गांव और गरीब का विकास करना मेरा प्रथम कर्तव्य है।



उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और गरीब के विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास कार्यों के साथ-साथ गांव और गरीबों तक विकास पहुंचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा सके।

उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने पंचायत संवाद कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिलकर उनकी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। उन्होंने प्रत्येक गांव के अति निर्धन परिवारों के सदस्य को रोजगार के अवसर देने के कार्य को भी प्रमुखता में लिया है, ताकि इन परिवारों का जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को उसके उचित हकदार तक पहुंचना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।

# लॉरेट इंस्टिट्यूट में मधुमेह दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**



कथोग स्थित लॉरेट इंस्टिट्यूट ने ज्वालामुखी में मधुमेह दिवस पर जागरूकता स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस मौके पर प्राचार्य एवं निर्देशक डॉ. एमएस आशावत भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्थानीय गांव के लोग भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और स्वास्थ्य पर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्रथम वर्ष फार्म-डी के छात्रों को साझा किया गया, जो अब समाज के स्वास्थ्य जागरूकता राजदूत के रूप में कार्य करेंगे।

इस दिवस पर डॉ. केके रतन ने लोगों का स्वास्थ्य चेकअप किया और मधुमेह पर लोगों को जागरूक किया उन्होंने कहा मधुमेह से अगर हमें छुटकारा पाना है तो व्यायाम और स्वास्थ्य, कम वसा और कम कैलोरी आहार के माध्यम से शरीर के सही वजन को बनाए रखना जरूरी है। इंस्टीट्यूट के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करके जागरूकता शिविर आयोजित करना समाज के लिए एक अच्छी पहल है।

## ढाटी स्कूल में बाल दिवस पर करवाईं प्रतियोगिताएं

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढ़ाटी में बाल दिवस यानी पंडित नेहरू की जयंती के मौके पर रस्सा-कस्सी, फ्रॉक दौड़, चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, मटका फोड़, बौरा दौड़ आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए इनाम बांटे और पंडित नेहरू जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)



# सुखाश्रय कोष समिति निराश्रित बच्चों के लिए जुटाएगी संसाधन : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि निराश्रित बच्चों की मदद के लिए सुख आश्रय योजना के अंतर्गत धन संग्रहण और संसाधन जुटाने के लिए जिला स्तर पर भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए सुखाश्रय कोष समिति का गठन किया गया है।

वीरवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर के एनआईसी सभागार में सुखाश्रय कोष समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि समिति द्वारा इस बाबत खाता केसीसीबी में पहले भी खोला जा चुका है। इसमें कोई भी नागरिक अपनी स्वेच्छा से अंशदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि फंड की सुचारु मानिटरिंग के लिए कोष कमेटी की बैठक नियमित रूप से होती रहेगी।

इस कोष में जमा राशि अनाथ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थय, पोषण और उनके पुनर्वास व इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर सक्षम बनाने में खर्च की जाएगी। विनय कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी से आग्रह किया वे व्यक्तिगत रूप से भी इस कोष मे अपनी क्षमता अनुरूप दान करें व संसाधन तलाश करें ताकि कांगड़ा जिला में सुख आश्रय योजना और भी बेहतर तरीके से कार्यान्वित किया जा सके। इस अवसर पर एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने कहा कि सुखाश्रय योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है तथा इसमें सरकार द्वारा निराश्रित बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने की सार्थक पहल की जा रही है तथा इस योजना में आम जनमानस की सहभागिता भी जरूरी है।

# कैंप में 110 यूनिट रक्तदान किया एकत्रित: पुंज

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



एचडीएफसी बैंक की ओर से साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी में ब्लड डोनेशन कैंप लगया गया। इस कैंप में स्टाफ तथा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया और खूनदान किया। चेयरमैन एसके पुंज ने कहा कि रक्त मानव शरीर की सभी क्रियाओं के लिए सबसे आवश्यक पदार्थ है। भारत में रोजाना हजारों लोगों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, जिसमें लगभग 55 प्रतिशत लोगों की ही आवश्यकता पूरी होती है। विकसित देशों में लोग स्वयं ही समय-समय पर रक्तदान करते हैं, जबकि अन्य देशों में इसकी बड़ी कमी होती है। सरकार द्वारा और कई निजी संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर लगाए जाते है, ताकि लोगों में जागरूकता फैले पर अभी भी इसका कोई खास नतीजा नहीं निकल रहा है। रक्तदान एक महादान है क्योंकि हमारा छोटा-सा दान किसी के परिवार में खुशियों का कारण बनता है। भारत में ऐसे कई जिले हैं जहां ब्लड बैंक ही नहीं है ऐसे में हमें आवश्यकता है कि हम स्वयं और लोगों को जागरूक करें और रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाने में सहायता करें। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए और रक्तदान के इस महान कार्य में शामिल होना चाहिए। इस ब्लड डोनेशन कैंप में श्री साई ग्रुप के स्टाफ और स्टूडेंट्स ने बहुत लगन और कड़ी मेहनत काम किया और लोगो को जागरूक किया। कैंप में 110 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता, विशाल भंडारी, अंशुल, साहिल कुमार, स्टाफ और स्टूडेंट्स आदि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

# सीपीएस हटाने का एयरपोर्ट संघर्ष समिति ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



बैठक में उपस्थित संघर्ष समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, गगल**

हिमाचल हाईकोर्ट ने 13 नवंबर को अपना फैसला सुनाते हुए छह सीपीएस की नियुक्तियों को रद्द किया। वहीं, 13 नवंबर को ही गगल एयरपोर्ट पर चल रहे कोर्ट केश की भी सुनवाई हुई। जिस पर कोर्ट ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण से होने वाले प्रभावितों को भू-अधिग्रहण की राशि आवंटन पर रोक लगा दी है।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना व हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि किसी को भी मुआवजा नहीं दिया और न ही दे रहे हैं, यह सुनवाई 25 नवंबर को होगी। मोना की अध्यक्षता में आज बैठक की गई बैठक में तमाम अधिकारियों ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और कहा अब हमें हाईकोर्ट पर पूरा-पूरा विश्वास है कि न्यायालय अब जनता के पक्ष में ही सुरक्षित फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा की सरकार जितनी अपनी मनमानी कर ले, लेकिन जीत हमेशा सच्चाई की ही होगी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट हवाई पट्टी के विस्तारीकरण की योजना कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सिद्ध नहीं होगी।

उन्होंने कहा के सरकार इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाए, लेकिन कहीं दूसरे स्थान पर बनाए जहां लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले और जनता को उजाड़ीकरण से बचाए। बैठक में संघर्ष समिति के महासचिव हंसराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद चौटानी, उपाध्यक्ष नवीन और सोनू फोटोग्राफर, सुरेंद्र चौधरी, मनोज ऋषभ प्रदीप, बलबीर, हरि सिंह, किशोरी लाल, फकीर चंद, कप्तान रोशन लाल, गुरबचन सिंह,पंचायत प्रधान कुसुम लता, रेखा, कल्याण, मिलाप सिंह महाल,सुरजीत वर्मा, सूबेदार रणजीत सिंह,सुभाष,राम सिंह हलवाई, सुरिंद्र शर्मा,अमर सिंह, जगदीश चंद, विजय मालोच, सुभाष मालोच, तिलक राज,जस पाल, नरोतम चौधरी, गौतम चौटानी, सौरव आदि उपस्थित रहे।

# पारस स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, डरोह**



पारस पब्लिक स्कूल भवारना में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने विशेष रूप से शिरकत की। इस उपलक्ष्य पर नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चे अनेक प्रकार की भूमिकाओं में सुसज्जित थे। बच्चे चाचा नेहरू, सैनिक, राधा-कृष्ण, डॉक्टर, पंजाबन आदि के किरदारों में नजर आए। इसके अतिरिक्त कक्षा दूसरी की इरा और कक्षा तीसरी की श्रव्या ने सामूहिक नृत्य करके खूब वाह -वाही लूटी। कक्षा पांचवीं की अपूर्वी और कक्षा आठवीं के वंश चौहान ने धमाकेदार पंजाबी नृत्य पेश किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की अध्यापिकाओं ने सामूहिक नृत्य पेश किया जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। अध्यापिका मोनिका शर्मा ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं व उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## भामसं का जन जागरण अभियान एक से : राणा

**जवाली।** जिला कांगडा की विधानसभा फतेहपुर के (पीडब्ल्यूडी) लोक निर्माण विभागविश्राम गृह मे भारतीय मजदूर संघ (भामसं) फतेहपुर इकाई के विभिन्न विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक इकाई प्रधान गोपाल कृष्ण की अध्यक्षता मे हुई। जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने भी शिरकत की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने बताया की एक से तीस दिसंबर तक भामस प्रदेश मे जनजागरण अभियान चलाएगा, जिसमें दो लाख पचास हजार परिवारों से मिलने का लक्ष्य रखा है। इसी के साथ एक जनवरी से तीस जनवरी तक धन संग्रह चलाएगा। इन अभियानों के तहत 50 लाख परिवारों से मिलेगा और संघ के 70 वर्ष पूरे होने पर 70 नई यूनियनें बनाई जाएंगी।

**सम्मान** बाल दिवस पर आयुष मंत्री गोमा ने पुरस्कृत किए बच्चे

# निराश्रित बच्चों को बनाया चिल्ड्रन ऑफ स्टेट

**अजय पाल, पंचरुखी**



आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने वीरवार को रामानंद गोपाल रोटरी बाल आश्रम सलियाणा की 29वीं वर्षगांठ और बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंत्री ने पालमपुर रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन द्वारा संचालित रामानंद गोपाल रोटरी बाल आश्रम के बच्चों को बाल दिवस और आश्रम की वर्षगांठ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाल दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन पंडित नेहरू को याद करने और उनका अनुसरण का दिन है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए सुखाश्रय योजना की शुरुआत कर प्रदेश के निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट घोषित किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश निराश्रित बच्चों व बेसहारा वर्गों के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4000 निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। जिला कांगड़ा के अंतर्गत 1500 पात्र निराश्रित बच्चों को 4 हजार रुपए हर महीने दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आश्रम में रह रहे बच्चों के उत्थान के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। बाल आश्रम के लिए सड़क में शेष पेवर कार्य करवाया जाएगा और यहां पर बच्चों की सुविधा के लिए हाई मास्ट लाइट भी लगाई जाएगी। उन्होंने आने वाले समय में यहां पर किसी एक खेल के कोर्ट का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गोमा और उनकी पत्नी को पालमपुर रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी कुमार व सदस्यों ने सम्मानित किया। मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में इंटर स्कूल और ग्रुप डांस व खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों व स्कूलों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पालमपुर रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी कुमार, वाईपी नागपाल, डॉ. विवेक शर्मा, केजी बुटेल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




# 'आभा' ने बढ़ाया मरीज के दर्द का मर्ज

## 2 से 3 घंटे देरी से शुरू हो रहा इलाज, मेडिकल कॉलेज प्रशासन को बनाना पड़ रहा आभा कार्ड

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**


पर्ची काउंटर के बाहर लगी मरीजों और तीमारदारों की भारी भीड़।

स्थानीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों के दर्द का मर्ज पर्ची बनवाने की प्रक्रिया की वजह से इन दिनों और ज्यादा बढ़ गया है। आधार कार्ड की अनिवार्यता की वजह से उनकी रजिस्ट्रेशन में देरी हो रही है, इसलिए मरीज को डॉक्टर तक पहुंचाने के लिए दो से तीन घंटे की और देरी हो रही है।

उधर, मेडिकल कॉलेज प्रशासन इसलिए परेशान है, क्योंकि आभा के बगैर रजिस्ट्रेशन बंद कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज को ही रजिस्ट्रेशन से पहले मरीज का आभा कार्ड बनाना पड़ रहा है। यही सबसे बड़ी दिक्कत है। इस प्रक्रिया के कारण पर्ची काउंटर पर रोजाना दोपहर तक जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। लाइनों में खड़े मरीज और उनके तीमारदार परेशानी में है।

वीरवार को भी इस भीड़ में मरीजों के लिए कई दिक्कतें खड़ी कर रखीं, जो मरीज लाइन में सुबह 9 बजे के आसपास लग गए, उनकी लाइन लगातार लंबी होती गई, फिर हुआ यह की कइयों का नंबर 11 बजे तो कइयों का 12 बजे तक भी नहीं आ पाया था। मरीज परेशान इसलिए थे क्योंकि उन्हें आभा कार्ड की जानकारी दी ही नहीं गई, इसलिए जिन्होंने बनवाए हैं, वे भी अपने साथ इन्हें नहीं ला रहे। इसलिए परेशानी उनकी भी है और पर्ची काटने वालों की भी, इसलिए जमघट खूब लग रहा है।

दरअसल पिछले दो दिनों से नई प्रक्रिया के तहत पर्ची बनाने का जिम्मा मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने संभाला है, उसमें आभा कार्ड की पब्लिसिटी के लिए कोई जानकारी भी मरीजों के लिए नहीं दी गई। न ही तो मीडिया के जरिए और न ही किसी और तरीके से यह संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। इसी वजह से मरीजों की यह नाराजगी मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर भी भारी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### आभा कार्ड जरूरी : भारती

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रामेश भारती का कहना है कि आभा कार्ड की अनिवार्यता अब जरूरी तौर पर कर दी गई है, जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं, काउंटर पर पहले आभा कार्ड बन रहा है, फिर उसके बाद उसी के आधार पर उनकी पर्ची यानी रजिस्ट्रेशन की जा रही है। इसके लिए उन्होंने मेडिकल कॉलेज आने वाले तमाम मरीज को सलाह दी है कि वे अपना आधार कार्ड नंबर और जिस फोन नंबर को आधार कार्ड से लिंक किया गया है, वह आभा कार्ड बनाने के लिए जरूरी है। इसी वजह से दिक्कत आ रही है। हर एक मरीज का आभा कार्ड यहां बनाया जा रहा है, जिसका नहीं बना है, क्योंकि इलाज के लिए जो आ गया उसका आभा कार्ड बनाना जरूरी है। इलाज के बगैर उसे खाली हाथ नहीं भेजा जा सकता। अब क्योंकि रोजाना 1400 के करीब मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, परयहां व्यवस्था तो रीजनल हॉस्पिटल वाली ही हैं। अब दो-तीन महीनों के बाद मेडिकल कॉलेज नए परिसर में चला जाएगा। इसके बाद मरीज यहां घटेंगे और सुविधाएं वहां और यहां दोनों जगह पर मिलेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवी ने गोद लिया लोहाखर हाई स्कूल



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** हिमाचल सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को गोद लेने के लिए ' अपना विद्यालय ' नाम से एक योजना पूरे प्रदेश में चलाई गई है। इसी क्रम में हमीरपुर जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी रविंद्र सिंह डोगरा ने अपनी पंचायत गवारडू स्थित लोहाखर हाई स्कूल को 14 नवंबर बाल दिवस पर गोद ले लिया है। बाल दिवस पर छोटे बच्चों के लिए डोगरा द्वारा खानपान का कार्यक्रम रखा गया था। इसमें लोहाखर हाई स्कूल के हेड मास्टर जसवंत सिंह ने कार्रवाई को स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर पूरा किया और रविंद्र सिंह डोगरा का इस सामाजिक दायित्व को उठाने के लिए धन्यवाद पत्र अपने कार्यालय में सम्मान सहित दिया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस और गुरु पर्व



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने इस अवसर पर भाषण के माध्यम से नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। कक्षा आठवीं की नैन्सी ने भाषण के माध्यम से बताया कि बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से क्यों पुकारते थे और उनका देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को बालदिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू बच्चों को हमेशा अपनी मातृभूमि के लिए साहसिक कार्य करने के लिए प्रेरित करते थे।

### डीएवी भड़ोली में बाल दिवस पर यज्ञ का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पांच कुंडीय यज्ञ से किया गया।इस अवसर पर बच्चों ने चाचा नेहरू की लोकप्रिय कविता और बाल दिवस पर अपने विचार रखे।

### बाल दिवस पर रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**जाहू।** साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाशाला में बाल दिवस के उपलक्ष्य पर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग के बच्चों के लिए 100 मीटर 200 मीटर और 400 मी दौड़ का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं का सम्मान किया गया। इस मौके इस मौके पर स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र चौधरी ने बच्चों को बाल दिवस का महत्व बताया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा शर्मा सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थी रवाना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के विद्यार्थी सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजस्थान रवाना हुए। पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के पहले सत्र के 18 विद्यार्थी 20 नवंबर तक राजस्थान के जैसलमेर, जोधपुर और जयपुर के पर्यटक स्थलों में भ्रमण करेंगे, जिसकी एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। शैक्षणिक भ्रमण में प्राध्यापक डॉ. विनित कुमार व अजय भारती विद्यार्थियों के साथ गए हैं।

### तकनीकी विवि ने मटाहणी स्कूल में मनाया बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के विज्ञान क्लब ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय मट्टाहणी में बाल दिवस के अवसर विज्ञान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। विज्ञान क्लब के सदस्यों ने स्कूल में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना था। विज्ञान क्लब की अध्यक्षा निकिता शर्मा, आयोजन सचिव नेहा शर्मा और प्राध्यापक समन्वयकों डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. वैष्णव किरण, अभिनव जम्वाल, डॉ. अंजली शर्मा और अक्षय पटियाल ने कार्यक्रम का सफल बनाने में भूमिका निभाई।

### आईटीआई हमीरपुर में 30 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, परवाणु और पंचकूला की विभिन्न कंपनियों में कई पदों को भरने के लिए अलायंस जॉब एजेंसी ने वीरवार को आईटीआई हमीरपुर में युवाओं के साक्षात्कार लिए। साक्षात्कार में चयनित 30 युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी दे दिए गए। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने बताया कि सिनर्जी कंपनी के लिए 5 अभ्यर्थियों, एमटी ऑटो क्राफ्ट कंपनी के लिए 12, न्यूरेका लिमिटेड के लिए 8, इंडिया सर्किट लिमिटेड के लिए 3 और जेएसके इलेक्ट्रिकल कंपनी के लिए 2 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इन चयनित अभ्यर्थियों को 12 से 20 हजार रुपए तक मासिक मानदेय दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

### लक्ष्मी मेमोरियल स्कूल ने मनाया बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** लक्ष्मी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाल दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल में गीत-संगीत भाषण तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा छठी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाषण व संगीत प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के प्रबंध निदेशक करतार सिंह चौहान ने बताया कि यह दिवस स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखता है। क्योंकि विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित रहते हैं जिससे उनका मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। स्कूल प्रबंधक करतार सिंह चौहान व प्रधानाचार्य शिवानी चौहान ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हमीरपुर में आंगनबाड़ी के 8 पदों के लिए आवेदन 20 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत 8 आंगनबाड़ी केंद्रों में खाली पड़े 8 पदों को भरने के लिए पात्र महिलाओं से 20 नवंबर तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय हमीरपुर में सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 3 और सहायिका के 5 पद शामिल हैं।

सीडीपीओ संजय गर्ग ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र मोहीं-5, आंगनबाड़ी केंद्र कुसवाड़ और नगर परिषद क्षेत्र हमीरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र 3-सी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र दड़ूही-1, आंगनबाड़ी केंद्र भटेरड़, नगर परिषद क्षेत्र हमीरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र 2-ए, आंगनबाड़ी केंद्र घुमारड़ा और आंगनबाड़ी केंद्र मुठान में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा। सीडीपीओ ने बताया कि आवेदक महिला की आयु 18 से 35 वर्ष तक और शैक्षणिक योग्यता कम से कम बारहवीं पास होनी चाहिए तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। अभ्यर्थी के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक न हो तथा उसका आय प्रमाण पत्र कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। अगर कोई आंगनबाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन करती है तो उसके परिवार की वार्षिक आय की गणना में उसके मानदेय को शामिल करने से छूट मिलेगी।

उम्मीदवारों के साक्षात्कार 25 नवंबर को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में आरंभ होंगे।

## सुक्खू सरकार कर रही जनविरोधी कार्य : अर्चना चौहान



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि सुक्खू सरकार पूरी तरह से जनविरोधी काम कर रही है। जिन वादों के साथ कांग्रेस सत्ता में आई, सारे काम उसके विपरीत किए हैं। उन्होंने तेजी से कर्ज लेना लाखों परिवारों से सुविधाएं छीनना उनके जीवन को संकट में डालना हजारों की संख्या में संस्थान बंद करना सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

अर्चना चौहान ने कहा कि यदि सुक्खू सरकार के कार्यकाल का लेखा-जोखा निकाला जाए तो यह प्रदेश के सबसे बुरे प्रदर्शन के तौर पर जाना जाएगा। इस दौरान प्रदेश तरक्की करने की बजाए पीछे चला गया। सुक्खू सरकार 2 साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है, लेकिन इस दौरान प्रदेश की जनता पर बोझ डालने का काम इस सरकार ने किया है।

## स्कूलों के छात्रों की 'अपार' आईडी बनाने के निर्देश

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों के शिक्षकों को छात्रों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमे छात्रों के सभी दस्तावेज सुरक्षित रखे जा सकेंगे। आईडी बनने पर छात्र की देश के किसी भी कोने में तलाश की जा सकेगी। इससे स्कूलों में छात्रों के ड्रॉप आउट को खत्म करने में भी मदद मिलेगी। अपार आईडी बनने के बाद छात्र देशभर में किसी भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करेगा, उसकी आईडी वही रहेगी। इस योजना का छात्रों व स्कूलों दोनों को ही आने वाले समय में फायदा मिलेगा। सरकारी स्कूलों को इसके लिए बजट भी जारी किया गया है।

बता दें कि एक देश एक छात्र योजना को लागू करने के लिए छात्रों की अपार आईडी बनाई जा रही हैं। इसे डीजी लॉकर से जोड़ा जाएगा। इसमें स्टूडेंट्स सभी दस्तावेज सुरक्षित रख सकेंगें। देश के सभी छात्रों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से अपार कार्ड को लांच किया गया है। अपार कार्ड का पूरा नाम ऑटोमेटेड परमानेंट अकादमिक अकाउंट रजिस्ट्री है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने सरकारी व निजी स्कूलों के सभी शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वह आईडी बनाते समय छात्र से संबंधित सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें। इसमें छात्र के माता-पिता का नाम, कक्षा, पिछली कक्षा का रिजल्ट और बच्चे की व्यक्तिगत जानकारियां शामिल रहेंगी।

अपार कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होता है। अपार कार्ड को ही वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी के नाम से भी जाना जाता है। देश में जितने भी छात्र हैं, उन सभी को अपार आईडी कार्ड के द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। यह एक परमानेंट स्टूडेंट आईडी कार्ड है। अपार कार्ड में स्टूडेंट की सभी शिक्षा से रिलेटेड बायोडाटा खुलकर आ जाएगा। अपार कार्ड प्रत्येक छात्रों के लिए एक विशिष्ट पहचान पत्र के रूप में कार्य करेगा। अपार कार्ड में छात्रों को एक रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाएगा, जिसके माध्यम से स्टूडेंट का रिजल्ट, कॉलेज-स्कूल उपलब्धियां सब कुछ एक ही जगह पर डिजिटल रूप में सेव किया जाएगा।

अपार आईडी कार्ड के माध्यम से किसी भी स्टूडेंट की सभी जानकारी ऑनलाइन चेक की जा सकेगी। ऐसे में छात्रों को अपार आईडी कार्ड बनवाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि सरकार द्वारा सभी छात्रों को अपार कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है, ताकि सभी अपने शैक्षणिक संबंधित जानकारी को एक जगह पर सुरक्षित रख सकें और विद्यालयों में केवल एक ही आईडी कार्ड की सहायता से छात्रों का सारा कार्य किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

> **सरकारी** व निजी स्कूलों के शिक्षकों को छात्रों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें छात्रों के सभी दस्तावेज सुरक्षित रखे जा सकेंगे। आईडी बनने पर छात्र को प्रदेश व देश के किसी भी कोने में तलाश किया जा सकेगा। इससे ड्रॉप आउट को खत्म करने में भी मदद मिलेगी। अपार आईडी बनने के बाद छात्र देशभर में किसी भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करेगा, उसकी आईडी वही रहेगी। इसके लिए स्कलों को बजट भी जारी किया गया है।
>
> **नवीन शर्मा, उपनिदेशक गुणवत्ता एवं नियंत्रण तथा जिला परियोजना अधिकारी डाइट गौना करौर हमीरपुर।**

## खंडेहड़ा सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी ब्लॉक की दी खंडेहड़ा कृषि सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारी पवन पठानिया ने बताया कि वार्ड वाइज वोटर सूची सूचना पट्ट पर लगा दी गई है। प्रबंधक समिति सदस्य के लिए नामांकन 19 नवंबर को होगा व 7 जनवरी को चुनाव होगा।

## हाईकोर्ट के फैसले ने सीएम की नीयत और निर्णय प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़े किए : राजेंद्र राणा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि हिमाचल हाईकोर्ट द्वारा छह मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को असंवैधानिक ठहराते हुए निरस्त करने के ऐतिहासिक फैसले ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीयत और निर्णय प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। सुक्खू को अब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने का नैतिक अधिकार नहीं रहा है। राजेंद्र ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पर जनता के पैसों का बेवजह इस्तेमाल और सत्ता में बैठते ही गैरकानूनी कार्यों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के खजाने को अपनी निजी संपत्ति समझकर इस तरह का अपव्यय क्यों किया ? राजेंद्र राणा ने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री की अपनी कानूनी टीम इतनी अक्षम है कि उसे छोड़कर बाहरी वकीलों पर करोड़ों खर्च करने पड़े? राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए इस फैसले के बाद अब यह सवाल उठता है कि इन असंवैधानिक नियुक्तियों से हटाए गए सीपीएस को दी गई सरकारी सुविधाओं और वेतन की भरपाई कौन करेगा? क्या मुख्यमंत्री अपनी जेब से यह रकम लौटाएंगे, या फिर इन गलत नियुक्तियों के लिए जनता को ही कीमत चुकानी होगी?

## केसों के त्वरित निपटारे के लिए 14 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 14 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर हमीरपुर और उपमंडल स्तर के न्यायिक परिसरों नादौन तथा बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव असलम बेग ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट के मामले, धन वसूली के मामले और भूमि विवाद आदि पर सुनवाई करके निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, मोटर व्हीकल अधिनियम, श्रम विवाद के मामले, बिजली, पानी और टेलीफोन के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, वेतन और भत्तों और सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों का भी निपटारा होगा। असलम बेग ने बताया कि लोक अदालत में उन मामलों का निपटारा भी करवाया जा सकता है, जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपने मामलों का निपटारा करवाने के इच्छुक लोग 10 दिसंबर तक जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय हमीरपुर या संबंधित न्यायालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आज होगी पत्रकारों की संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर इस वर्ष भी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग 16 नवंबर को जिला स्तर पर मीडियाकर्मियों के लिए एक संगोष्ठी आयोजित करेगा। दोपहर 12 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर के प्रेस रूम में आरंभ होने वाली इस संगोष्ठी में हमीरपुर के पत्रकार भाग लेंगे तथा भारतीय प्रेस परिषद की ओर से दिए गए विषय पर चर्चा करेंगे। जिला लोक संपर्क अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद ने इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रेस दिवस के लिए 'चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस' यानी 'प्रेस का बदलता स्वरूप' विषय निर्धारित किया है। उन्होंने हमीरपुर के पत्रकारों से इस संगोष्ठी में भाग लेने की अपील की है।

## कांगू पाठशाला की एसएमसी ने शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू से प्रवक्ता इंग्लिश की प्रतिनियुक्ति का मामला संबंधित पाठशाला समिति के संज्ञान में आया है।

संबंधित पाठशाला में जमा 1 व जमा 2 कक्षा में लगभग 220 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसी पाठशाला में अप्रैल 2024 से प्रवक्ता हिंदी का पद रिक्त चल रहा है, साथ ही टीजीटी और नॉन मेडिकल के शिक्षक भी 2 मार्च से पारिवारिक समस्या की वजह से अवकाश पर हैं। इस कमी के बावजूद विद्यालय मुखिया शकुंतला पटियाल बच्चों की पढ़ाई को बाधित नहीं होने दे रही है। जिला उपनिदेशक ने पाठशाला में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद को सरप्लस बताया है, जो कि सरासर आधारहीन है।

एसएमसी ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित शिक्षक की प्रति नियुक्ति को खारिज नहीं किया जाता है, तो एसएमसी सदस्य अपने बच्चों को इस पाठशाला से निकालने में देरी नहीं करेंगे। यह निर्णय सर्वसम्मति से पाठशाला प्रबंधन समिति की बैठक जो की अध्यक्षता नमिता ठाकुर की अध्यक्षता में हुई है, उसमें लिया गया है।

## शहीद अजीत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर की ग्राम पंचायत अग्घार के बटूरड़ा गांव के शहीद अजीत कुमार को उनकी 31वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने शहीद की कुर्बानी को याद कर उनकी धर्मपत्नी अमरती देवी को शॉल भेंट कर शहीद अजीत कुमार को याद किया। इस मौके पर सूबेदार विधि चंद, सूबेदार मेजर अमींचंद, सूबेदार दीप कुमार, ग्राम पंचायत प्रधान एवं उपप्रधान सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## हमीरपुर कॉलेज के राहुल 5000 मीटर दौड़ में प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



नेताजी सुभाष चंद्र बोष स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में हिप्र विश्वविद्यालय में चल रही 47वीं अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में 5000 मीटर दौड़ में हमीरपुर महाविद्यालय के राहुल ने पहला स्थान हासिल किया। महिला वर्ग की 5000 मीटर में ऊना कालेज की रवीना ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया।

400 मीटर दौड़ में धर्मशाला के आशुतोष ने पहलास्थान हासिल किया। पुरुषों के 4म100 मीटर दौड़ में धर्मशाला कॉलेज के आशुतोष, हिमांशु, मंजीत सिंह और योगेंद्र की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में बिलासपुर कॉलेज के पल्लवी, दिव्या, अंजली और श्रद्धा की टीम ने पहला, हमीरपुर की टीम ने दूसरा और ऊना की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। शाटपुट में अर्की की गुंजन ठाकुर, हमीरपुर की नैंसी ने दूसरा और धर्मशाला की मान देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग नूरपुर के करूनेश ने पहला, कुलदीप ने दूसरा व मनेष ठाकुर ने तीसरे स्थान कब्जाया। जैवलीन स्पर्धा में धर्मशाला की मान देवी ने प्रथम, पालमपुर की प्रिया कुमारी ने द्वितीय, जयसिंहपुर की शीतल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## बाप-बेटे ने की महिला की पिटाई

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत नौंहगी पंचायत में बाप-बेटे द्वारा एक महिला की बड़ी बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल बेशुद महिला को लोगों ने एंबुलैंस 108 में नादौन अस्पताल पहुंचाया जहां वह उपचाराधीन है। मिली जानकारी के अनुसार चैकी राजपूतां गांव की 35 वर्षीय महिला अंजना अपने पति बलवंत सिंह के साथ पंचायत के ही गांब कैहरन में एक धार्मिक कार्यक्रम में गई थी । वहां कीर्तन सुनने के बाद वह अकेली जब वापस घर आ रही थी तो साथ लगते घर के मुखिया व उसके बेटे ने उसका रास्ता रोककर बड़ी बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे महिला बेहोश हो गई।

खबर मिलते ही समाज सेवी एवं पंचायत के उप प्रधान ठाकुर प्रकाश चंद व अन्य लोग मौका पर पहुंच गए। महिला को बेहोशी की हातल में एंबुलैंस में नादौन अस्पताल पहुंचाया। ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि इस बारे पुलिस को सूचित कर दिया है। आरोपी के पंचायत में भी केस चले हैं। उधर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## युवा समारोह ग्रुप तीन नृत्य प्रतियोगिता में रामपुर कॉलेज बना विजेता




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

गौतम कॉलेज में लगातार तीन दिन तक चलने वाले युवा समारोह गुप तीन (नृत्य) का वीरवार को समापन हो गया। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा और यूथ प्रोग्रामर प्रो. संजय शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रो. राजकुमार कोटला खुर्द ऊना रहे। गौतम महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया। गौतम कॉलेज में तीन दिन तक चलने वाले युवा समारोह ग्रुप तीन (नृत्य) में तीसरा स्थान डिग्री कॉलेज राजगढ़, डिग्री कॉलेज हमीरपुर व डिग्री कॉलेज हरीपुर (मनाली) कुल्लू कर रहा। दूसरे स्थान पर डिग्री कॉलेज पालमपुर, डिग्री भरमौर व डिग्री मंडी रहे। प्रथम स्थान पर डिग्री कॉलेज रामपुर ने हासिल किया। ग्रुप 3 (नृत्य) के क्लासीकल डांस में प्रथम आरकेएमवी शिमला, दूसरा स्थान जेएल कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट शिमला व तीसरा स्थान डिग्री कॉलेज मंडी ने हासिल किया।

उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गौतम महाविद्यालय से जुड़े प्रत्येक वर्ग की प्रशंसा की। गौतम कॉलेज के सचिव डॉ. रजनीश गौतम ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कॉलेज की उपलब्धियों से अवगत करवाया। इस सफलता का श्रेय उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग, निर्णायक मंडल, प्रतिभागी प्रभारी व उपस्थित जनसमूह को दिया। मुख्य अतिथि प्रो. संजय शर्मा ने कहा कि युवा समारोह ग्रुप तीन (नृत्य) द्वारा हम अपनी लोक संस्कृति को प्रस्तुत कर सकते हैं व महसूस कर सकते हैं क्योंकि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की भूमि है।

**अभियान** शिक्षा में रैंकिंग सुधारने के लिए 'परख' को गंभीरता से लें सभी शिक्षक : डीसी

# जिले के 107 स्कूलों में 4 दिसंबर को होगी मुख्य परीक्षा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**


शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से बैठक करते डीसी।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे शिक्षा की गुणवत्ता के आकलन के लिए आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख समग्र विकास के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण के प्रति गंभीरता दिखाएं और सभी विद्यार्थियों को इसके लिए तैयार करें।

परख की तैयारियों के संबंध में वीरवार को शिक्षा विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों तथा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के आधार पर ही जिला और राज्य की रैंकिंग तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि उच्च साक्षरता दर के बावजूद वर्ष 2021 में हुए सर्वेक्षण में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा था। इसलिए, इस बार किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि परख के तहत राष्ट्रीय स्तर की मुख्य परीक्षा 4 दिसंबर को जिला के 107 स्कूलों में होगी और इन स्कूलों का चयन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा रैंडम आधार पर किया जाएगा। इसके लिए किसी भी सरकारी या गैर सरकारी स्कूल का चयन हो सकता है। इनमें 56 स्कूल हिंदी माध्यम और 51 स्कूल अंग्रेजी माध्यम के हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली इस परीक्षा की तैयारी हेतु दो मॉक टेस्ट पहले ही करवाए जा चुके हैं और तीसरा मॉक टेस्ट 19 नवंबर को होगा। परीक्षा की निगरानी के लिए फील्ड पर्यवेक्षकों के साथ.साथ सीबीएसई की ओर से विशेष ऑब्जर्वर भी नजर रखेंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों को शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस बार के सर्वेक्षण में जिला और प्रदेश की रैंकिंग तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में उल्लेखनीय सुधार के लिए सभी समर्पण भाव से कार्य करें।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान यडाइटद्ध के प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल, क्षेत्रीय नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया और जिला समन्वयक परमजीत सिंह डोगरा ने परख की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों ने भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पहले मांडव उत्सव का आयोजन आज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा 15 नवंबर (शुक्रवार) को प्रथम मांडव उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य रूप से यह आयोजन पड्डल स्थित व्यास नदी के किनारे मांडव शिला के पास होगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:00 बजे श्री राज माधव मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात 10:15 बजे बाबा भूतनाथ मंदिर में पूजा अर्चना होगी। तत्पश्चात 10:30 बजे शोभा यात्रा का प्रस्थान मांडव शिला की ओर होगा। लगभग 11:30 बजे शिला पूजन व यज्ञ के पश्चात 12.45 बजे से भजन कीर्तन का गायन होगा।

### कांग्रेस ने मनाया जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस



**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत महादेव में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय धनोटू में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नाचन के पूर्व उपाध्यक्ष भगत राम ने की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवी राष्ट्र व समाजसेवा के लिए किए उत्साहित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य रमेश कुमार पालसरा की अध्यक्षता में हुआ। इस शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश कुमार चौधरी उपनिदेशक बागवानी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सिद्धपुर (धर्मपुर) रहे। स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में प्रकाश डालते हुए राष्ट्र व समाजसेवा के लिए उत्साहित व प्रेरित किया।

### शिक्षा और प्रेरणा देती है लोक कथाएं : कृष्ण

**भीम बसेड़ू, महादेव।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गागल में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे कैंप में तीसरे दिन लेखक कृष्ण महादेविया को संभाषण हेतु आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने लोक साहित्य और साहित्य के विषय में शिविर के छात्र-छात्राओं के समक्ष उन्होंने बालकों को लोक कथाएं सुनाते हुए आग्रह किया कि वे समय निकालकर अपने दादा-दादी नाना नानी, मामा मामी या गांव के बड़े बुजुर्गों के पास बैठकर उनसे लोक कथाएं सुने। शिविर में उपस्थित प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने भी बच्चों को उद्बोधित किया।



### कांग्रेस प्रदेश के विकास में बाधा डालती रही है : रजत

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी व धर्मपुर से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर ने धर्मपुर से कांग्रेस विधायक द्वारा भाजपा और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर लगाए गए निराधार आरोपों की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक को यह समझना चाहिए कि बिना तथ्यों के झूठे आरोप लगाकर जनता को भ्रमित नहीं किया जा सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक नवनिर्वाचित विधायक अपनी सीमाओं से बाहर जाकर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा की सरकार ने हमेशा प्रदेश हित के मुद्दों को उठाने में सभी दलों को एकजुट करने का प्रयास किया है, लेकिन कांग्रेस की नीति केवल विरोध की रही है।

### मल्टीपर्पज वर्कर के स्किल टेस्ट शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जल शक्ति विभाग डिवीजन कार्यालय सुंदरनगर में मल्टीपरपज वर्कर के पदों के लिए स्किल टेस्ट बुधवार से शुरू हो गए हैं। मल्टीपरपज वर्कर के स्किल टेस्ट 13 से 20 तारीख तक जारी रहेंगे। इसके अलावा पैरा पंप ऑपरेटर के पदों के लिए 21 से 23 तथा पैरा फिटर के पद के लिए 25 से 27 नवंबर तक स्किल टेस्ट जारी रहेंगे। इन पदों के लिए करीब 1675 युवा अपने भाग्य को आजमाएंगे। जल शक्ति डिवीजन सुंदर नगर के अधिशासी अभियंता रजत गर्ग ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को समय पर सूचित कर दिया गया है।

### जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज में स्मृति बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त तहसीलदार पूर्ण चंद कोंडल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करने से हुई। इस कार्यक्रम में मिस फेयरवेल स्मृति को चुना गया और मिस पर्सनैलिटी शगुन, दिव्या, अनामिका को चुना गया। समारोह का समापन कॉलेज के निदेशक राकेश धरवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### सरकाघाट में रेडक्रॉस मेला धूमधाम से आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) पाठशाला के मैदान में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस समिति की अध्यक्षा एवं सरकाघाट की एसडीएम, स्वाति डोगरा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सरस्वती माता की वंदना के पश्चात उन्होंने मेले का शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को मानवता की सेवा के महत्व और नशा मुक्ति पर जोर देने वाले इस मेले का उद्देश्य बताया।



सघन दस्त और निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# अगर बच्चों को है तेज बुखार तो जल्द लाएं डॉक्टर के पास

**ओपी शर्मा, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

सघन दस्त और निमोनिआ नियंत्रण पखवाड़े की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा की अध्यक्षता में जिलाधीश कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने बैठक में आए हुए सभी विभाग अध्यक्षों का स्वागत करते हुए बताया कि इस साल सघन दस्त और निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े को तीन चरणों में मनाया जाएगा। पहला चरण जुलाई में हुआ था, अब यह दूसरा चरण 18 नवंबर 2024 से 2 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस पखवाड़े का उद्देश्य जिले में जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों में दस्त और निमोनिया से कोई भी मौत न हो।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि विभाग की मुख्य नजर संवेदनशील जनसंख्या जैसे घुमंतू लोग, कंस्ट्रक्शन साइट्स, एक जगह से दूसरी जगह विस्थापित होने वाले लोग, श्रमगार या ऐसे स्वास्थ्य उपकेंद्र जहां कोई भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यरत नहीं है आदि के क्षेत्रों बाले बच्चों पर पैनी नजर रहेगी।

उन्होंने कहा कि जिले में जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चे 53680 हैं, जिन्हें आशा वर्कर 107460 ओआरएस के पैकेट तथा जिंक की 751520 गोलियां इस पखवाड़े के अंतर्गत वितरित करेंगी जो जिले के हर स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचा दी गई हैं। इसके साथ-साथ आशा ओआरएस को बनाने की विधि, उसके उपयोग तथा साफ सफाई पर भी बताएंगी। इसके साथ-साथ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में यदि श्वसन दर ज्यादा है, तेज बुखार है तो आशा अमाक्सीसिलिन सिरप की पहली खुराक देकर बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास रेफर करेगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने बैठक में आए सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग विशेष कर महिला एवं बाल विकास विभाग, उपनिदेशक शिक्षा, पंचायती राज विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग मिलकर स्वास्थ्य विभाग का भरपूर सहयोग करें द्व इस बैठक में सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेदिक अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य अरुणा चारक ने किया जनजातीय क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

**भरमौर।** सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना परख व नेशनल अचीवमेंट सर्वे के तहत छात्र छात्राओं राज उच्च पाठशाला कुगती, राज माध्यमिक पाठशाला हडसर, व राज उच्च पाठशाला सठली व राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या भरमौर का आंकलन किया।

अरुणा चारक ने बताया कि बच्चे व संबंधित अध्यापक परख योजना को गंभीरता से ले। अधिकतर बच्चे अभी अपनी योग्यता पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। परख योजना के तहत 19 नवंबर को मॉक टेस्ट होगा जबकि 4दिसंबर को कक्षा 6 व 9 के बच्चों का पेपर होगा। जिसके लिए बच्चों को और मेहनत की आवश्यकता है गत दिन राज माध्यमिक विद्यालय सेर काऊ , राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौबिया ,राज उच्च पाठशाला घरेड का भी निरीक्षण किया था उनके साथ प्रवक्ता कृष्ण पखरेटीया भी साथ में रहे।



# सलूणी में नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

- पीड़ित परिवार ने प्रशासन व पुलिस से मामले पर कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग

उपमंडल सलूणी की ग्राम पंचायत भड़ेला के गांव चबड़ में कई दशकों से रह रहे अनुसूचित से संबंध रखने वाले दो सगे भाइयों के परिवारों को आज भी जातिगत प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। बता दें की चबड़ा गांव में जहां ब्राह्मण, ठाकुर एवं अन्य के स्वर्ण जातियां रह रही हैं तो वहीं इन्हीं के बीच अपनी पुश्तैनी जगह जमीन को लेकर बीते कई दशकों से अनुसूचित जाति का यह परिवार भी अपनी गुजर बसर करता आ रहा है किंतु बीते समय में तो जातिगत प्रताड़ना मात्र जाति सूचक अपशब्द तथा गाली-गलौज तक ही सीमित थी किंतु अब स्वर्ण समाज के एक ब्राह्मण परिवार ने इस परिवार के दो बच्चों का रास्ता रोक कर जहां उनके साथ जाति सूचक शब्दों से उन दोनों को अपमानित किया गया तो वही गाली-गलौज तथा मारपीट करते हुए जहां बच्चों के कपड़े फाड़े तो वहीं एक बच्चे के हाथ में लिए फोन को भी तोड़ दिया गया।

इस बारे में बीते 11 नवंबर को पुलिस थाना तीसा में एक लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई गई जिसमें चंपो देवी पत्नी बालक राम गांव चभड़ डाकघर भड़ेला तहसील सलूणी जिला चंबा ने ब्राह्मण परिवार से संबंध रखने वाली नारो पत्नी देबो राम, मदन शर्मा पुत्र देबो, भूमा शर्मा पत्नी मदन शर्मा गांव सिलोट ने दोनों बच्चों 13 वर्षीय उमा देवी 16 वर्षीय सूरज कुमार जो घर का जरूरी सामान लेने दुकान पर जा रहे थे कि रास्ते में नारो तथा उसके परिवार ने बच्चों का रास्ता रोका तो, वहीं जाति सूचक अपशब्द बोलते हुए गाली-गलौज की।

शिकायतकर्ता चंपो के पति से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस पूरे गांव में मात्र दो ही परिवार अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले हैं लेकिन स्वर्णों के इस गांव में इन दो परिवारों का जीना दुश्वार हो गया है। वहीं स्थानीय भीम आर्मी चंबा के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन इस सारे मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी परिवार के खिलाफ उचित कड़ी कार्रवाई अमल में ले। पुलिस थाना तीसा प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत आई है इस सारे मामले पर जांच प्रक्रिया जारी है।

## बाल दिवस से बच्चों को किया रू-ब-रू



कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल मांधा स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर बाल दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं भी करवाई गई, जिसमें स्कूल के बच्चों ने भारी संख्या में भाग लिया।

इस मौके पर प्रवक्ता हिंदी सुभाष कुमार ने बच्चों को स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी के बारे में रू-ब-रू करवाया। उन्होंने बच्चों को बताया कि क्यों इस दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

स्कूल के प्रभारी जीवनलाल ने भी बाल दिवस के बारे में बच्चों को रूबरू कराया और प्रतियोगिताओं में भाग देने वाले बच्चों को संबोधित किया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रेरित किया।

## भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मधुमेह दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

जिला स्तरीय विश्व मधुमेह दिवस पर गुरुवार को आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान चंबा में मधुमेह दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. बिपन ठाकुर ने बताया की यह जागरूकता शिविर वहां शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों और स्टाफ के लिए मधुमेह की जानकारी ओर उससे बचाव के लिए आयोजित किया गया है ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित नड्डा ने वहां उपस्थित छात्रों को मधुमेह से संबंधित रोगों की विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने बताया कि अब समय आ गया है कि मधुमेह से होने बाली गंभीर बीमारियों की जानकारी सभी वर्ग को हो। उन्होंने इस बीमारी के लक्षणों की जानकारी देते हुए कहा कि सर्वप्रथम इस बीमारी में मरीज को बार-बार पेशाब आता है भूख बढ़ना, प्यास लगना, वजन घटना, घाव न भरना, जिस का कारण ज्यादा मीठा पदार्थों का सेवन, मोटापा तथा शराब और तंबाकू का अत्याधिक सेवन, अनुवांशिक तथा उच्च रक्तचाप है। उन्होंने कहा कि अगर इस बीमारी पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो यह मानव शरीर में अपने दुष्प्रभाव छोड़ना आरंभ कर देती है जैसे नजर का कम होना, किडनी संबंधी बिमारी, ह्रदय संबंधी रोग या पक्षाघात या रोगी की मृत्यु भी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुछ हद तक इस बीमारी को रोका जा सकता है अगर व्यक्ति छः महीने के अंतराल में अपनी नियमित मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच करवाए। इस अवसर पर छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम स्थान पल्लवी, दूसरा स्थान अनिल, तीसरा स्थान रक्षा ने प्राप्त किया।

### शिवर में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का होता है विकास : रविंद्र

**आजम डार, तीसा।** तीसा के पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थल्ली में में राष्ट्रीय सेवा योजना अर्थ इकाई सात दिवसीय विशेष शिवर का उद्घाटन किया गया।

इस शिवर के आयोजन पर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थल्ली के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार प्रजापति बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, उनकी उपस्थिति में एनएसएस शिवर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं और उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाएगा उसे कार्य को वह अपने मन और लगन से करें।(अनंत ज्ञान)

## छात्रों को खेल भावना के साथ खेलने की दिलाई शपथ



बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक खेल दिवस पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया।

मिलट्री हॉस्पिटल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सफीक फैजी इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में तथा मेजर संदीप एवं पुनीत बैंस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सफीक फैजी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

बाल दिवस भी मनाया गया तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने पौधा भेंट कर मुख्यातिथि का हरित स्वागत किया। विद्यालय के स्कूल कप्तान अनिरुद्ध ने छात्रों को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई।

## हिमाचल की झूठी गारंटियों से पूरा देश ले रहा सबक: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठकुर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के दायर दी गई हिमाचल की झूठी गारंटियों से पूरा देश सबक ले रहा है। पूरे देश में हिमाचल प्रदेश के लोगों को सरकार द्वारा झूठी गारंटियां देकर ठगने की चर्चा है।

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक ऐसी सरकार है जिसने विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों के पूर्णतया विपरीत काम किया। लाखों नौकरियां देने की घोषणा की तो लाखों अनुमोदित पदों को समाप्त कर दिया। 12 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाल दिया और अभी 1000 से ज्यादा पदों पर काम कर रहे लोगों को नौकरी से निकलने का जीजान से प्रयास कर रही है। जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है। स्वास्थ्य व्यवस्था सही करने की बात की तो प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का बंटाधार कर दिया। 300 यूनिट फ्री बिजली देने की बात की तो पूर्व सरकार द्वारा दी जा रही 125 मिनट बिजली की सब्सिडी को भी बंद कर दिया और साथ ही साथ 300 यूनिट बिजली खर्च करने पर घरेलू भुगतान से ज्यादा बिल वसूलने की योजना बना डाली।

यह सरकार सिर्फ और सिर्फ अपने मित्रों और सहयोगियों पर ही मेहरबान रही है और उन्हें पर ही जमकर सरकारी पैसा लुटाया है। प्रदेश की प्राथमिकता का आलम है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की औपचारिकता से जुड़े 30 करोड रुपए का भुगतान नहीं कर रही है।

## डिजिटल भुगतान पर दी जानकारी



जागरूकता शिविर में मौजूद लोग व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा छतराड़ी द्वारा एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता साक्षरता शिविर का आयोजन नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत जगत के गांव उरई में किया गया।

इस शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने की और शाखा से अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान शाखा प्रबंधक और उनके सहयोगियों ने उपस्थित सदस्यों को डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी तथा इसमें होने वाले जोखिमों को दूर करने के तरीकों से भी अवगत कराया।

इस मौके पर शिविर में उपस्थित लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड, जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सपनों का संचय, आदि बैंक की सरकारी योजना के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

सूडोकु 00117 ★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 00116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

15 नवंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** पूर्णिमा (03:00): **नक्षत्र** भरणी (09:55), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** व्यतिपात (07:29) **शुभ मुहूर्त** : अभिजित (11:44-12:27), **राहुकाल** (10:45 -12:05)।

**विशेष दिन**

- 15 नवंबर : पूर्णिमा आज।
- 15 नवंबर 2024 : कार्तिक स्नान पूर्ण।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आत्मविश्वास की कोई कमी आज आपके अंदर नहीं दिखेगी। किसी पुराने मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी। पैसे के लेन-देन में सावधानी की आवश्यकता है।

**वृषभ:** आज का दिन आपके लिए धन लाभ के योग लेकर आया है। आज सीनियर से आपको सही सलाह मिलेगी और आपका कार्य आसान हो जाएगा।

**मिथुन:** मन चंचल बना रहेगा। एक जगह नहीं रुकेगा। आज आपके मन में नकारात्मक विचार घर करने की कोशिश करेंगे लेकिन आपको सावधान रहना है।

**कर्क:** आज आपके व्यवहार में गुस्से की अधिकता रहेगी। छोटी-छोटी बातों पर बहस करने से आपको बचना चाहिए। कार्यों से आपको लाभ मिलने वाला है।

**सिंह:** आज कुछ ऐसे लोगों से भी आपकी भेंट होगी जो भविष्य में आपके काम आने वाले हैं। आज बाहर का खाना पेट के विकारों का कारण बन सकता है।

**कन्या :** आज दोपहर बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। आप जिन चिंताओं से पिछले दिनों से घिरे हुए हैं उनमें आज कमी आएगी। संतान के प्रति चिंताएं कम होंगी।

**तुला:** आज सामाजिक कार्यों में आप हिस्सा लेंगे। लोग आपको आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। आज सोच समझ कर किया गया निवेश लाभ देने वाला है।

**वृश्चिक:** बिजनेसमैन लोगों के लिए आज बिजनेस में विस्तार करने का दिन है। आज कोई पुराना रुका हुआ कार्य भी पूर्ण कर सकते हैं। आज आपका मन चंचल बना रहेगा।

**धनु :** आज आपके सोचे हुए कार्यों में गति आएगी और आपके कार्य पूर्ण होंगे। आज प्रिय से संबंधों में सुधार होगा। प्रेम के प्रस्ताव भी आपके लिए आने के योग दिखाई दे रहे हैं।

**मकर :** परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। अगर आप पढ़ाई करते हैं तो आज थोड़ा अतिरिक्त मेहनत आपको करनी पड़ सकती है। मेहनत लंबे समय तक आपके काम आने वाली है।

**कुंभ :** करियर में बदलाव कर सकते हैं लेकिन इन अवसरों को पहचानने की जिम्मेदारी आपकी होगी। आज जैसे कर्म आप करेंगे ऐसा ही फल आपको आज मिलने वाला है।

**मीन:** आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मदद मिल सकती है। आज अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है लेकिन ध्यान रहे आज रफ्तार से आपको दूर रहना है बचना है।

## बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, अनंत नगर ततहार में बाल दिवस के अवसर पर इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इस स्पोर्ट्स मीट में बच्चों ने कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन जैसी खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि रजनीश ठाकुर ने बच्चों को साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियमों का पालन और नशे से बचने के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया।

## वार्षिक समारोह में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**दशमी रावत, रोहड़ू**

वीरभद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अढाल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष जदान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में विशिष्ट अतिथियों में सेवा निवृत्त सीएचटी दिलिप ठाकुर, राजेश ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत अढाल बिशन लाल, कांट्रेक्टर लक्की ठाकुर, हिमाचल होमगार्ड से शिवराज शर्मा और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिभूषण शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को पेश किया।

प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष जदान ने कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित विद्यार्थियों में छठी कक्षा रिया, अर्नब,शाना,अरनिना, कक्षा सात कनिका शर्मा, तनिष्क,शिक्षिता शर्मा, कक्षा आठ में आदर्श, अनंत, प्रियल, कक्षा नौवीं एंजल, मान्या शर्मा, आदित्य, कक्षा दसवीं दिव्या, पलक, प्रितीका, कक्षा 11वीं में साइंस क्रितिका, आंचल, बारहवीं कार्तिक भारद्वाज, आर्ट्स में दिव्या,आंचल, नितिन ठाकुर, पारस बुशैहरी, कक्षा बारहवीं में तन्वी, किर्ती, विनय, हिमाल आदि शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## बेसहारा गोवंशों के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

बनीखेत के व्यापार मंडल, यूथ क्लब तथा ग्राम पंचायत द्वारा उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज से बनीखेत में आवारा घूम रहे गोवंशों की उचित देखभाल हेतु गौशालाओं में भेजना हेतु गुहार लगाई है।

व्यापार मंडल यूथ क्लब एवं ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासन से अपील की है कि बनीखेत में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को गौशाला नैनी खड्ड या ऐसी सुरक्षित गौशाला में इंतजाम किया जाए जहां गोवंश ठंड से बच सके अगर बनीखेत की बात करें तो बनीखेत में पंचायत द्वारा गौशाला निर्मित की गई है किंतु बनी खेत के पद्दर में सर्दियों में प्रचंड ठंड पड़ती है तथा बर्फबारी के दिनों में उनकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल सा रहता है।

यूथ क्लब के प्रधान विश्वजीत कालू ने बताया कि बीते दिनों सूचना प्राप्त हुई थी एक गए जो अपने बछड़े के साथ ठंड में बेसहारा घूम रही थी जिसको आज उपमंडलाधिकारी डलहौजी अनिल भारद्वाज के सहयोग से नैनी खड्ड गौशाला भिजवा दिया गया। विश्वजीत कालू ने बताया कि बेसहारा घूम रहे गोवंशों तनुहट्टी गौशाला या नैनीखड्ड गौशाला भेज दिया जाए। यूथ क्लब के प्रधान ने स्थानीय क्षेत्र वासियों से अपील भी की है कि गोवंशों की सेवा हेतु आगे आए ताकि पुण्य की प्राप्ति हो सके।

### चौपाल कॉलेज में मोटिवेशनल टॉक

**नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में करियर काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सैल के तत्वाधान में मोटिवेशनल टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उप मंडलाधिकारी चौपाल हेमचन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

हेमचंद ने छात्रों को सम्बोधित करते कहा कि छात्रों को अपने विषय का चुनाव बड़ी सावधानी से करना चाहिए। जिस विषय में आपकी रुचि है, उसी विषय को चुनना श्रेष्ठ चुनाव है। समय की महत्ता को बताते हुए अपने लक्ष्य का चुनाव तथा उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने का सुझाव विद्यार्थियों को दिया। एसडीएम चौपाल हेम चंद ने अपने जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

## जूनियर कबड्डी में कैप्टन ध्रुव की टीम रही विजेता

**आदर्श यादव, नेरचौक**



महादेव पब्लिक स्कूल भंगरोटू में एक दिवसीय एथलीट मीट का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष संजय चौधरी शामिल हुए एथलीट मीट का आयोजन प्रधानाचार्य लता चौधरी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा आयोजित की गई विभिन्न प्रकार की खेलों में अपनी प्रतिभा को दिखाया ।

फ्रॉग रेश मे अंशुल विजेता कनिष्क उपविजेता, हैंकी रेस में दिवाकर विजेता वरुण उपविजेता, बनाना रेस में तायश ठाकुर विजेता दिव्यांशी उपविजेता, सीधी दौड़ में शौर्य विजेता सात्विक उपविजेता, वन लैग रेस में साहिल विजेता आदित्य उपविजेता, थ्री लैग रेस में हिमानी ग्रुप विजेता पल्लवी ग्रुप उपविजेता , लेमन रेस में हर्ष गुलरिया विजेता सार्थक उपविजेता तथा कबड्डी में जूनियर विंग में कैप्टन ध्रुव की टीम विजेता और सीनियर टीम में कैप्टन सक्षम की टीम विजेता रही ।

'**सच्चा** बलवान तो वही होता है, जिसने अपने मन पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया हो। –**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# रुकेगी मनमानी

घर एक ऐसी जगह होती है जहां लोग रहते हैं, आराम करते हैं और अपने परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताते हैं। अगर उसी घर को कोई तोड़ दे तो उस पर क्या बितती है यह बात तो वही जानता है जिस पर कार्रवाई होती है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को असंवैधानिक बताकर हजारों लोगों को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस कार्रवाई को उचित नहीं बताया। किसी का घर छीनना मौलिक अधिकार का हनन जैसा है। आरोपी एक व्यक्ति है तो पूरा परिवार दोषी भला कैसे हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी कई मायनों में सही प्रतीत होती है। केवल आपराधिक आरोपों या दोषसिद्धि के आधार पर संपत्तियां नहीं गिराई जा सकतीं और गिराई भी नहीं जानी चाहिए। कोर्ट ने संपत्तियों को ध्वस्त करने से पहले प्रशासन की ओर से पालन किए जाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का आदेश देकर सारी कन्फयूजन ही दूर कर दी है। अगर सरकारों को लगता है कि किसी ने नंबर दो तरीके से अवैध संपत्तियां बनाई हैं तो इस जानकारी के लिए बकायदा एक पोर्टल बनाना जाना चाहिए। अदालत ने बड़े सख्त लहजे में कहा कि गलत कार्रवाई करने पर अधिकारी पर एक्शन होगा। इससे पहले यही हो रहा था कि सरकारें अपनी मर्जी से बुलडोजर एक्शन कर रही थी। इससे समाज में भय उत्पन्न हो गया था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट की नजीर का व्यापक असर पड़ेगा।

बुलडोजर एक्शन हाल के दिनों में चर्चा का विषय बना है। कई राजनीतिक दल में इसको लेकर पक्ष और विपक्ष में तर्क देते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में देशभर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाकर भी लोगों को राहत पहुंचाई थी। अब इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है उस पर विभिन्न दलों के राजनीतिक दल तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कहीं न कहीं इस मामले में राजनीति भी हो रही है। अप्रैल 2022 में दिल्ली के जहांगीरपुरी में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया था। इस अभियान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गईं थी, जिसके बाद इस अभियान पर रोक लगा दी गई। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि वह आदेश दे कि कोई अधिकारी दंड के रूप में बुलडोजर कार्रवाई का सहारा नहीं ले सकते। अगस्त में मध्य प्रदेश और राजस्थान में बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दो याचिकाएं न्यायालय में दायर की गई थीं। किसी व्यक्ति का घर इसलिए गिरा दिया जाए कि उसके किराएदार के बेटे पर अपराध का आरोप था तो यह बात हजम नहीं होती। इसे विडंबना ही कहेंगे।

इस कार्रवाई को प्रताड़ना के रूप में देखा जाना चाहिए। कुछ लोगों ने तो इसे खुन्नसभरी कार्रवाई तक करार दे दिया था। उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले को लेकर याचिकाएं दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में जब ये याचिकाएं पहुंचीं तो इसकी सुनवाई हुई। इसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के घर को केवल इसलिए नहीं गिराया जा सकता, क्योंकि उस पर किसी अपराध का आरोप है। यदि किसी व्यक्ति ने गलत तरीके से अवैध कब्जा किया है तो कानूनी प्रक्रिया के आधार ही घर गिराया जा सकता है। इसके बाद 17 सितंबर को न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश पारित किया कि देश में उसकी अनुमति के बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। हालांकि, सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जलाशयों पर अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट ने छूट दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारित किया था। कार्यपालिका जज बनकर आरोपी व्यक्ति की संपत्ति को ध्वस्त नहीं कर सकती। इमारत को ध्वस्त करने वाले बुलडोजर का भयावह दृश्य अराजकता की याद दिलाता है। हमारे संवैधानिक लोकाचार इस तरह के कानून के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते। इस तरह से संपत्तियां ध्वस्त करने वाले सरकारी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और यही समय की मांग है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राज्य सरकारों की मनमानी पर रोक लगेगी। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर जो लक्ष्मण रेखा खींची है उसका पालन होना आवश्यक है। ■

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## प्रसिद्ध भारतीय टेनिस खिलाड़ी



**सानिया मिर्जा**
**जन्म :** 15 नवंबर, 1986

**सानिया** मिर्जा प्रसिद्ध भारतीय टेनिस खिलाड़ी हैं। सानिया मिर्जा ने 18 वर्ष की आयु में जो प्रसिद्धि भारत में ही नहीं, अपितु विश्व में प्राप्त की, वह किसी खिलाड़ी के लिए अत्यंत गर्व की बात है। 2006 में उसे 'पद्मश्री' सम्मान प्रदान किया गया। सानिया यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। उसे 2006 में ही अमेरिका में विश्व की टेनिस की दिग्गज हस्तियों के बीच डब्ल्यूटीए का 'मोस्ट इम्प्रेसिव न्यू कमर एवार्ड' दिया गया। सानिया मिर्जा ने छह वर्ष की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया। महेश भूपति के पिता सीके भूपति की देखरेख में उसकी टेनिस शिक्षा शुरू हुई। हैदराबाद के निजाम क्लब से शुरुआत करने के बाद वह अमेरिका की एस टेनिस अकादमी गई। 1999 में उसने जूनियर स्तर पर पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। सानिया जब 14 वर्ष की भी नहीं थी तब उसने पहला आईटीएफ जूनियर टूर्नामेंट इस्लामाबाद में खेला था। 2002 में भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने बुसान एशियाड के पूर्व 16 वर्षीय सानिया मिर्जा को खेलते देखा और निश्चय किया कि वह सानिया मिर्जा के साथ डबल्स में उतरेंगे। फिर इस देश को कांस्य पदक दिलाया। उसके बाद सानिया ने 17 वर्ष की उम्र में विंबलडन का जूनियर डबल्स चैंपियनशिप खिताब जीता था। सानिया मिर्जा के पिता इमरान मिर्जा अक्सर उसके अभ्यासों के दौरान उसके साथ रहते हैं। कभी मां तो कभी पिता सानिया के साथ रहते हैं। अत: माता-पिता दोनों साथ-साथ कम ही रह पाते हैं। ■

कविता



## भेड़ की खाल में हर तरफ हैं भेड़िये

*रवींद्र कुमार शर्मा*
*घुमारवीं*

*आजकल जिधर भी नजर दौड़ाओ*
*कंस और रावण ही नजर आते हैं*
*लोग भी रावण को जलाते हैं हर बार*
*न जाने क्यों कंस को भूल जाते हैं*
*कंस के रावण से कहीं ज्यादा थे अत्याचार*
*अपनी बहन की संतानों को मारा था बार-बार*
*रावण बहुत विद्वान था, लेकिन मति गई थी मारी*
*प्रभु श्रीराम के हाथों होना जो था उद्धार*
*कैसे पहचाने किसी को चेहरा देखकर*
*मुखौटे चेहरे पर लगा रखे हैं हजार*
*बाहर के लोगों से तो बचाना है बहुत ही कठिन*
*कैसे बचेगी जब घर के लोग ही करेंगे इज्जत तार-तार*
*उम्र का भी नहीं लिहाज न छोटा देखते न बड़ा*
*क्या हो गया इंसान को करता कुछ है कुछ और है कहता*
*जब भाई ने बहन की इज्जत से किया खिलवाड़*
*सोचिये कहां जा रहा जमाना जो डर के था रहता*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# महात्मा, संत, फकीर व विचारक गुरु नानक देव

'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे। एक नूर से सब जग उपजया को भले को मंदे।' ये शब्द बाबा नानक ने अपने एक प्रवचन के दौरान उस समय कहे थे, जब किसी ने बाबा जी से सवाल करते हुए पूछा था कि हिंदू और मुसलमान में से कौन बड़ा है। तो बाबा नानक ने समझाते हुए बताया था कि परमात्मा ने ही यह सुंदर प्रकाशयुक्त इंसान पैदा किया है और उसी प्रकाश के साथ उसने इस समस्त सृष्टि की रचना भी की है, जिसमें कोई भी बुरा या भला नहीं, बल्कि सभी अमूल्य व बराबर हैं। कितने ही सुंदर व तार्किक विचारों से उस संत फकीर ,बाबा नानक ने उत्तर देकर सामाजिक भेद भाव को मिटाने का प्रयास किया था। आज के संदर्भ में (दंगे फसाद वाले समाज के लिए)यह भेदभाव रहित गुरु जी का संदेश विशेष महत्व रखता है। इस महान व्यक्तित्व, संत, फकीर विचारक व सिखों के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी का जन्म 29 अक्तूबर,1469 की कार्तिक पूर्णिमा के दिन माता तृप्ता देवी व पिता मेहता कालू खत्री के घर लाहौर के समीप के गांव तलवंडी (अविभाजित भारत) में हुआ था। नानक अपने बचपन से ही सांसारिक मोह माया से दूर रहने लगे थे। पढ़ने में भी इनकी कोई विशेष रुचि नहीं थी। इसीलिए इनके पिता ने घरेलू खर्चे पानी के लिए कुछ पैसे देकर सच्चा सौदा करने के लिए भेज दिया।

गुरु नानक देव ने पिता द्वारा दिए पैसों को साधु संतों को खाना खिलने में खर्च कर दिए, जो कि नानक के लिए एक सच्चा सौदा ही था। इस तरह से बालक नानक साधु संतों के साथ रहकर भजन सत्संग, आध्यात्मिक चिंतन व परोपकारी कार्यों में व्यस्थ रहने लगा था। तलवंडी गांव के लोग नानक की जनसेवा, चिंतन व चमत्कारी कार्यों से प्रभावित हो कर उसे दिव्य व्यक्तित्व मानने लगे थे। इन सभी के साथ ही साथ उनकी बहन नानकी व गांव का प्रमुख राय बुलार गुरु नानक में विशेष श्रद्धा रखने लगे थे, लेकिन नानक के पिता हमेशा बेटे के लिए चिंतित रहने लगे थे। अभी नानक मात्र 16 वर्ष का ही था कि पिता ने बालक नानक को पारिवारिक जीवन में डालने के लिए उसे गुरदासपुर के एक गांव, लाखोंकी की लड़की सुलखनी के साथ वैवाहिक बंधन में बांध दिया। जिससे इनके दो बेटे, श्री चंद व लखमी दास हुए, लेकिन नानक अब भी अपने उन्हीं विचारों में, अर्थात इंसान सभी बराबर हैं, कोई छोटा बड़ा नहीं। सभी एक जैसे ही पैदा होते हैं उसके (परमात्मा)लिए सब बराबर हैं, जात पात तो सारा स्वार्थ का खेल है। 1507 ईस्वी में गुरु नानक देव अपने परिवार व बाल बच्चों को छोड़कर देश भ्रमण के लिए तीर्थ यात्रा पर निकल गए। भ्रमण में नानक के साथ चार अन्य साथी भी थें, जिनमें मर्दाना, बाला, लहना व राम दास शामिल थे। यात्रा के दौरान गुरु नानक देव जहां-जहां जाते ,वहां मानवता का संदेश भी देते जाते थे। किंवदंतियों व कथा कहानियों के अनुसार ऐसा भी कहा जाता है कि 1521 ईस्वी तक नानक ने अपने साथियों के साथ यात्रा के चार चक्कर लगा लिए थे। जिसमें इन्होंने अपने देश भारत के हरिद्वार, अयोध्या, मणिकरण(कुल्लू),बंगाल के साथ ही साथ अफगानिस्तान, फारस, अरब (मक्का मदीना), चीन, तिब्बत बगदाद, यरुशलम, अजरबेजान व सूडान आदि भी आ जाते हैं। गुरु नानक जी की इन यात्राओं से संबंधित कई एक किस्से और कहानियां भी सुनने को मिल जाती हैं।



**लेखक : डॉ. कमल के. प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

गुरु नानक देव हिंदू और मुसलमान में कोई भेद नहीं रखते थे, इसीलिए उनके उपदेशों और विचारों को सुनने के लिए बिना किसी जाति, धर्म, लिंग व रंगभेद के सभी लोग उनके यहां चले रहते थे। वे सर्वेश्वरवादी थे, उनका विश्वास था कि एक ही ईश्वर सबका सर्वशक्तिमान मालिक है, जो सभी का निर्माता, रक्षक व देखभाल भी करता है। मूर्ति पूजन के साथ ही साथ वे हिंदू व मुस्लिम धर्म के रूढ़िवादी विचारों व अंधविश्वासों के कट्टर विरोधी थे। इसीलिए वे अक्सर पंडितों पुजारियों व मुल्लाओं मौलवियों को सर्वशक्तिमान ईश्वर की शक्ति का अहसास दिलाते नहीं चूकते थे। गुरु नानक धार्मिक व सामाजिक सुधारों के साथ ही साथ राजनीतिक सुधारों के भी हिमायती थे। सभी के साथ समान व न्यायिक व्यवहार होना चाहिए वे कहते थे कि किसी भी प्रकार का रंगभेद या ऊंच नीच का भेद करना उस परमात्मा के साथ धोखा करने के बराबर होता है। महिलाओं के साथ भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रकृति व मानव सेवा को गुरु नानक ने सबसे बड़ी सेवा बताया है और इसी सेवा को प्रभु सेवा का ही एक रूप कहा है। मानवता की सेवा के रूप में ही गुरु नानक देव जी ने करतारपुर नामक नगर भी बसाया था और वहीं पर मानव कल्याण हेतु एक धर्मशाला का निर्माण भी अपने भक्तों की मदद से करवाया था। बताते हैं कि करतारपुर में ही कृष्ण पक्ष के दसवें दिन संवत 1517 (22 सितंबर,1539) में गुरु जी का परलोक वास हुआ था।

ऐसे भी बताया जाता है कि गुरु जी ने अपनी मृत्यु से पूर्व ही भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था, जो कि बाद में गुरु अंगद जी के नाम से जाने गए। गुरु नानक जी भक्ति काल के एक अच्छे सूफी कवि व भजन गायक थे। इनके शब्दों में फारसी, मुल्तानी, पंजाबी, सिंधी, खड़ी बोली व अरबी का प्रयोग देखा गया है। गुरुग्रंथ साहिब की गुरुवाणी में इनके 974 शब्द (19 रागों में)शामिल हैं। इस प्रकार ध्यान के लिए किसी भी प्रकार के बुत मूर्ति, मंदिर, मस्जिद, धार्मिक साहित्य या किसी अन्य प्रकार का प्रार्थना का साधन नहीं होना चाहिए, क्योंकि जिस ईश्वर के ध्यान को हम बैठते हैं, वह तो हमारे अंदर ही निवास करता है। यही तो गुरु नानक देव जी का सबसे बड़ा अपना चिंतन था। गुरु नानक जी से संबंधित किस्से कहानियों को 'साखियां' या अन्य'साक्ष्य' कहा जाता है।

यदि ये कालानुक्रमिक हो तो इन्हें जन्म साखियां कहा जाता है। इस तरह से देखा जाए, तो पहले की परंपराओं में गुरु जी की बगदाद व मक्का मदीना की कहानियां आ जाती हैं और श्री लंका की कहानियों को बाद में शामिल की बताया जाता है। ऐसा भी कहते हैं कि गुरु जी ने चीन तक पूर्व में और रोम तक पश्चिम की यात्रा की थी। गुरु जी से संबंधित जन्म साखियों (पवित्र कथा कहानियों) की साहित्य सामग्री का भी विशाल संग्रह है, जिससे गुरु नानक देव जी की जीवनी का आधार देखा जा सकता है, जो कि एक विशाल और गहरे समुद्र की भांति है। इनकी कहानियों, किस्सों और चमत्कारों का कोई अंत नहीं। कहते हैं कि जाते जाते भी गुरु जी अपने अनुयायियों को आश्चर्य में डाल गए थे। गुरु जी की मृत्यु के पश्चात इनके अनुयायियों में एक जोरदार हंगामा खड़ा हो गया था। हिंदू गुरु जी के शरीर का दाह संस्कार करना चाहते थे, जब कि मुस्लिम अनुयाई गुरु जी को दफनाने पर जोर डाल रहे थे। इसी आपसी झगड़े में ही जब गुरु नानक देव जी के मृत देह से कपड़ा उठाया गया तो, कपड़े के नीचे फूलों की ढेरी को देख कर सब चकित रह गए, मृत देह का कहीं भी कोई नामोंनिशान नहीं था। गुरु जी जाते हुए भी अपने अनुयायियों को एकता का संदेश दे गए। उस महान व्यक्तित्व, आत्मा, संत, महात्मा, बाबा फकीर को मेरा शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# बाल्यावस्था में ही बच्चों को नशे से दूर रहने पर किया जाए जागरूक

जिस प्रकार समाज में दिन-प्रतिदिन युवाओं, छात्रों और यहां तक कि छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की लत में गिरते जा रहे हैं। जो सभ्य समाज के लिए बिलकुल भी अनुकूल नहीं माना जाता है, तो वहीं छात्रों एवं बच्चों में वर्तमान में संस्कार का भी मानों एक बड़ा अभाव देखने एवं सुनने को मिलता है। जिस प्रकार भारतवर्ष में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है जिसको भारत के सर्वप्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था और उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस पहली बार 5 नवंबर 1948 को 'पुष्प दिवस' के रूप में मनाया गया था। 1954 में पहली बार बाल दिवस नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को मनाया गया था। नेहरू के जन्मदिन पर बाल दिवस मनाने के विचार को 27 मई, 1964 को उनकी मृत्यु के बाद गति मिली।

उनकी विरासत और बच्चों के अधिकारों व शिक्षा के लिए उनकी वकालत का सम्मान करने के लिए, उनके जन्मदिन को पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

पहला बाल दिवस 1964 में मनाया गया था। इस प्रकार बाल दिवस को बच्चों के साथ हंसी खुशी और प्रेरक व्यक्तित्व की कहानियों से भी हमें सफल बनाने की आवश्यकता है, तो वहीं सबसे अधिक कोई आवश्यकता है तो वह है कि वर्तमान की युवा पीढ़ी और बच्चों में हम संस्कार की शिक्षा और नशे से दूर रहने के लिए हमेशा प्रेरित करने की आवश्यकता है, तो वहीं जिस प्रकार अभिभावक अपने बच्चों के प्रति अधिक दबाव और अपेक्षाएं रखते हैं उस स्थिति में कहीं न कहीं बच्चों को आजादी मिलनी चाहिए, क्योंकि अनेक क्षेत्रों में देखने को मिलता है कि बच्चे अभिभावकों के दबाव एवं अच्छे परिणाम न आने के कारण आत्म हत्या तक को गले लगा लेते हैं, जिसका आभास अभिभावकों को शायद घटना होने के बाद आभास होता है।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस प्रकार समाज में जिस प्रकार अजीबोगरीब घटनाएं हो रही है, जो बहुत ही चिंताजनक एवं गंभीर स्थिति को दर्शाता है। इस प्रकार हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम समाज में अपने बच्चों एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने और जागरूक करने के लिए किसी न किसी रूप से आने वाले भविष्य को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने का प्रयास करते रहे, तो वहीं शिक्षक भी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नशे जैसी गंभीर लत से दूर रहने के लिए जागरूक एवं किसी न किसी रूप से प्रयास करें, क्योंकि बच्चे अभिभावकों से अधिक शिक्षकों से अधिक प्रभावित और प्रेरित भी होते हैं। तभी भविष्य में एक सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है।

वहीं बाल दिवस को हम बच्चों के मनोरंजन तक सीमित न रखें, बल्कि इस विशेष दिवस को प्रेरक और जागरूकता के रूप में सफल बनाने का प्रयास किया जाएं, ताकि भविष्य में बच्चों को संस्कारों का निर्माण हो और नशे से दूर रहकर अपने क्षेत्र समाज को इस गंभीर समस्या से कहीं न कहीं किसी न किसी रूप से निजात मिल सके, तभी शायद ऐसे विशेष दिवस को आयोजित करने और देश-समाज में बाल दिवस की महत्वत्ता और शिक्षाप्रद माना जाएगा, क्योंकि बाल्यावस्था में ही बच्चों में अच्छे बुरे, छोटे बड़े, मान-अपमान, आदर-सत्कार, संस्कार, शिक्षा इत्यादि के माध्यम से बच्चों को बेहतर भविष्य बनाने और बुरी संगत से बचपन से ही दूर रहने का प्रयास करेंगे, तो संभव है कि भविष्य में एक अच्छे व्यक्ति निर्माण हो पाएगा,जिसकी अपेक्षा समाज करता भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**कुछ** दिन पहले हमारे एक परिचित, कांगड़ा में अपने मित्रों के घर से दावत के बाद देर रात नियंत्रित गति से अपनी गाड़ी से धर्मशाला अपने घर आ रहे थे। तभी अचानक एक काले रंग की गाय से उनकी गाड़ी टकरा गई। टक्कर से गाड़ी के कई कांच टूटे और गाड़ी को काफी नुकसान हुआ। उस सुनसान सड़क पर स्ट्रीट लाइट के न होने से यह टक्कर हुई। जैसे-तैसे करके यह श्रीमान अपने घर पहुंचे। अगले दिन जब यह किस्सा साझा हुआ, तो हर किसी के मन में यही सवाल उठा कि सरकारें आवारा पशुओं के लिए कुछ करती क्यों नहीं? अंदाजा लगाइए कि यदि इनकी जगह कोई दुपहिया वाहन वाला होता, तो उसकी क्या स्थिति होती। आए दिन हम यह सुनते हैं कि आवारा पशु, फिर वो चाहे गाय, बैल हों या आवारा कुत्ते, आम नागरिकों को कितना नुकसान पहुंचाते हैं, परंतु सरकार चाहे राज्य की हो या केंद्र की, इस समस्या पर आंखें मूंद कर बैठी है। **रुक्षांत कासव, भड़वाल**

# साइबर ठगी का नया नाम है 'डिजिटल अरेस्ट'

आधुनिक भारत ने 'डिजिटल इंडिया' का रूप ले लिया है। अब जहां घर की रसोई की बजाए बाजार से खाना मंगवाया जाता है, तो वहीं फोन से पे किया जाता है। लोगों की जेब में कैश कम और स्कैन ज्यादा दिखता है। विज्ञान के ऐसे चमत्कार लाभ के साथ हानि भी करते हैं। इस बात को कहने में कोई गुरेज भी नहीं है। इसीलिए आए दिन ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं। विज्ञान जितनी प्रगति करेगा जुर्म की दुनिया के बादशाह भी अपने आप को उसके अनुरूप ढालते रहेंगे। साइबर ठग लोगों को अपने भावनात्मक और फर्जी आधिकारिक जाल में फंसाकर उनकी पसीने की गाढ़ी कमाई को एक झटके में लूट लेते हैं। अब बात साइबर अपराध में नए तरीके की करते हैं जिसका नाम है डिजिटल अरेस्ट। साइबर अपराधों में नवीनतम तरीके डिजिटल अरेस्ट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अक्तूबर को 'मन की बात' में जिक्र किया, इसी से समझा जाना चाहिए कि यह मामला कितना गंभीर हो चुका है।

डिजिटल अरेस्ट करने के लिए आपको अचानक ही एक फोन कॉल आएगा। जिसमें कॉलर बताएगा कि आपने अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या अन्य प्रतिबंधित पार्सल भेजा था या आपको यह मिला है यानी आपने इसे रिसीव किया है। कई बार आपको टारगेट करने के लिए यह फोन कॉल आपके रिश्तेदारों या दोस्तों को भी जा सकती है, जिन्हें बताया जाएगा कि आपके दोस्त या आपके रिश्तेदार ऐसे अपराध में शामिल हैं। आपको जैसे ही दोस्त या रिश्तेदार से यह सूचना मिलेगी, आप घबरा जाएंगे। उसके बाद अपराधी आपको स्काइप या किसी अन्य वीडियो कॉलिंग सिस्टम से आपसे संपर्क करेंगे। वो खुद को कानूनी अधिकारी, पुलिस या किसी जांच एजेंसी के अधिकारी के रूप में पेश करेंगे और पुलिस की वर्दी में दिखेंगे। वीडियो कॉल में आप उन्हें किसी फर्जी पुलिस स्टेशन या सरकारी कार्यालय में बैठे दिखेंगे, ताकि आपको विश्वास हो जाए।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में समय इतनी तीव्रता से घूमता है कि मात्र 12 मिनट में व्यक्ति का क्लोन बना दिया जाता है और अपने साथ घटने वाली सारी घटना सच लगने लगती है, इसे मनोविज्ञान की भाषा में 'फुट इन द डोअर' मनस्थिति कहा जाता है। कुल मिलाकर साइबर अपराधी मानव मनोविज्ञान का दोहन करके आपसे आपके पसीने की कमाई लूट लेते हैं और आप बेबस होकर लुटते जाते हैं। अंत में अपराधी आपसे 'समझौता' करने या 'मामले को बंद करने' के लिए पैसे मांगेंगे, लेकिन पैसे तभी मांगे जाएंगे, जब आप मजबूर हो चुके होंगे। यह सारा खेल डर, डिजिटल निरक्षरता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समावेश से खिलाया जाता है और इसमें फंसने वाले 80 प्रतिशत लोग वही होंगे, जिन्हें डिजिटल टेक्नोलॉजी की कम समझ होगी। पुलिस की कार्य प्रणाली और कानून का मौलिक ज्ञान न होना भी एक कारक है तो साइबर अपराध को जन्म देता है। जिस गति से डिजिटल क्रांति हुई है उस तेजी से पुलिस की कार्य प्रणाली तथा आईटी कानूनों में संशोधन नहीं हुए हैं।



**लेखक : रोहित कुमार गुप्ता**
आईजीएमसी शिमला

सावधानियों और सतर्कता के साथ ही इस तरह के फ्रॉड से बचा जा सकता है। सबसे मूल बात है कि पुलिस, सीबीआई, ईडी के नाम से बिलकुल भी न डरें, ये सभी एजेंसी सुरक्षा के लिए है न कि डराने के लिए। दूसरी बात इन एजेंसी के कार्य करने की शैली कभी भी डिजिटल माध्यम से नहीं होगी, क्योंकि कानून में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं। फोन सुनती बार कभी भी अपनी जानकारी साझा मत कीजिए और यदि कुछ भी अनहोनी की आशंका लगे, तो तुरंत वो फोन काट कर पुलिस साइबर सुरक्षा द्वारा दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। याद रहे हमने अपनी जो भी जानकारी किसी भी डिजिटल रूप में किसी भी ऐप पर साझा की है वो 100 प्रतिशत सुरक्षित नहीं है, इसलिए साइबर अपराधियों के पास हमारी मूल जानकारी होती ही है, इसलिए यदि फोन बात करने वाला व्यक्ति यदि हमारी कुछ जानकारी बताता है कि हम कहां रहते हैं या क्या काम करते हैं, तो इसमें कोई हैरानी वाली बात नहीं होनी चाहिए, इसलिए किसी भी नई ऐप का इस्तेमाल सोच समझकर करना चाहिए।

साथ ही सोशल मीडिया जैसी ऐप पे भी अपनी सारी जानकारी और हर फोटो अपलोड करने की जरूरत नहीं है कि आप कहां जा रहे हैं और आज अपने कौन सी कार खरीदी, क्योंकि लाइक और कमेंट की दुनिया के बाहर भी एक दुनियां है जो अपराध करने के लिए आपकी इन्ही छोटी छोटी बातों का प्रयोग करके आपको प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सरकार बैंक, ट्राई, साइबर सुरक्षा की ओर से जगरूकता संदेश बार-बार फोन पे आते रहते हैं कि हम कभी आपको कॉल करके आपकी पर्सनल इंफॉर्मेशन नहीं मांगते हैं, उसपे गौर करते रहिए फर्जी फोन कॉल से बचने के लिए पुलिस विभाग ने चक्षु पोर्टल लॉन्च किया है उसका उपयोग शिकायत करने के लिए कीजिए। किसी भी अनजाने व्यक्ति को फोन से डिजिटल ट्रांजेक्शन करने से हमेशा सतर्क रहें। इसलिए याद रहे सरकार के सहयोग और अपनी जागरूकता से ही साइबर अपराध को रोका जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# धन्य हैं प्रभु राम, सदैव बना रहे आपका आशीर्वाद सभी भक्तों पर

प्रभु राम को मेरा सादर चरण स्पर्श, आज मेरी खुशकिस्मती रही कि मुझे मेरे राम ने, मेरे प्रेरणास्रोत, मेरे मार्गदर्शक, मेरे भगवान श्री राम के पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अब जो भगवान श्री राम के बारे में कहने जा रहा हूं वो सिर्फ और सिर्फ सूर्य को दीया दिखाने जैसा काम होगा, मुझे पता है कि वो शब्द मैं ढूंढ ही नहीं पाऊंगा, जो सही से आपका व्याख्यान कर सकेगा।

फिर भी मुझे कहना है कि मेरी प्रगति में अपना समय और ऊर्जा लगाने के लिए आपका प्रोत्साहन और इच्छा अविस्मरणीय रही है, मैंने कुछ मूल्यवान जीवन के सबक सीखे हैं, जो मैं अपने पूरे जीवनकाल में साथ लेकर चलूंगा। आपने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए कृपया मेरी ईमानदारी से कृतज्ञता स्वीकार करें। आपकी विशेषज्ञता, व्यावसायिकता और समर्पण ने मेरे जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है। आपको एक गुरु के रूप में पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। आपने मुझे जो कठिन, लेकिन जरूरी सबक सिखाए हैं, उनके लिए धन्यवाद। आपके निरंतर प्रोत्साहन के कारण मुझे खुद पर और अपनी क्षमताओं पर बहुत अधिक विश्वास है। 'मुझे हमेशा सही रास्ते पर वापस लाने के लिए प्रभु राम को चरण स्पर्श। मुझे नहीं पता कि भगवान श्री राम के बिना मैं कहां होता, सिवाय इसके कि मैं खो गया होता। आपके मार्गदर्शन और शिक्षण ने मुझे वह दृष्टिकोण और मार्गदर्शन दिया है जो मुझे अन्यथा नहीं प्राप्त होता। थोड़े समय में, प्रभु राम ने मुझे ऐसी चीजें सिखाई हैं, जिन्हें सीखने में मुझे सालों लग जाते। मुझे मार्गदर्शन देने और अपने कई वर्षों के अनुभव से मुझे लाभान्वित करने के लिए बारंबार चरण स्पर्श, नि:संदेह भगवान श्री राम इस समय के सबसे महान हैं।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मैं आपके सभी कार्यों की प्रशंसा करता हूं और मैं भगवान श्री राम के पदचिन्हों पर चलने की आशा करता हूं। प्रभु राम ने ही मुझे अपनी वास्तविक क्षमता को पूरा करने के लिए प्रेरित किया है।' प्रभु राम ने मेरी सफलता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभु राम के ध्यान में जो समय बिताया, उसके कारण मुझे ऐसा लगता है कि आपकी मार्गदर्शन क्षमता मेरे संस्कार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि प्रभु राम के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के लिए मैं कितना नतमस्तक हूं। आप एक ऐसे आदर्श गुरु भी रहे हैं और मैं आपको जितना प्रणाम कर सकता हूं, उतना कम है। आपने मुझे जो कुछ भी सिखाया है, मैं उसकी पूजा करता हूं।

मुझे नहीं पता कि आप इस बात से अवगत हैं या नहीं, लेकिन मैंने हमेशा आपको एक ईश्वर और गुरु के रूप में उतना ही माना है जितना कि अर्जुन ने अपने सारथी रूपी कृष्ण को। मेरे लिए एक शानदार उदाहरण बनने के लिए धन्यवाद।

प्रभु राम ने समय, प्रयास, धैर्य और देखभाल के लिए बारंबार प्रणाम। भगवान राम ने पूर्ण संसार के लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए बहुत-बहुत नतमस्तक हूं। भगवान राम ने मेरी हर संभव मदद करने के लिए अथक प्रयास किया है। प्रभु राम की मैं की दयालुता और ज्ञान के शब्दों को कभी नहीं भूलूंगा और जो सबसे आपको अलग पहचान देती है वो है आपका अपने शिष्यों से जुड़ाव, उनके परिवार से लगाव, उनकी स्थिति व परिस्थितियों से अपने आप को जोड़कर रखना, ईश्वर ने शिष्यों को एकसूत्र में बांधकर रखना, उनके दर्द को, तकलीफों को अपना समझना आना जाने कितनी सारी विशेषताएं हैं जो भगवान श्री राम के अंदर मौजूद हैं जिनको मैं आपकी दया को बयां नहीं कर सकता। भगवान से मेरी प्रार्थना है कि आप हमेशा सभी को स्वस्थ रखें, मस्त रहें और आपका आशीर्वाद सदैव सभी भक्तों पर बना रहे।

आपका हृदय इतना विशाल है कि उसमें सारा ब्रह्मांड समा भी जाए तो कम होगा, मैं आपके चरणों का दास बना रहूं यही कामना करता हूं। आपके उपकार का एक एक कण जीवन को आनंद से भर देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंडित जवाहरलाल नेहरू, आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे जिन्हें लोग और बच्चे प्यार से चाचा नेहरू कहते हैं उनका बच्चों से बहुत स्नेह था। यही वजह से 14 नवंबर के मौके पर उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी चंपा ठाकुर ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता भारत के ऐसे प्रधान मंत्री रहे जिन्होंने स्वतंत्र भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने का प्रयास किया और भारत देश को आगे ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

### अनिल राणा ने नलयाणा स्कूल को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला नलयाणा की प्रबंधन समिति की मासिक



बैठक मुख्य अध्यापक मुख्तार चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आपार पंजीकरण के बारे में अभिभावकों से संवाद किया गया और अभिभावकों को आपार पंजीकरण की जानकारी दी। सरकार द्वारा चलाई गई योजना जिसमें कोई भी समाज सेवी, सेवानिवृत्त या अन्य कोई भी अपना विद्यालय के तहत किसी भी विद्यालय को गोद ले सकते हैं। इसी कड़ी में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अनिल राणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला नलयाणा को गोद लिया। इस मौके पर एसएमसी के अध्यक्ष संजीव, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मदन गोपाल, चेतराम शास्त्री, अभिभावक वर्ग तथा स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### 17 से मोबाइल मॉर्केटिंग शुरू करेगा एफपीओ धर्मपुर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एफपीओ धर्मपुर 20 नवंबर तक राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के दौरान मोबाइल मॉर्केटिंग शुरू करने जा रहा है। जिसके चलते सबसे पहले 17 नवंबर को सजाओपीपलु में हो रहे जिला स्तरीय सहकारिता सप्ताह समारोह में प्रदर्शनी एवं बिक्री स्टॉल लगाया जाएगा और 18 तारीख को धर्मपुर में हो रहे रेडक्रॉस मेले में बिक्री स्टॉल लगाया जाएगा। उसके बाद 20 नवंबर से भराड़ी-सजाओपीपलु से दो गाड़ियों से मॉर्केटिंग शुरू की जाएगी। अध्यक्ष सत्तपाल चौहान और कार्यकारी महासचिव डॉ. कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि मॉर्केटिंग के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। धाड़ता, सजाओ और रखोह क्षेत्रों में निर्मला पठानिया के नेतृत्व में तथा धर्मपुर, स्योह, सिद्धपुर, मढ़ी, संधोल, बरोटी, मंडप की ओर रजनी सकलानी के नेतृत्व में मॉर्केटिंग कार्य किया जाएगा। कार्यकारी महासचिव डॉ कुलदीप ने बताया कि एफपीओ ने वर्मी कम्पोस्ट जैविक खाद बनाने के बारे समैड़ और संधोल में गत दिनों ट्रेंनिंग दी है और अब नाल्ड-लौंगनी स्थित गौ सदन में सरी, बिंगा, लौंगनी और जोढन के महिला समूहों को 26 नवंबर को ट्रेंनिंग दी जा रही है। ढींगरी मशरुम तैयार करने की ट्रेंनिंग 27 नवंबर को दी जाएगी।

### बाल मेले में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किया प्रस्तुत



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमालय स्कूल सरकाघाट में बाल मेले का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि बाल मेले का शुभारंभ किया। बाल मेले में क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग पोस्टर मेकिंग, ड्राइंग, मैथ्स, साइंस व सोशल साइंस प्रोजेक्ट आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाल मेले में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मनमोह लिया। हिमालयन स्कूल की प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने बच्चों की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को और अधिक निकालने के लिए प्रोतसाहित किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सह सचिव रणजीत सिंह, सुजाता, अध्यापक व अभिभावक वर्ग तथा समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने आपदा जोखिम से निपटने का सीखा गुर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला आपदा प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से उपमंडल सरकाघाट में 12 से 14 नवंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का समापन समारोह सरकाघाट के एसडीएम कार्यालय में किया गया जिसमें अध्यक्षता एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की दिशा में समुदाय को सशक्त बनाना और आपदा जोखिम को कम करना था। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सरकाघाट की चार पंचायतों-गोपालपुर, ढलवांन, चौक और गाहर के करीब 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।

### कामगारों को मिलने वाली सुविधाओं की दी जानकारी



**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** विकासखंड बालीचौकी के सभागार में हिमाचल प्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कामगारों को श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाली 13 सुविधाओं की जानकारी भी दी। पूर्व पंचायत समिति चेयरमैन दलीप सिंह ठाकुर के आग्रह पर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर बालीचौकी में 3 मास के भीतर कल्याण बोर्ड का उपमंडल स्तरीय कार्यालय खोलने की भी घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीश रेड्डी ने समय मे सराज के अन्य छूटे हुए क्षेत्रों में भी इस तरह के आयोजन करवाएं जाएंगे। जागरूकता शिविर के मुख्य आयोजक एवं हिमाचल प्रदेश मनरेगा कामगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत राम ने कामगारों से आग्रह किया कि कल्याण बोर्ड की सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आगे आए। उन्होंने मनरेगा कामगारों की सुविधाएं बहाल करवाने के लिए मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया। श्रमिक कल्याण बोर्ड के इस शिविर में सराज की नर्सिंग छात्रा अंजना ठाकुर की कथित हत्या को लेकर मौन भी रखा गया। इस दौरान कांग्रेस नेता जगदीश रेड्डी ने कहा कि इस मामले को लेकर वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

### ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ से आए अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य ने किया आह्वान-

# सनातन विरोधी ताकतों से रहें सतर्क

**अनिल शर्मा, मंडी**

श्रीरामार्चा महायज्ञ व श्रीराम कथा के अंतिम दिन अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्री 1008 ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ जिला मंदसौर मध्यप्रदेश ने मंडी में शिरकत कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि अपनी रसोई में स्टील की जगह धातुओं के बर्तनों का उपयोग करें और सनातन के दुश्मनों से सतर्क रहते हुए शास्त्र पद्धति को अपनाएं।

एक काल ऐसा आया जब प्राणों का भय दिखाकर सनातन विरोधी ताकतों ने बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन करवा दिया, लेकिन आज लौटने में कोई भय नहीं है, क्योंकि सबका कल्याण केवल सनातन धर्म से ही होगा। इसलिए सनातन को अपनाते हुए अपनी दिनचर्या को वैदिक रीति से सुधारें, जिससे उम्र में वृद्धि होने के साथ साथ परलोग भी सुधर जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी भक्ति वैसे बचाएं जैसे दीपक को कीट पतंगों से बचाते हैं।

अंत समय में केवल श्रीराम नाम ही सबका सहारा बनते हैं, इसलिए अभ्यास करते रहिए, ताकि अंतिम



अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य प्रवचन देते हुए व मौजूद भक्त।

समय में राम राम ही मुख से निकले। अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य ने अनेकों बातें बताते हुए वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया। श्रीराम कथा के समापन उपरांत महंत राजेश्वरानंद

**कहा-भक्ति वैसे बचाएं जैसे दीपक को कीट पतंगों से बचाते हैं**

सरस्वती ने ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच श्रीरामार्चा महायज्ञ महोत्सव की पूर्णाहुति विधि को पूर्ण किया। तदोपरांत सभी श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति में भाग लिया।

भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर लोगों ने अपने जीवन को कृतार्थ किया। वहीं देव गणपति जलौनी और जालपा देवलुओं सहित यज्ञ पूर्ण कर विदा हुए। श्रृंगा ऋषि शुक्रवार सुबह पड्डल से रवाना होंगे।

### लंका विजय कर अयोध्या पहुंचे भगवान श्रीराम



**मंडी** के पड्डल मैदान में हो रहे नौ दिवसीय श्रीरामार्चा महायज्ञ व श्रीराम कथा के अंतिम दिन श्री मानस पीठ खजुरीताल जिला मैहर मध्यप्रदेश से आए कथा व्यास श्रीमानस पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज ने श्रीराम कथा का आरंभ श्रीराम नाम संकीर्तन से किया। तदोपरांत श्रीराम और हनुमान का मिलन दृश्य वर्णित किया गया। सुग्रीव और बाली युद्ध का प्रसंग और सुग्रीव द्वारा माता सीता की खोज के लिए सुग्रीव का पूरी पृथ्वी के पर्वतों, नदियों और प्रत्येक वस्तु का वर्णन करते हुए दसों दिशाओं में वानरों को भेजा गया। इसके उपरांत जाम्वन्त ने हनुमान को उनकी शक्ति का स्मरण करवाया और वह समुद्र लांघकर लंका पहुंच गए। इसके उपरांत लक्ष्मण और मेघनाथ का भयंकर युद्ध का प्रसंग सुनाया गया। अंतिम युद्ध में मेघनाथ की मृत्यु को प्राप्त हुआ। कुंभकर्ण सहित रावण के सभी प्रमुख वीर युद्ध में श्रीराम और लक्ष्मण के हाथों मारे गए। इसके उपरांत रावण और श्रीराम का भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें रावण अचेत हो गया। युद्ध में श्रीराम ने रावण की माया को चीरते हुए उसका वध कर दिया। इसके उपरांत वभीषण को लंका का राज्य सौंपा गया। इसके उपरांत भरत और श्रीराम का मिलन का प्रसंग सुनाया और श्रीराम अयोध्या के सिंहासन पर विराजमान हुए। तत्पश्चात मंगलाचरण कर आरती कर श्रीराम कथा का विधिवत समापन हो गया। (अनंत ज्ञान)

## स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने वाला धर्मपुर अस्पताल खुद बीमार

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर मुख्यालय में स्थित सिविल अस्पताल धर्मपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर कमी के कारण मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि सिविल अस्पताल धर्मपुर में धर्मपुर क्षेत्र के ही नहीं अपितु जोगिंद्रनगर उपमंडल के नेरी, लांगणा, कोठी, तुलाह, तक के लोग यहां स्वास्थ्य उपचार के लिए आते हैं मगर उन्हें प्राथमिक उपचार देकर यहां से रेफर किया जाता है और लोगों को मजबूरी में नेरचौक, हमीरपुर या बिलासपुर एम्स में स्वास्थ्य लाभ लेने जाना पड़ता है जिससे लोगों का पैसा और समय दोनों जाया हो रहा है।

इस सिविल अस्पताल में वर्तमान समय में 9 डॉक्टर हैं जिनमें 8 सामान्य डॉक्टर और एक दंत चिकित्सक शामिल है। विशेषज्ञ डॉक्टरों में केवल बालरोग और नेत्ररोग दो ही मौजूद है, मगर वो भी बिना आवश्यक उपकरणों के अपाहिज बैठे है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 130 मरीज आते हैं, लेकिन सुविधाओं का अभाव, उन्हें आवश्यक सेवाएं प्राप्त करने से रोक रहा है। पिछले 6 महीने से अस्पताल का निर्माण कार्य



भी ठप्प पड़ा हुआ है जिससे इसकी स्थिति और भी बदतर हो गई है। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट और ऑपरेशन थिएटर की सुविधा भी नहीं है। यह अस्पताल सरकारी तौर 100 बिस्तर का अस्पताल घोषित है, मगर वर्तमान में यहां 30 बिस्तरों की ही व्यवस्था है। महिला रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) और मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी की चलते मरीजों को आवश्यक उपचार नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी के 10 पदों में से केवल चार कर्मचारी हैं जिनमें से दो विकलांग है।

### क्या कहा अधिकारियों ने

**बीएमओ** संधोल धर्मपाल ने कहा कि इसके बारे में सीएमओ मंडी ही कुछ बता सकते हैं और हम इस बारे कुछ कहने के लिए अधिकृत नहीं है। वहीं दूसरी तरफ जब सीएमओ मंडी नरेंद्र कुमार से संपर्क किया गया उन्होंने कहा कि इसके बारे में बीएमओ से बात करूंगा और फोन काट दिया।

## आज से बंद हो जाएंगे माता शिकारी देवी मंदिर के कपाट

**अनंत ज्ञान, मंडी**

आज से यानी 15 नवंबर से जिला मंडी के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता शिकारी देवी के मंदिर आगामी आदेशों तक बंद रहेंगे। सर्दी के मौसम के दौरान ठंड व बर्फबारी के कारण यात्रियों की आवाजाही प्रतिबंधित करने व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए माता शिकारी देवी मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ एसडीएम थुनाग रमेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिकारी माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष व एसडीएम थुनाग में सर्दी के मौसम में होने वाली संभावित बर्फबारी के कारण मंदिर के रास्ते व सड़कें बंद हो जाती है जिससे इन रास्तों व सड़कों में यात्रा करना मुश्किल हो जाता है तथा ऐसी स्थिति में हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है, इसके चलते मंदिर की सुरक्षा व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैठक में यह निर्णय लिए गया कि आगामी 15 नवंबर से माता शिकारी देवी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए आगामी आदेशों तक बंद रहेंगे।

एसडीएम थुनाग के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह इस निर्णय को समझें तथा सर्दी के मौसम के दौरान ठंड व बर्फबारी की अवधि के दौरान मंदिर न जाए।

## सराज की नर्सिंग छात्रा की संदिग्ध मौत पर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

बीते 23 अक्टूबर को सराज हल्के के गुराण गांव की नर्सिंग छात्रा अंजना ठाकुर की कथित मौत को लेकर वीरवार को बालीचौकी में स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने माकपा के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान लोगों ने वाद्य यंत्रों के साथ अंजना ठाकुर को न्याय दिलवाने के लिए नारेबाजी की और प्रदेश सरकार के मुखिया को हस्तक्षेप करने की भी गुहार लगाई। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। उपमंडल मुख्यालय में प्रदर्शन के उपरांत सब्जी मंडी मैदान में एक जनसभा



सीटू के बैनर तले अंजना को इंसाफ दिलाने के लिए धरना-प्रदर्शन करते हुए लोग।

का भी आयोजन किया गया। इस दौरान माकपा के राज्य सचिव डॉक्टर ओंकार शाद, जिला सचिव कुशाल भारद्वाज, वीना वैद्य व महेंद्र राणा ने भी जनसभा को संबोधित किया।

तमाम वक्ताओं ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश में समोसे की तो सीआईडी जांच होती है लेकिन बेटी के हत्या की साधारण जांच भी नहीं होती है। माकपा नेता महेंद्र राणा ने कहा कि अंजना को न्याय दिलवाने के लिए जनता संघर्ष करेगी और आने वाले 3 दिनों तक चलने वाले जिला सम्मेलन में योजना बनाई जाएगी। ताकि छात्रा की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस प्रशासन पर दबाव डाला जा सके।

### सराज छात्र कल्याण संघ ने अंजना की हत्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बालीचौकी।** सुंदरनगर के अरोमा नर्सिंग कॉलेज में पढ़ रही छात्रा अंजना ठाकुर की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से आक्रोश देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों विरोध प्रदर्शन किया गया जिसके पश्चात सुंदरनगर पुलिस द्वारा 17 दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई।

एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी के चलते सराज छात्र कल्याण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल एडीसी मंडी से मिला और संबंधित केस में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई। यह जानकारी सराज छात्र कल्याण संघ के वर्तमान अध्यक्ष तुपेंदर ठाकुर द्वारा प्रदान की गई।

## महान क्रांतिकारियों की जीवनियों पर पुस्तकों की लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल**



राजकीय महाविद्यालय लड भड़ोल में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने किया।

पुस्तकालय की अध्यक्षा संचिता ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर आधारित पुस्तकों का प्रदर्शन होगा। पहले दिन आध्यात्मिक दर्शन, धार्मिक साहित्य और महान क्रांतिकारियों की जीवनियों से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुस्तकें जीवन और व्यक्तित्व को बदलने की अद्वितीय क्षमता रखती हैं। ऐसे आयोजन छात्रों में अध्ययन के प्रति रुचि और जागरूकता को बढ़ावा देंगे।

### योरा निवासी संसार चंद लापता, शिकायत दर्ज

**जोगिंद्रनगर।** पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में योरा निवासी संसार चंद (47) के लापता होने का मामला सामने आया है। उनकी पत्नी निर्मला देवी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके पति 11 नवंबर को सुबह 6 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए और तब से उनका कोई पता नहीं चला है। परिवार ने संभावित सभी स्थानों पर उनकी तलाश की, परंतु उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अगर किसी को लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## 19 को फिर से मंडी में गूंजेगा मस्जिद का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

छोटी काशी संघर्ष समिति के बैनर तले 19 नवंबर को एक बार फिर से मंडी शहर के जेल रोड में स्थित मस्जिद का मुद्दा गूंजेगा।

यह जानकारी समिति की ओर से गगन बहल और गोपाल कपूर द्वारा एक प्रेस वार्ता में दी गई। पहले भी सितंबर में यह मुद्दा शहर भर में खूब गुंजा था। दोनों ने संयुक्त अभियान में यह जोर देकर कहा कि वह मंडी शहर के सभी लोगों का इस दिन 11ः00 बजे सेरी में इकट्ठा होने का आवाहन कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने इस बात को जोर देकर कहा कि यदि कोई ना भी आए तब भी



जानकारी देते गोपाल और गगन बहल।

दोनों ही संघर्ष की राह पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि 1947 से पहले वहां पर शिवालय था। क्योंकि जिस तरह से शहर में कामेश्वर मंदिर का स्ट्रक्चर है ठीक वैसा ही वहां पर भी है।

उन्होंने कहा कि हालांकि ऐसे कार्यों के लिए कानूनी मध्यम ही ठीक रहता है लेकिन यह लंबा प्रोसेस है। इसलिए ऐसे कार्यों में जनता की ओर से कुछ दबाव बनाकर शीघ्रता करवाई जा सकती है। शिमला में 14 साल से कार्रवाई चल रही थी लेकिन जब दबाव बना तो फैसला जल्दी बाहर आया।

उन्होंने मांग की कि पंजाब वक्फ बोर्ड और हिमाचल वक्फ बोर्ड के बारे में स्पष्टता से नोटिफिकेशन जारी होनी चाहिए ताकि सभी कुछ पारदर्शी रहे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मीडिया के माध्यम से खसरा नंबर 1280 के बारे में देव स्थान या मस्जिद के बारे में स्पष्ट किया जाए जाए। गोपाल कपूर के अनुसार 19 नवंबर का कार्यक्रम गगन बहल के नेतृत्व में होगा जबकि अपनी लड़ाई वे खुद लड़ेंगे।

## श्रमिक बोर्ड में मजदूरों की सहायता दो साल से लंबित : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर का मंडी जिला का तीन दिवसीय दौरा वीरवार को बालीचौकी में संपन्न हुआ।

सीटू के जिला प्रधान व बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ये दौरा जब मंडी जिला के 35 हजार मजदूरों की करोड़ों रुपए की सहायता पिछले दो साल से जारी नहीं हो रही है। जबकि सीटू लंबित सहायता राशी जारी करने के लिए पिछले लंबे समय से मांग कर रही है लेकिन अभी तक मंडी ज़िला के किसी भी मजदूर को वित्तिय सहायता वर्तमान सरकार के समय जारी नहीं हुई है। जिससे मज़दूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वे पिछली छह बैठकों से ये मांग उठा रहे हैं लेकिन बोर्ड कार्यालय द्वारा बार-बार मजदूरों के आवेदनों को वापस भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा मजदूर मंडी जिला के ही पंजीकृत हुए हैं लेकिन उन्हें पिछले दो साल से वित्तिय सहायता जारी नहीं हो रही है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और पिछले सप्ताह ऑनलाइन पंजीकरण व एकेवाईसी के लिए एक नई ऐप बिना चर्चा व अनुमति के जिलों को जारी कर दी है और उसकी सूचना बोर्ड सदस्यों को नहीं दी गई है। जिसका सीटू जिला अध्यक्ष व बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने लिखित विरोध किया है और 16 नवंबर को इस बारे चर्चा करने और इसके खिलाफ योजना बनाने के लिए हमीपुर में सभी ट्रेड यूनियनों की संयुक्त मीटिंग बुलाई गई है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बोर्ड कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया तो सीटू बोर्ड कार्यालय पर दिसंबर माह से निरंतर धरना प्रदर्शन शुरू करेगी।

### फोरलेन निर्माण से समस्याएं लोगों ने एसडीएम को बताईं

**सुंदरनगर।** पूंग-नौलखा सुंदरनगर बाईपास के प्रभावितों का प्रतिनिधिमंडल उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर से मिला, जिन्हें फोरलेन निर्माण के कारण हुई समस्या बारे जानकारी दी। एसडीएम ने समस्याओं को सुना और जायज ठहराया और एनएचएआई के साथ चर्चा करके हल करवाने का आश्वासन दिया।

वहीं बैठक करवाने का भी फैसला किया। एसडीएम सुंदरनगर के आश्वासन के उपरांत प्रभावितों ने अपना आंदोलन आगामी बैठक तक स्थगित करने का निर्णय लिया। बैठक में निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने और कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग दोहराई गई।

## वार्षिक समारोह में मेधावी छात्र सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राजकीय उच्च विद्यालय किंदर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की स्कूल प्रबंधन ने मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि ने कहा की प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाई है उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में छह हजार से ज्यादा नियुक्तियां सरकार ने की है और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की जो भी विकास कार्यों की कमियां थी,



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर

संस्थानों की कमी थी उन्हें उन्होंने समय रहते पूरा करवाया है।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुख्य अतिथि ने आयोजकों को अपनी ओर से 5100 की राशि भेंट की।

**बारिश की बेरुखी** — एक महीने से बारिश न होने से गेहूं की फसल की बिजाई पर पड़ा बुरा प्रभाव

# सूखे की मार झेल रहे मंडी के किसान

**उमेश, सुंदरनगर**

जिला मंडी में बारिश की बेरुखी से लगातार सूखे के हालत बने हुए हैं। बीते एक महीने से क्षेत्र में आसमान से बारिश की एक बूंद भी बरसी नहीं है। इसका सीधा असर रबी सीजन में खेतों में बोए जाने वाली गेहूं की फसल पर पड़ रहा है। बता दें कि जिला मंडी में 65 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की जाती है।

पोस्ट मानसून में अच्छी बारिश होने से अक्टूबर महीने में गेहूं की बिजाई का काम शुरू हो जाता था। लेकिन इस बार बारिश न होने से



फसल बिजाई के लिए बारिश का इंतजार करते किसान।

जिला में 80 से 85 प्रतिशत भूमि खाली पड़ी हुई है। प्रदेश में 15 नवंबर तक का समय गेहूं की बिजाई के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन जमीन में पर्याप्त नमी न होने से किसानों के चेहरों पर फसल को लेकर चिंता नजर आ रही है।

कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला मंडी में करीब 80 प्रतिशत भूमि का क्षेत्रफल असिंचित होने के कारण फसलों की बिजाई के लिए पूरी तरह से बारिश पर निर्भर है। देश सहित प्रदेश में रबी सीजन की गेहूं महत्वपूर्ण फसल है। उन्होंने कहा कि बीते एक माह से मंडी जिला के सिंचित क्षेत्र में सब्जियों और गेहूं की बिजाई की गई है। अधिकतर भूमि पर नमी नहीं है और इस कारण केवल मात्र 10 से 15 प्रतिशत भूमि पर ही बिजाई की गई है। गेहूं की फसल की बुआई को लेकर शुरूआती दौर समाप्त हो गया है। डॉ. पंकज सूद ने कहा कि किसान 20 नवंबर तक विभाग द्वारा मुहैया करवाई गई गेहूं की वैरायटी की बिजाई की जा सकती है।

वहीं आने वाले दिनों में क्षेत्र में बारिश होती है तो गेहूं की बिजाई जोर पकड़ सकती है। लेकिन देरी से बिजाई होने का सीधा प्रभाव गेहूं की पैदावार पर पड़ेगा।(अनंत ज्ञान)

### माकपा ने सीपीएस हटाने का किया स्वागत

**सरकाघाट।** मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता व पूर्व जिला पार्षद ने हिलाचल प्रदेश उच्चन्यायालय द्वारा सुखु सरकार द्वारा नियुक्त किए गए छः सीपीएस को हटाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा एक तरफ सरकार सुक्खू सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का नारा दिया है और प्रदेश में वित्तिय संकट के चलते कई प्रकार की जन सुविधाओं को बंद कर दिया है, लेकिन चेहतों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कई प्रकार की नियुक्तियां की है जिनमें सीपीएस और सलाहकार नियुक्त किए हैं।



भूपेंद्र सिंह।

## छात्राओं ने कार्यक्रम में बांधा समां



कार्यक्रम के दौरान नृत्य करती छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बाल दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करके उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रशिक्षु छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों से समां बांध कर सबका मन मोह लिया कुछ छात्राओं ने नशा एक जहर का नाट्य रूपांतरण किया और नशे के नाश की शपथ ली कॉलेज स्टाफ और प्रबंधन की तरफ से सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया इस अवसर पर कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर नेहा ठाकुर उप प्रधानाचार्य प्रियंका ठाकुर, होनित शर्मा स्वाति जमवाल पूनम शर्मा कुसुम ठाकुर वेशाली शर्मा मीनाक्षी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर करवाया कार्यक्रम

**जोगिंद्रनगर।** आरजीएम राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. निशा वैद्य ने की, जबकि इसका आयोजन शिक्षा विभाग की प्रमुख डॉ. पर्निता कुमारी गुरदेल के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में भाषण और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन हुआ। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की अनन्या ठाकुर ने पहला स्थान हासिल किया, वहीं शालिनी वर्मा और मुस्कान व गार्बिश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### सलोह स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एनएसएस शिविर में बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत कैसे हुई, इसके संस्थापक कौन थे, इन सभी बातों पर बच्चों को जागरूक करने के लिए रिसोर्स पर्सन सतीश शर्मा ने सलोह विद्यालय में शिरकत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का क्या उद्देश्य यह है कि कहीं भी कोई दीन-हीन हैं या जरूरतमंद व्यक्ति हों, उसकी मदद करना होता है। उन्होंने कहा कि आठ पहरों में से कभी भी किसी भी समय राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा को आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना है। उन्होंने बच्चों को मेहनत से काम करने की अपील भी की।

### धर्मपुर स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इस समारोह में जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्लोगन, लिखित, पोस्ट मेकर व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रदीप सैनी, मुख्यातिथि विनोद कुमार, ग्राम पंचायत प्रधान सुभद्रा देवी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह में केंद्रीय प्राथमिक पर धर्मपुर ने भी भाग लिया। इस अवसर माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर के सभी अध्यापक व एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्रों को जल की गुणवत्ता के बारे बताया



**ऊना।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ सात दिवसीय एनएसएस शिविर मे जल शक्ति विभाग हरोली की ओर से पूनम सैणी ने बच्चों को पानी की टेस्टिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पानी के महत्व, साफ-सफाई और अनुशासन के बारे में जानकारी दी। पाठशाला में 14 नवंबर को बाल दिवस भी मनाया गया। इसमें एनएसएस के बच्चों ने अनुशासन बनाए रखने और बच्चों को खाना खिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। शिविर में 28 एनएसएस स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्या स्नेह लता शर्मा व एनएसएस प्रभारी संदीप कुमार और सह प्रभारी गुरप्रीत कौर और स्टाफ के अन्य सदस्यों ने पूनम सैनी को सम्मानित किया। बच्चों में दीक्षा देवी, तनवीर कौर, लक्ष्मी देवी, सुनाक्षी, अक्षिता शर्मा, रिद्धि ठाकुर, दीपिका कौशल, रितिका आदि मौजूद रहे।

### मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ



**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय 'लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया' था। सेमिनार के मुख्य वक्ता द्वितीय वर्ष के छात्र वासु शर्मा और निखिल थे। उन्होंने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली की खूबी यह है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देती है और प्रत्येक व्यक्ति को एक स्थान दिया जाता है, जहां मीडिया का उपयोग विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गतिविधियों के बारे में जागरूक करने के लिए किया जाता है, मीडिया दुनिया के लिए एक दर्पण की तरह है जो दुनिया की सच्ची और कठोर वास्तविकताओं को दर्शाता है। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय नवीनतम समसामयिकी घटनाओं के बारे में जानकारी और आगामी होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए छात्रों को बहुत ही मदद कर साबित होगा। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के उपाध्यक्ष अनीता राणा, महासचिव अंकिता मनकोटिया, सहसचिव दिव्यांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जल संरक्षण पर भंजाल स्कूल में लगी कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में 'बाल दिवस' के उपलक्ष्य में बच्चों ने जल संरक्षण और नशा निवारण पर नारा लेखन, पोस्टर बनाना, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर पाठशाला के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा एवं सभी स्टाफ सदस्य एवं पाठशाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जल शक्ति विभाग मंडल गगरेट की ओर से प्रदीप कुमार ने जल संरक्षण, जल गुणवत्ता और स्वच्छता, जल उपलब्धता, वर्षा जल संचयन, जल जनित रोगों और कार्मिक स्वच्छता संबंधित जानकारी साझा की और विभिन्न प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया।

### नशा तस्करों की सूचना शिक्षकों को दें : विशाल



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का वीरवार को विधिवत समापन हो गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर की सफाई करने के साथ कई जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। गगरेट क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने वाले युवा उद्यमी विशाल पुरी ने शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सिंह व मोनिका ठाकुर ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में साठ स्वयंसेवियों ने भाग लिया। प्रिंसिपल प्रेम दास ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से स्वयंसेवियों को आपसी सहयोग से बड़ी से बड़ी रुकावट को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया।

### नशा मुक्ति केंद्र में बताए नशे का दुष्प्रभाव

**हरोली।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस तथा बाल दिवस के अवसर पर घालूवाल स्थित नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन मरीजों को नशे से दूर रखने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम पंचायत घालूवाल के उपप्रधान अनिल जसवाल तथा डॉ. आकाश खन्ना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अनिल जसवाल ने मरीजों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया उन्हें नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी दी तथा नशे से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है, बारे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर अजय, काउंसलर परवीन कुमारी, स्टाफ नर्स अमन कुमारी, संजीव ठाकुर, राजवीर सिंह कमल किशोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आर्य स्कूल बंगाणा में बाल दिवस पर लगा बाल मेला



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** आर्य पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार अमित कुमार रहे, जिन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और इस तरह के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जिनमें खाने-पीने की वस्तुओं के साथ-साथ खेलकूद और शैक्षिक गतिविधियां भी शामिल थीं।

## ....अब गरीब परिवार के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए पैसे के इंतजाम की नहीं रहेगी चिंता

# युवाओं के उच्च शिक्षा के सपनों को पंख देगी डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में अब गरीब परिवार के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए पैसे के इंतजाम की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। जो युवा शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत और लगन से ऊंचाई छूना चाहते हैं..पर अब तक आर्थिक सीमाएं उनकी उड़ान में बाधा बनती रही हैं, उनके लिए हिमाचल सरकार की 'डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना' आशा की उजली किरण और भरोसे की गारंटी है। इस योजना में प्रदेश सरकार द्वारा 20 लाख रुपए तक का लोन मात्र 1 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे आर्थिक मजबूरी की बेड़ियां काट कर उच्च शिक्षा के अपने सपनों को साकार कर सकें।



प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने और उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस योजना की शुरूआत की है। योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी हिमाचली युवा आर्थिक कठिनाइयों के कारण उच्च या व्यावसायिक शिक्षा से वंचित न रहे। उच्च शिक्षा विभाग ऊना के उपनिदेशक राजेंद्र कौशल बताते हैं कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को मात्र एक प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण का प्रावधान है। सरकार की इस पहल से न केवल युवाओं के सपनों को नए पंख मिलेंगे, बल्कि यह राज्य में शिक्षा को सशक्त बनाने के संकल्प को भी मजबूत करेगी।

**कॉर्पस फंड का प्रावधान :** योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार ने उपायुक्तों के पास एक कॉर्पस फंड का प्रावधान किया है। यदि बैंक से पहली किस्त में देरी होती है, तो उपायुक्त 24 घंटे के भीतर इस फंड से पहली किस्त जारी करेंगे, ताकि छात्रों को प्रवेश में कोई बाधा न आए। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र छात्रों को बिना किसी विलंब के योजना का लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### यह है आवेदन की प्रक्रिया

योजना के संबंध में उच्च शिक्षा निदेशालय शिमला की वेबसाइट से फार्म और संबंधित प्रपत्र प्राप्त किए जा सकते हैं। इसे लेकर विभाग अलग से पोर्टल भी विकसित कर रहा है। पोर्टल के सक्रिय होने तक योजना के लाभ के लिए छात्र आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र ईमेल पते ईडीयूआरआइएनडीएचईएसएमएल2023 एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भेज सकते हैं। उच्च शिक्षा निदेशक 72 घंटे के भीतर पात्रता के आधार पर बैंक को पहले किस्त की संस्तुति देंगे, ताकि प्रवेश शुल्क और अन्य खर्चों की राशि छात्रों को समय पर मिल सके। 7.5 लाख रुपए तक के ऋण के लिए कोई कोलेटरल (सिक्योरिटी) की आवश्यकता नहीं होगी और अंतिम किस्त पाठ्यक्रम के पूर्ण होने तक दी जाएगी। आवेदक छात्र के माता-पिता अथवा अभिभावकों को पात्रता से संबंधित शपथ पत्र भी देना होगा।

### लाभ एवं पात्रता

योजना का लाभ नए छात्रों के साथ-साथ मान्यता प्राप्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को भी मिलेगा। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन, पैरा-मेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, विधि सहित विभिन्न डिप्लोमा और डिग्री कोर्सों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, बहुतकनीकी संस्थानों और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ केवल हिमाचली बोनाफाइड छात्रों को मिलेगा। पात्रता के लिए छात्र को पिछली कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है और प्रवेश मेरिट के आधार पर होना चाहिए। छात्र के परिवार की वार्षिक आय 4 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसके प्रमाण स्वरूप आय प्रमाण पत्र संबंधित तहसील अथवा उपमंडल के कार्यकारी दंडाधिकारी से प्राप्त करना होगा। ऑनलाइन या पत्राचार माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। योजना के तहत भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से व्यावसायिक, तकनीकी पाठ्यक्रम या पीएचडी कर रहे छात्रों को 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे शिक्षा के साथ-साथ अन्य जरूरी खर्च जैसे की आवास की सुविधा, शिक्षा के लिए ज़रूरी सामग्री, ट्यूशन फीस आदि की पूर्ति कर सके। यह ऋण अर्ध-वार्षिक या वार्षिक किस्तों में दिया जाएगा और प्रदेश के किसी भी अनुसूचित बैंक से प्राप्त किया जा सकता है। ऋण की निरंतरता छात्र के संतोषजनक शैक्षणिक प्रदर्शन पर निर्भर करेगी, जिसे प्रमाण पत्र के माध्यम से हर वर्ष बैंक में जमा करना होगा। यदि छात्र पाठ्यक्रम बीच में छोड़ता है, तो उसे पूर्व में प्राप्त ब्याज अनुदान वापस करना होगा।

### तलवारबाजी प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम का हिस्सा बनेंगी आरिधि



**सन्नी पुरी, गगरेट।** राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में फायल स्पर्धा के महिला वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर गगरेट की आरिधि अग्रवाल ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। बेशक तलवारबाजी प्रतियोगिता में कभी शिमला के खिलाड़ियों का दबदबा था लेकिन छोटे से कस्बे गगरेट की बेटी आरिधि अग्रवाल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर सबको चौंका दिया है। आरिधि अग्रवाल अब दिसंबर माह में पटना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम का हिस्सा होंगी।

आरिधि अग्रवाल की मां गृहिणी हैं तो पिता नितिन अग्रवाल व्यापारी हैं। नितिन अग्रवाल ने बताया कि बेटी का शौक था कि वह तलवारबाजी सीखे और इस शौक पर आरिधि ने उनके सहारे के बिना ही पर दिए। उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनकी बेटी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लौटी है। आरिधि अब हिमाचल परदेश तलवारबाजी संघ द्वारा आयोजित कैंप में भाग लेंगी। आरिधि अग्रवाल ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि वह राष्ट्

### उपायुक्त ने किया यंग माइंड्स कोचिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने मैहतपुर में नवस्थापित यंग माइंड्स कोचिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। मैहतपुर में टैक्सी स्टैंड के पास अवस्थित इस संस्थान के उद्घाटन अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर अद्वैता फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. हरजिंद्र तथा मोनिका उपस्थित रहे।

इस दौरान यंग माइंड्स कोचिंग इंस्टीट्यूट की एमडी इंदिका और रणजीत कौर ने मुख्य अतिथि तथा मेहमानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस संस्थान में स्कूली बच्चों को ट्यूशन के साथ-साथ युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी को नए शैक्षिक केंद्र की स्थापना के लिए बधाई देते हुए छात्रों के जीवन में कोचिंग के सकारात्मक प्रभाव की महत्ता को रेखांकित किया।

सही मार्गदर्शन से एक छात्र का जीवन पूरी तरह से बदल सकता है और यह उसके भविष्य की नींव को मजबूत करता है।

### नगर कीर्तन निकाला



**ऊना।** ऊना साहिब में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर पूर्व संध्या को नगर कीर्तन निकाला गया। इसका नेतृत्व पांच प्यारों ने किया। गुरु नानक देव जी के वंशज सर्वजोत सिंह बेदी और अमरजोत सिंह बेदी तथा संगत किला बाबा साहिब सिंह बेदी साहिब में मौजूद रहे।

### बाल दिवस पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की



**अनंत ज्ञान, हरोली।** प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में बट कलां पाठशाला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 190 बच्चों के स्वास्थ की जांच की गई। बच्चों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

### आदित्य का भारतीय विवि क्रिकेट टीम में चयन



**संजीव पुरी, ऊना।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्र खिलाड़ी आदित्य चौहान, लेफ्ट आर्म स्पिन को 25 नवंबर से 6 दिसंबर तक ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय क्रिकेट (एम) टीम के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए भारतीय विश्वविद्यालय क्रिकेट (एम) टीम में चुना गया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है। खेल प्रेमियों और क्रिकेट प्रेमियों और क्रिकेट कोच विक्रांत भारद्वाज डॉ. राजकुमार, डॉ. प्रवेश शर्मा, अनिल गुलेरिया, संजीव पुरी, डॉ जितेंद्र ठाकुर ने उन्हें बधाई दी है।

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया



**गलोड़।** नवदीप पब्लिक स्कूल गलोड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह व बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर - हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी नौनी सोलन से सेवानिवृत प्रधानाचार्य जेएन शर्मा ने शिरकत की। स्कूल प्रबंध निदेशक अनिल वर्मा, स्कूल अध्यक्ष सरोज वर्मा भी उनके साथ उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य अक्षत ठाकुर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके उपरान्त स्कूली छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया और उन्हें तालियां बजाने पर विवश कर दिया। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया।।

### शांता कुमार भाजपा के बेहतर नेता : जगत राम

**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार भाजपा के बेहतर नेता हैं। शांता कुमार द्वारा दिया गया हुआ यह नारा ' काम नहीं तो दाम नहीं ' कर्मचारियों व किसानों के गले में नहीं उतरता। इंटक तथा कांग्रेस की विचारधारा भाजपा की विचारधारा व शांता कुमार का समर्थन नहीं कर सकती 7 जगत राम ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा की शांता कुमार की जबान पर कभी कभी सच्चाई आ जाती है और वह सुक्खू की प्रशंसा करके सुझाव भी देते हैं और यह रवैया उनका पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र के शासन में भी रहा और वह नुक्ताचीनी करने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेते हैं।

### चैंपियनशिप के लिए दौलतपुर चौक कॉलेज की टीम चंबा रवाना

**दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक की टीम इंटर कॉलेज चैंपियनशिप की हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुनील रियात ने बताया कि टीम पूरे उत्साह के साथ प्रदर्शन हेतु रवाना हुई। प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल एवं महाविद्यालीय प्राध्यापकों ने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

बता दें कि महाविद्यालय की पुरुष हॉकी वर्ग की टीम राजकीय महाविद्यालय चंबा में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महाविद्यालय से रवाना हुई। प्राचार्य ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह पूर्ण विश्वास है कि कॉलेज की टीम खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करके महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी।

### प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में पूर्व नपं अध्यक्ष की जमानत याचिका उच्चतम न्यायालय ने की खारिज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश के बहुचर्चित प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में उच्चतम न्यायालय ने इस प्रकरण के मुख्य आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण के मुख्य आरोपी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी कोई वजह नहीं जिसके चलते प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्णय में दखल दिया जाए। मुख्य आरोपी ने प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में जमानत पाने के लिए उच्चतम न्यायालय में सात वकीलों को खड़ा किया था।

स्टेट सीआईडी के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गगरेट में पिछले साल दिल्ली से ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से आया प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा पकड़ा था। इन दवाओं का प्रयोग कुछ युवा नशे के लिए करते हैं और शेड्यूल एच की दवाएं होने के कारण इनकी खुले में बिक्री प्रतिबंधित है। इस मामले में पुलिस ने पहले गगरेट से ही चार लोगों को गिरफ्तार किया था और मामला मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।

इसके बाद इस मामले की तफ्तीश का जिम्मा स्टेट सीआईडी की गठित एसआईटी को मिला। इस पर एसआईटी ने अंतरराज्यीय प्रतिबंधित दवा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली, यूपी, हरियाणा व पंजाब से कुछ और लोगों को भी गिरफ्तार किया था। अभी इस मामले की तफ्तीश चल ही रही कि दिल्ली से दवा तस्करी की एक और खेप ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से आ गई। इसके बाद खुलासा हुआ था कि प्रतिबंधित दवा तस्कर अब खुद दवाएं न लाकर प्रतिबंधित दवाएं ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से मंगवा रहे हैं। इस मामले में जांच के बाद एसआईटी ने पाया कि इस प्रकरण का किंग पिन नगर पंचायत गगरेट का पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उर्फ बिंदू है।

इसके बाद जांच की सारी सुई उसकी तरफ घूमी तो एसआईटी ने वीरेंद्र बिंदू की संपत्ति भी इस केस के साथ अटैच कर दी। हालांकि वीरेंद्र बिंदू सलाखों के पीछे से बाहर आने के लिए लगातार प्रयास करता रहा। वीरेंद्र बिंदू ने जमानत पाने के लिए पहले प्रदेश उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की लेकिन उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद अब वीरेंद्र बिंदू ने अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी। इसकी सुनवाई जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस अरविंद कुमार ने करते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

### मुबारिकपुर स्कूल के 72 विद्यार्थी मेरिट सूची में



अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर के 10वीं कक्षा के 42 एवं 12वीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मार्च 2024 की मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई है। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि यह विद्यार्थी आगे भी इसी तरह अपने माता पिता व स्कूल का नाम रोशन करेंगे।

**आयोजन** हटली और जटेहड़ी स्कूल में वार्षिक समारोह की रही धूम

## कुटलैहड़ हर हाल में बनेगा शिक्षा में नंबर वन

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में छात्र, गुरु और परिवार तीनों को एक साथ लेकर शिक्षा के क्षेत्र को बुलंदियों तक ले जाना लक्ष्य है, ताकि कुटलैहड़ विस क्षेत्र एक शिक्षा का उभरता हुआ मॉडल बने। यह बात कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय बशिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटकी और जटेहड़ी स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। आज राज्य में सभी सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम क्लास लगना शुरू हो चुकी है और सभी सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों की तरफ बच्चे ड्रेस डालकर बच्चे स्कूल जा रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और जो छात्र टॉपर हैं, उन्हें स्कूल स्टाफ द्वारा सम्मान भी मिले, इसलिए हमने कुटलैहड़ के सभी सरकारी स्कूलों में आदेश दिए हैं कि तीस नवंबर तक सभी कुटलैहड़ के सरकारी या निजी स्कूलों में वार्षिक समारोह खत्म हों, ताकि दिसंबर से सभी स्कूलों में पढ़ाई द्वारा ठीक ढंग से शुरू हो सके।



हटली पाठशाला में छात्राओं संग मंच पर नाटी डालते विधायक विवेक शर्मा।

विवेक शर्मा ने कहा कि शिक्षा एक डिग्री नहीं, बल्कि शिक्षा एक ज्ञान है, शिक्षा एक संस्कार है क्योंकि पढ़ाई करके हम बड़ी और मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन संस्कार पाने के लिए कोई डिग्री नहीं होती। संस्कार केवल सीखे जाते हैं, इसलिए मैं हर स्कूल में स्कूल स्टाफ को भी यही संदेश देता हूं कि पढ़ाई के साथ-साथ स्टाफ बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें। वहीं, मुख्यातिथि ने स्कूल भवन मरम्मत के लिए 3 लाख, अन्य निर्माण के लिए दो लाख और एक अन्य निर्माण के लिए एक लाख, संस्कृत कार्यक्रम के लिए 5100 रुपए साथ प्राइमरी स्कूल हथलोन ओर हटली के लिए 2100 देने की घोषणा की। वहीं, मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने दोनों स्कूलों में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को इनाम भी बांटे।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर स्थानीय प्रधान स्वर्ण सिंह राणा, उपप्रधान सुरेंद्र हटली, युवा नेता दिनेश खत्री, कांग्रेस नेता देसराज मोदगिल, उपप्रधान धुंधला रमण कुमार, एसडीओ बिजली बोर्ड बंगाणा उदित ठाकुर, थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, जिला पार्षद सत्या देवी, किशन दत्त शर्मा, बाबा मस्त राम खत्री, प्रवक्ता हटली विवेकशील शर्मा, इंद्रजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### कुटलैहड़ की जनता की सेवा में सदा रहूंगा समर्पित : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की दोबड़ पंचायत से कैंसर के मरीज चमन लाल के हालात के बारे में जानकारी होने पर उनको बुलाकर 10000 रुपए की आर्थिक मदद की और जरूरत होने पर चमनलाल को संपर्क करने की बात कही। यह पहला वाक्य नहीं है कि भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो गरीब या पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद कर रहे हैं, बल्कि पर्दे के पीछे न जाने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कितने परिवारों को आर्थिक रूप से मदद कर रहे हैं।

भाजपा नेता भुट्टो की यह समाजसेवा 20 वर्षों से लगातार चल रही है ओर लगातार कुटलैहड़ की जनता की सेवा ओर उन्हें आर्थिक रूप से मदद करना उनकी प्राथमिकता में शुमार है। यही समाज सेवा भाजपा नेता भुट्टो को कुटलैहड़ के हर घर परिवार तक पहचान बनाने में कामयाब हुई है। भुट्टो ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र को अपना परिवार बताकर उनके सुख-दुख में बराबरी की हिस्सेदारी निभाने की बात कही है और कहा कि कुटलैहड़ की जनता की सेवा में सदा समर्पित रहूंगा।






## न्यूज ब्रीफ

### गुरु नानक देव का 555वां प्रकाशोत्सव मनाया



**कुल्लू।** सिखों के पहले गुरु नानक देव का 555वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव के मद्देनजर गुरुद्वारा अखाड़ा बाजार में श्री अखंड पाठ शुरू किए गए। नगर-कीर्तन के रूप में संगत गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी फूलों से सुसज्जित कर रामशिला से ढालपुर तक शबद-कीर्तन गायन के साथ नगर-कीर्तन का आयेजन किया गया। इस दौरान गतका पार्टी ने भी कई करतब दिखाए।

### खो-खो में 20 कॉलेजों के छात्र दिखा रहे दमखम



**आनी।** आनी कॉलेज में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालीय खो-खो (पुरुष) चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गाड़ागुशणी कॉलेज के प्रॉचार्य डॉ. संतोष ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि महाविद्यालय पहली बार इंटर कॉलेज खो-खो पुरुष चैंपियनशिप आयोजित कर रहा है, जिसमें प्रदेश भर के लगभग 20 कॉलेजों के छात्र भाग ले रहे हैं।

### बच्चे हर प्रकार की गतिविधि में लें भाग : प्रोमिला



**पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में धूमधाम से बाल दिवस का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जैसे कि बच्चों की लांग जंप, हाई जंप, म्यूजिकल चेयर रेस, खो खो सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा बच्चों ने कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की मुख्याध्यापिका प्रोमिला देवी ने बच्चों को बताया कि इसी प्रकार से बच्चे हर प्रकार की गतिविधि में भाग लें।

### मनाली हिल्स स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

**मनाली।** मनाली हिल्स स्कूल सियाल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। पर्यावरण प्रेमी एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता किशन लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिकरत कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर किशन लाल ने विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई सहित खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी नशे के दलदल में धंसती जा रही है, जो कि बेहद चिंतनीय विषय है।

### 50 सदस्य वाला कार्यकर्ता ही बनेगा सक्रिय सदस्य

**मनाली।** भाजपा मनाली मंडल की ओर से वीरवार को मनाली में संगठन पर्व के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक चुनावों को लेकर मनाली भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं कुल्लू जिला चुनाव प्रभारी पायल वैद्य विशेष रूप से उपस्थित रही। पायल वैद्य ने सदस्यता अभियान के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता अभियान और आने वाले दिनों में बूथ से प्रदेश तक होने वाले चुनावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिस कार्यकर्ता ने 50 सदस्य बनाए होंगे, वही कार्यकर्ता आगे चलकर सक्रिय सदस्य बनेंगे। इससे पूर्व मनाली मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास ने बैठक में आए सभी कार्यकर्ताओं का बैठक को सफल बनाने के लिए स्वागत व आभार प्रकट किया।

### तन्मय कपूर राज बेस्ट छात्र व गौरी बेस्ट छात्रा



**पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लरांकेलो वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मनोहर लाल ठाकुर सेवानिवृत्त एडीपीइओ राज्य प्रशिक्षण आयुक्त भारत स्काउटस एवं गाइड ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान कुल्लू शिक्षा समिति पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशाल सिंह गुलेरिया समाज सेवी एवं उत्कृष्ट बागवान ने की। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा वर्षभर में बनाई गई प्रदर्शनी का मुख्यातिथि द्वारा अवलोकन किया गया। इसके बाद मुख्यातिथि तथा मुख्यवक्ता ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार बांटे। इस वर्ष तन्मय कपूर को बेस्ट छात्र और गौरी ठाकुर को बेस्ट गर्ल चुना गया।



ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए, इस दौरान एसबीएम का स्टाफ व विद्यार्थी।

# दुआड़ा गांव के जंगल में लगी आग करोड़ों की वन संपदा का नुकसान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल के दुआड़ा गांव के साथ लगती पहाड़ी में आग लगने से लाखों की वन संपदा जलकर राख हो गई। आग अभी भी बदस्तूर लगी हुई है, जिसे बुझाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों के ऊंचाई पर स्थित बगीचों को भी अभी तक आंशिक नुकसान हुआ है, मगर रात भर आग इसी तरह लगी रही, तो ऊंचाई वाले सेब के बगीचों में फैल सकती है। इस स्थान पर हर वर्ष आग लगती है, मगर वन विभाग द्वारा आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में अधिकतर चील के पेड़ लगे हुए हैं, जहां हर वर्ष आग लगती है। कुल्लू-मनाली घूमने आने वाले पर्यटक भी हैरान रहते हैं कि बुरी तरह जल रहे जंगल की कोई सुध लेने वाला कोई नहीं है। वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड मनोज राणा ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दिन में आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन शाम होते ही आग एक बार फिर सुलग गई है। (अनंत ज्ञान)



पतलीकूहल के दुआड़ा गांव के साथ लगती पहाड़ी में लगी आग।

### सेब के बगीचों को नुकसान

**आगजनी** से दचाणी गांव को खतरा पैदा हो गया है। यहां रह रहे ग्रामीण लेख राज नेगी, राजू नेगी, वेद राम फतेह चंद, पुलीकृष्ण के सेब के बगीचे भी आग की चैट में आ गए हैं। कितने पेड़ इसकी चपेट में आए हैं इसका अभी पता नहीं चल पाया है। ग्रामीण अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।

### बड़ागढ़ के जंगल हो रहे तबाह

**आगजनी** की घटनाएं होने से बड़ागढ़ के जंगल तबाह हो रहे हैं। हर वर्ष वन विभाग व स्थानीय लोग मिलकर यहां पौधरोपण करते हैं, मगर हर वर्ष शरारती तत्वों द्वारा जंगल में आग लगा दी जाती है। स्थानीय जनता ने विभाग तथा सरकार से मांग की है कि आग की घटनाओं से निपटने के लिए कठोर नियम बनाए जाएं। आग लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिसमें सजा का भी प्रावधान हो।

### युवक मंडल दुआड़ा के सदस्यों ने तीन वर्षों में लगाए हैं देवदार के वृक्ष

**युवक** मंडल दुआड़ा के सदस्यों ने पिछले तीन वर्षों में इस स्थान पर अनेक देवदार के वृक्ष रोपित किए थे। इस आगजनी से सभी जलकर राख हो गए हैं। युवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि युवक मंडल द्वारा इस स्थान पर लगाए हुए देवदार के वृक्ष भी आग की भेंट चढ़ गए हैं।

# सांसद निधि से सुधरेगा मनाली गांव के श्मशानघाट का रास्ता



सांसद कंगना भाजपा कार्यकर्ताओं को 10 लाख रुपए का स्वीकृति पत्र सौंपती हुईं।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने ग्राम पंचायत मनाली में विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।

इस राशि से मनाली गांव के श्मशानघाट का रास्ता ठीक किया जाएगा। गत दिनों बरसात के कारण मनालसु नाले में आई बाढ़ से रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया था। पिछले दिनों सांसद कंगना चुनाव में मिली जीत के लिए मनाली गांव में धन्यवाद करने आई थी। उस समय मनाली गांव के भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्मशानघाट के क्षतिग्रस्त रास्ते को ठीक करने की मांग सांसद के समक्ष रखी थी। सासंद ने ग्रामीणों को जल्द रास्ता ठीक करवाने का आश्वासन दिया था।

सांसद ने मनाली स्थित अपने निवास स्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं को 10 लाख का स्वीकृति पत्र सौंपा। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, बूथ अध्यक्ष जीत सिंह ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर ग्राम केंद्र अध्यक्ष सुजेंद्र ठाकुर, मेहर चंद ठाकुर, वार्ड पंच रजनी देवी व कमलेश ने सांसद के सिमसा निवास में गांव के विकास कार्यों को लेकर बातचीत की। उन्होंने मनाली गांव में श्मशानघाट के रास्ते को 10 लाख की स्वीकृति देने के लिए अपनी व गांव वासियों की ओर से सांसद का आभार जताया।

# साहब! बस का बदला जाए समय घर पहुंचने में हो जाती है रात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, उदयपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की उदयपुर से सलग्रां रूट पर चलने वाली बस की समयसारिणी में बदलाव न करने को लेकर ग्रामीणों में निगम के प्रति भारी रोष है। लोगों का कहना है कि वर्तमान में निगम की ओर से जो समयसारिणी तय की गई है, वह सही नहीं है और उन्हें घर पहुंचने तक रात हो जाती है, जिस कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सलग्रां पंचायत के उपप्रधान लाल चंद शर्मा के अनुसार निगम प्रबंधन को पहले भी जनहित को ध्यान में रखते हुए समय सारिणी में फेरबदल के लिए पत्राचार किया गया था। इसके बावजूद सलग्रां बस की समयसारिणी में कोई फेरबदल नहीं किया गया। उदयपुर बस अड्डा से यह बस शाम 5 बजे सलग्रां के लिए निकलती है, जो देर शाम उनके गांव पहुंचती है। ऐसे में इन दिनों उस क्षेत्र में भालू को भी घूमते देखा जा रहा है, यह क्षेत्र वैसे भी घाटी में दुर्गम क्षेत्र में आता है। सलग्रां पंचायत के थनवानी गांव के लोगों को फिर सलग्रां से तकरीवन दो किलोमीटर से अधिक पैदल चलना पड़ता है। सलग्रां पंचायत के ग्रामीणों ने निगम प्रबंधन को साफ शब्दों में चेताया कि सलग्रां के लिए एक दो दिन में बस में समयसारिणी में बदलाव नहीं किया गया, तो वह कार्यालय का घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे। उदयपुर से सलग्रां के लिए उदयपुर बस अड्डा से बस प्रस्थान का समय शाम 5 बजे का है उसे 4 बजे किया जाए। उधर, केलांग डिपो के अड्डा प्रभारी रतन ने बताया कि वह इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से अनुमति के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मामले को लेकर विधायक अनुराधा राणा ने निगम प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए उस पर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# निरमंड कॉलेज भवन और नगर पंचायत में सीवरेज योजना को सरकार पहनाएगी अमलीजामा : विक्रमादित्य

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

निरमंड में कॉलेज भवन निर्माण और सीवरेज योजना को सरकार प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण करेगी। कॉलेज भवन निर्माण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श के पश्चात जल्द टेंडर लगाए जाएंगे।

इसी तरह निरमंड की प्रस्तावित 28 करोड़ रुपए लागत की सीवरेज योजना को भी शहरी विकास विभाग जल्द सिरे चढ़ाएगा। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य ने निरमंड के पीएम श्री राजमाता शांति देवी, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित अंडर-19 स्टूडेंट्स की 65वीं राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हमारी वेश-भूषा, रहन सहन, खान-पान और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स को शुभकामानाएं देते हुए उनकी प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने छात्राओं के दल को प्रस्तुति के 5-5 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने अनेक कदम उठाए हैं और आगामी समय में भी सरकार सुधार के लिए कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मातृभाषा को प्रोत्साहन देने की अपील की। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आनी में सड़कों के विकास कार्य पूर्ण करने और अन्य विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें आयोजकों, स्थानीय महिला मंडलों और नगर पंचायत की ओर से सम्मानित भी किया गया। उन्होंने पाठशाला में आयोजित हो रहे कार्यक्रम के लिए 51 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान करने की भी घोषणा की। (अनंत ज्ञान)



सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे लोनिवि मंत्री शिक्षक को सम्मानित करते हुए।

### माता की बरसी पर आनी अस्पताल को दी व्हील चेयर



**आनी।** जैसा पुण्य पूजा-पाठ से मिलता है, वैसा ही पुण्य दान करने से भी मिलता है और अगर हम समर्थ हैं] तो जरूरतमंद लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए वीरवार को डिंगीधार पंचायत के तदाशा गांव के रमेश चंद ठाकुर ने अपनी स्वर्गीय माता झरी देवी की चौथी बरसी के अवसर पर सिविल अस्पताल आनी को एक व्हील चेयर दान में दी। इस कार्य को अंजाम देने के लिए सिविल अस्पताल आनी में उनकी धर्मपत्नी संजया देवी, पुत्र नीरज और पुत्रवधू ज्योति ने शिरकत की और व्हील चेयर को अस्पताल प्रबंधन को भेंट किया।

# आपदा प्रतिक्रिया के लिए स्थानीय युवाओं को किया जा रहा सशक्त : संकल्प गौतम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के सुदूर और चुनौतीपूर्ण इलाके में आपदा तैयारियों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्थानीय युवाओं को बेसिक पर्वतारोहरण पाठ्यक्रम करवाया गया।

बेसिक पर्वतारोहण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 27 स्थानीय युवाओं को सहायक आयुक्त लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम ने डीसी कार्यालय केलांग में प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर संकल्प गौतम ने कहा कि इन 27 स्थानीय युवाओं को अगले वर्ष एडवांस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा वित्त पोषित, यह पाठ्यक्रम 20 से 15 मई तक पर्वतारोहण उपकेंद्र जिस्पा में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवा व्यक्तियों को खोज और बचाव कार्यों के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना था, ताकि हिमस्खलन, भारी बर्फबारी, अचानक बाढ़ और भूस्खलन प्राकृतिक आपदाओं का बेहतर ढंग से सामना किया जा सके। संकल्प गौतम ने जिले की कठिन भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए स्थानीय समुदायों के बीच क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कठिन पहाड़ी इलाके और विपरीत मौसम की स्थिति लाहौल-स्पीति को आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाती है। युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें पहले प्रतिक्रियाकर्ता बनने और जोखिमों को कम करने और जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का महत्वपूर्ण कदम है। बेसिक पर्वतारोहण पाठ्यक्रम का सफल समापन एक आशाजनक शुरुआत का प्रतीक है।



युवाओं को सर्टिफिकेट देते हुए सहायक आयुक्त लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम।

### क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस

# बाल दिवस बच्चों के अधिकारों व कल्याण के महत्व पर डालता है प्रकाश : सुखदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में वीरवार को बाल दिवस मनाया गया।

इस उपलक्ष्य पर आयुर्वेदिक अस्पताल कुल्लू में कक्षा बीएससी छह समेस्टर, बीएससी चतुर्थ समेस्टर ने दौरा किया। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की शिक्षक भुवनेश्वरी कश्यप के नेतृत्व में स्टूडेंट्स ने अस्पताल का दौरा किया और आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में बच्चों को विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि आयुर्वेदिक दवाओं को कैसे बनाया जाता है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ने आयुर्वेदिक हॉस्पिटल कुल्लू के स्टाफ का आभार व्यक्त किया। संस्थान के एमडी सुखदेव मसीह ने बताया कि हर साल 14 नवंबर को मनाया जाने वाला बाल दिवस बच्चों के अधिकारों और कल्याण के महत्व पर प्रकाश डालता है।

भारत में इस दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती भी होती है, जिन्हें बच्चों के प्रति उनके गहरे लगाव के कारण प्यार से चाचा नेहरू कहा जाता था।



### गुड टच व बैड टच के बारे में किया जागरूक

**क्रिश्चियन** नर्सिंग कॉलेज की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष्य पर प्राथमिक पाठशाला लोरेन में कक्षा बीएससी थर्ड समेस्टर, बीएससी फर्स्ट समेस्टर, जीएनएम प्रथम वर्ष ने विजिट किया और स्टूडेंट्स के साथ धूमधाम से बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्टर ज्योति मार्या मसीह, सहित अन्य शिक्षक थूली शर्मा, सुनैना शर्मा मौजूद रहीं। कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्टर ज्योति मार्या मसीह ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं ने स्कूल के बच्चों को हाथों की सफाई, दांतों की सफाई एवं गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी।

**आयोजन** भुट्टिको में धूमधाम से मनाया गया सहकारिता दिवस

# भुट्टिको देश की 7.94 लाख सहकारी सभाओं में से एक चमकता सितारा : सत्य प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश की अग्रणी बुनकर सहकारी सभा भुट्टिको में वीरवार को धूमधाम से सहकारिता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व बागवानी मंत्री एवं सभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने सहकारी ध्वज फहराया तथा बुनकरों द्वारा सहकारिता गीत गाया।

सत्य प्रकाश ने कहा कि जहां सहकारिता दिवस पूरी दुनिया में एक जुलाई से सात जुलाई तक मनाया जाता है। वहीं, भारतवर्ष में यह 14 से 20 नवंबर तक मनाया जाता है क्योंकि भारतवर्ष के पहले प्रधानमंत्री स्व. पडिंत जवाहर लाल नेहरू ने सहकारिता को नई दिशा दी व सभी को सहकारिता आंदोलन से जोड़ने का अभूतपूर्व कार्य किया है, जिस कारण ही भारतवर्ष में सहकारिता दिवस उनके जन्म दिवस 14 से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलता है। 71वें सहकारिता दिवस को भुट्टिको परिसर में मनाया।



देश की अग्रणी बुनकर सहकारी सभा भुट्टिको में सत्य प्रकाश ठाकुर संबोधित करते हुए।

### स्व. वेदराम ठाकुर के बताए मार्ग पर चल रहे

हमें खुशी है कि हमारी सभा भुट्टिको देश की लगभग 7.94 लाख सहकारी सभाओं में से एक चमकता सितारा है, जिसने प्रदेश, देश और दुनिया में अपना नाम स्थापित किया है, जो कि गर्व का विषय है। वहीं, ठाकुर वेदराम के आदर्शों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हथकरघा और बुनकर उद्योगों को नए आयाम तक पहुंचाने में उनके बताए मार्ग से हमें एक नई दिशा प्राप्त हुई है। उन्होने भुट्टिको के सफर का प्रारंभ से लेकर आज तक का विस्तृत व्याख्यान करते हुए प्रबंधन और सदस्यों को सुदृढ़ नेतृत्व के महत्व के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

### सीएम व डिप्टी सीएम का जताया आभार

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार सचिव सहकारिता पंजीयक सहकारी संभाए प्रदेश सहकारिता विभाग, उपपंजीयक सहकारी सभाएं मंडी, सहायक पंजीयक सहकारी संभाए कुल्लू का विशेष आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# आंतरिक ग्रेडिंग के लिए टीम ने कुल्लू कॉलेज का किया निरीक्षण



कुल्लू कॉलेज की वार्षिक रैंकिंग के लिए निरीक्षण के दौरान जानकारी जुटाती हुई टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा गठित टीम ने वीरवार को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू का वार्षिक रैंकिंग के लिए निरीक्षण किया।

राजकीय महाविद्यालय, बासा के प्रॉचार्य डॉ. पूरन चंद्र चौहान की अध्यक्षता में गठित टीम में पनारसा कॉलेज की प्रॉचार्या डॉ. उरसेम लता बतौर उपाध्यक्ष, मंडी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरिश चौहान, बासा कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिलीप कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास बतौर सदस्य उपस्थित रहे। प्रॉचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा गठित टीम ने सात बिंदुओं पर निरीक्षण किया। टीचिंग, लर्निंग के संदर्भ में डॉ. संतोष ठाकुर, स्टूडेंट्स सपोर्ट, सर्विस एंड प्रोग्रेंसन के बारे में डॉ. शशि शर्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड रिसोर्स के बारे में डॉ. हरिश आनंद, इंस्ट्यूशनल मैनेजमेंट के बारे में डॉ. लोकेश सिशोदिया, बेस्ट प्रेक्टिश, इनोवेशन एंड इंस्ट्यूशनल डिसटिंगटिवनेश के बारे में डॉ. ठाकुर सेन, फेकलटी प्रोफाइल एंड रिसर्च एक्टीविटी के बारे में डॉ. सुनील शर्मा और मिसलेनियश के बारे में डॉ. शीतल ठाकुर ने विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान टीम ने संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया और कॉलेज प्रशासन की तारीफ की। इसके बाद टीम के सदस्यों ने विभिन्न विभागों, पुस्तकालय, एकाउंट सेक्शन आदि का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी एकत्र की। एसआरए को-ऑर्डिनेटर डॉ. राकेश राणा ने टीम का स्वागत किया। प्रॉचार्य मनदीप शर्मा ने अच्छी ग्रेडिंग की उम्मीद की है। इस दौरान कॉलेज के समस्त प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### सीपीएम की तैनाती का फैसला असंवैधानिक

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय एवं संबद्ध पेंशनर कल्याण संघ के प्रधान मदन शर्मा, उपप्रधान नीलम शर्मा, महासचिव भूपराम वर्मा ने संयुक्त बयान में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से प्रदेश में नियुक्त किए मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) के ठहराने और उन्हें दी जा रही सभी सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से वापस लेने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार संवैधानिक व्यवस्था को मानने में विश्वास नहीं करती है और सीपीएम की तैनाती का फैसला असंवैधानिक और तानाशाहीपूर्ण तरीके से लिया गया था। उन्होंने सरकार के महाधिवक्ता के बयान की निंदा कि जिसमें वे हाई कोर्ट के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कह रहे हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने में खर्च होने वाले लाखों रुपए के बजाए इस राशि को पेंशन की बकाया अदायगी को दिया जाए।

### बच्चों को सपनों को पूरा करने की दी सीख



**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बरोग जिला सिरमौर में बाल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में टिकम सिंह कंवर दुर्गा पब्लिक स्कूल के संस्थापक उपस्थित रहे। विशेषातिथि के रूप में देवेंद्र ठाकुर प्रधान पंचायत डारो देवरिया ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई, जिनका बच्चों के प्रति अगाध प्रेम और समर्पण हमें हर वर्ष बाल दिवस मनाने की प्रेरणा देता है। स्कूल परिसर में बच्चों की हंसी-खुशी और उमंग की गूंज सुनाई दी, क्योंकि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने रंगारंग नृत्य, नाटक, और संगीत प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि टिकम सिंह कंवर ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व जताया और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे बच्चे एक सुनहरे कल का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सीख दी।

### छात्रों ने समझी भारतीय मानक ब्यूरो की प्रक्रियाएं



**सोलन।** भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून की ओर से शिक्षा खंड नाराग के तहत कोटला बारोग स्कूल के छात्रों का एक विशेष उद्योग जागरूकता यात्रा का आयोजन इंटरनेशनल सिलेंडर इंडस्ट्री पांवटा साहिब जिला सिरमौर में किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्योग मानकों और प्रथाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें वास्तविक व्यावसायिक वातावरण से परिचित करवाना था। इस यात्रा में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया, जो कि अपने पाठ्यक्रम के तहत उद्योगों में लागू होने वाले मानकों और प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानने और समझने के लिए अत्यंत उत्सुक थे। भ्रमण में कोटला बारोग स्कूल के 20 स्टूडेंट्स एवं विद्यालय के भारतीय मानक ब्यूरो के मेंटर तुषार और अंजना कुमारी शामिल हुए। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों के ज्ञान को सिर्फ सैद्धांतिक रूप में न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। मानक ब्यूरो देहरादून के अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की जागरूकता यात्राओं का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक छात्र उद्योगों में लागू मानकों और प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक हो सकें। इस तरह की यात्राएं छात्रों के कौशल विकास और उनके व्यावसायिक जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### मुख को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की दी जानकारी



**दाड़लाघाट।** तंबाकू मुक्त स्वस्थ विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय पकौटी एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय मलावण के संयुक्त तत्वाधान में सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में मौखिक जांच शिविर ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 93 से अधिक विद्यार्थियों का मौखिक जांच कर उन्हें मुख को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। मौखिक जांच शिविर का परामर्श और जांच डॉ. कुलभूषण शर्मा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू से संबंधित रोगों की पहचान करना, तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय की परिकल्पना को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली का विकास करना है। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के मुख्य निर्माण अधिकारी मुकेश सक्सेना ने कहा शैक्षणिक स्तर पर तंबाकू के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है।

### नगर-कीर्तन में सैकड़ों लोगों ने की शिरकत



**सोलन।** सिखों के पहले गुरु श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश उत्सव को लेकर सोलन में गुरुद्वारा साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई में नगर-कीर्तन का आयोजन किया। प्रकाश उत्सव को लेकर सिख समुदाय के लोगों ने सोलन शहर में नगर-कीर्तन किया। अप्पर बाजार सोलन गुरुद्वारा साहिब से निकला नगर कीर्तन मॉल रोड होते हुए पुनः वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। गुरुद्वारा साहिब से निकला नगर-कीर्तन में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इस दौरान गतका प्रदर्शन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

### समिति ने किया अध्यापकों के आंदोलन का समर्थन

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश वोकेशनल अध्यापकों का पिछले 10 दिनों से शिमला में धरना-प्रदर्शन जारी है। नया सवेरा जन कल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष व एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर ने उनकी मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न पाठशालाओं में यह अध्यापक स्किल सब्जेक्ट पढ़ा रहे हैं व जिन कंपनियों के तहत यह लोग उपरोक्त कार्य कर रहे हैं, वह कंपनियां इनका शोषण कर रही हैं व कंपनियों की तरफ से लगातार इन कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। कर्मचारियों से इपीएफ तो कटता है, लेकिन नियोक्ता का और शेयर भी उन्हीं से काटा जाता है। विभिन्न पाठशालाओं में भी इन वोकेशनल ट्रेनिंग से भरपूर काम लिया जाता है, लेकिन इसके मुताबिक उन्हें न तो वेतन मिल रहा है और न ही सम्मान। उन्होंने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार व शिक्षा मंत्री से अनुरोध व गुजारिश की है कि उनके व उनके परिवार के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी शिक्षकों की स्थायी पॉलिसी बनाकर शिक्षा विभाग के साथ मर्ज किया जाए।

### बाल मेले में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा



**बीबीएन।** हिमालयन सोशल इंस्टिट्यूट द्वारा होटल ली मेरिट में बाल वाटिका प्रोजेक्ट के तहत बाल दिवस के उपलक्ष पर बाल मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी मानपुरा श्याम लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अनीता शर्मा सचिव हिमालयन सोशल इंस्टिट्यूट ने मुख्यतिथि मानपुरा श्याम लाल और सिप्ला के पदाधिकारी का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया। समारोह में मानपुरा के थाना प्रभारी श्याम लाल ने द्वीप प्रज्वलन किया। उसके बाद दिनेश चंद ने मुखायातिथि और सभी उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और संस्था की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। बाल वाटिका, बाल मेला में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। अनिता शर्मा ने बताया कि बाल वाटिका बाल मेला बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखवाने का एक मंच प्रदान करता है।

# अस्पताल में मिलेगी तीन गायनी विशेषज्ञ की सेवाएं

## गर्भवती महिलाओं को समय पर मिलेगा उपचार, लंबे समय से की जा रही थी मांग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में गर्भवती महिलाओं को गायनी वार्ड में अब तीन स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं मिलेंगी। अस्पताल में एक और गायनोलॉजिस्ट ने ज्वाइन किया है।

इससे अब अस्पताल में गायनोलॉजिस्ट के तीन डॉक्टर हो चुके हैं। ऐसे में अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार के लिए लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। साथ ही समय रहते उपचार भी मिलेगा। अस्पताल में 7 नवंबर को अस्पताल में एक अतिरिक्त गायनोलॉजिस्ट ने ज्वाइन किया है, जो लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में भी माहिर है। अस्पताल में लंबे समय से अतिरिक्त गायनोलॉजिस्ट की मांग थी। सोलन के विधायक और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने अस्पताल के गायनी वार्ड में बढ़ती ओपीडी को देखते हुए अतिरिक्त गायनोलॉजिस्ट की नियुक्ति की है। खास बात है कि नवनियुक्त गायनोलॉजिस्ट लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के भी एक्सपर्ट हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे लोग।

### बढ़ रही सृजित चिकित्सकों की मांग

**सोलन** अस्पताल में इससे पहले 2 गायनी विशेषज्ञों पर रोज 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं के उपचार का जिम्मा था। इससे सोलन सहित शिमला और सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्रों से भी गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार नहीं मिलता। इतना ही नहीं ओपीडी के बाहर लाइनों में लगी गर्भवती महिलाओं को अपनी बारी का लंबा इंतजार करना पड़ता है। बता दें कि सोलन अस्पताल में 1970 से 2500 हजार की आबादी के मुताबिक चिकित्सकों के पद सृजित किए गए हैं, जबकि अवधि में सोलन की आबादी कई गुणा बढ़ चुकी है। यही कारण है कि सोलन अस्पताल में लगातार डॉक्टरों के पद सृजित करने की मांग है।



सोलन अस्पताल की गायनी ओपीडी और वार्ड में अब तीन डॉक्टरों की सेवाएं मिलेंगी। अस्पताल में एक अतिरिक्त गायनोलॉजिस्ट की नियुक्ति हुई है, जो लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में भी माहिर है।

**एमएस डॉ. संदीप जैन, सोलन अस्पताल।**

### हर रोज 100 से अधिक की ओपीडी

**सोलन** समेत शिमला व सिरमौर की सीमावर्ती क्षेत्रों से अस्पताल में रोज गायनी ओपीडी में 100 से अधिक गर्भवती महिलाएं उपचार के लिए आती हैं, जबकि महीने में औसतन 400 डिलीवरी केस होते हैं। इस दृष्टि से अस्पताल में काफी रश रहता है। इस दृष्टि से क्षेत्रीय अस्पताल में गायनी के तीन से चार विशेषज्ञ डॉक्टरों की जरूरत रहती है। गायनी विशेषज्ञों की कमी पूरी होने से डॉक्टरों पर काम का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। वहीं, गर्भवती महिलाओं को जांच व उपचार के लिए भी लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे सरकार की जच्चा-बच्चा सुरक्षा योजना को भी बल मिलेगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट हॉस्पिटल में महंगा उपचार करवाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

### ट्रक व कार के बीच हुई भिड़ंत में कार को बड़ा नुकसान

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के पंचवटी के समीप ट्रक और कार के बीच हुई भिड़ंत में कार को बड़ा नुकसान हुआ, लेकिन गाड़ी में बैठे लोगों को कोई चोट नहीं आई। यह हादसा ट्रक चालक की लापरवाही और तेज रफ्तारी से चलाने के कारण हुआ। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना दाड़लाघाट के तहत जिला चंबा के समोट निवासी राहुल गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ अपनी कार में मंडी से शिमला जा रहे थे। उनकी पत्नी डॉ. मीना गुप्ता गाड़ी चला रही थी, जब वे पैट्रोल पंप नजदीक पंचवटी ढाबा के पास पहुंचे, तो एक ट्रक तेज रफ्तारी से ओवरटेक करता हुआ आया और उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन गाड़ी को नुकसान हुआ। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीपीएस पद से निर्वाचित विधायकों की विधानसभा सदस्यता रद्द की जाए : पाल

**अनंत ज्ञान, अर्की**

भारतीय जनता पार्टी जिला सोलन के जिलाध्यक्ष रतन सिंह पाल ने कहा कि उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसले ने साबित कर दिया कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने किस प्रकार गैर कानूनी तरीके से मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति कर दो साल व्यतीत कर दिए, जिससे लगातार हिमाचल के पैसे का दुरुपयोग व शक्तियों का दुरुपयोग हुआ है। छह मुख्य संसदीय सचिव बनाकर उनको मंत्रियों के बराबर शक्तियां देना गैर कानूनी एवं संविधान के खिलाफ रहा।



उन्होंने हिमाचल प्रदेश के हाईकोर्ट द्वारा छह मुख्य संसदीय सचिवों को पदमुक्त करने का निर्देश देकर व इनकी शक्तियां व कानून को समाप्त करने का जो फैसला किया, जो निर्णय दिया है। वह सराहनीय व स्वागत योग्य है। उन्होंने कांग्रेस सरकार के जनता के साथ अन्यायपूर्ण रवैया की निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा की ओर से फैसला असंवैधानिक और तानाशाही पूर्ण तरीके से लिया गया था। भाजपा मांग करती है कि सीपीएस के पद पर नियुक्त किए गए सभी विधानसभा सदस्यों की विधानसभा सदस्यता भी रद्द की जाए। कांग्रेस पार्टी सरकार संविधान के बजाय अपने प्रावधानों से चलना पसंद करती है। पाल ने कहा कि भाजपा पहले दिन से ही सीपीएस बनाने के फैसले के खिलाफ थी क्योंकि यह असंवैधानिक था, लेकिन हमारी पार्टी के नेताओं के द्वारा दाखिल की गई याचिकाओं पर सवाल उठाने में प्रदेश के करोड़ों रुपए वकीलों की फीस में खर्च किए गए, जो ऊर्जा और संसाधन प्रदेश के विकास के लिए लगाए जाने थे, उन्हें सरकार ने अपने तानाशाही फैसलों को जायज ठहराने में खर्च किया।

## अनियमितताओं के चलते पंचायत सचिव निलंबित

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के तहत आने वाली सलोगड़ा पंचायत के सचिव को अनियमितताओं के चलते प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पंचायत सचिव परमानंद कश्यप के कार्यों में बड़ी लापरवाही सामने आई है। सलोगड़ा पंचायत में 3000 वोटर्स की जिम्मेदारी का जिम्मा सचिव के कंधों पर था और उन्हीं कार्यों में सचिव की ओर से अनियमिताएं पाई गईं।

जानकारी के अनुसार कई बार पंचायत सचिव के खिलाफ लोगों द्वारा शिकायतें की गईं कि पंचायत सचिव द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। एडीसी सोलन अजय यादव ने पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उनकी ओर से संतोषजनक जवाब न मिलने से पंचायत सचिव को एडीसी सोलन अजय यादव ने निलंबित कर दिया गया है। अब सचिव का कार्यभार आकांक्षा शर्मा को सौंपा गया है। एडीसी सोलन अजय यादव ने बताया कि पंचायत सचिव की ओर से कार्य में अनियमिताएं पाई गईं, जिस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, तो संतोषजन जवाब न मिलने से उन्हें निलंबित किया है। यादव ने बताया कि आचरण सही न पाए जाने पर सचिव पर पंचायतीराज के तहत कार्रवाई होगी।

## श्रमिकों ने वेतन समझौते पर सहमति नहीं बनने पर किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग बागा के श्रमिकों ने वेतन समझौते पर सहमति नहीं बनने के कारण शालूघाट बाड़ूबाड़ा मंदिर के नजदीक शांतिपूर्ण शक्ति प्रदर्शन किया। इसमें लगभग 300 श्रमिकों ने भाग लिया, जिससे उद्योग का कामकाज ठप रहा। अल्ट्राटेक कामगार संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार और महामंत्री सुनील कुमार ने बताया कि जो श्रमिक यहां से सेवानिवृत्त होकर गए हैं, उनकी ग्रेच्युटी भी नहीं दी गई बहुत से श्रमिक यूनिफार्म, गर्म जैकेट की सुविधा से वंचित हैं।

वार्षिक छुट्टी भी केवल 12 ही देते हैं और मासिक वेतन भी केवल 26 दिन का दिया जाता है। इसके अतिरिक्त वेज बोर्ड में भी दो श्रेणी में बांटा गया है, जबकि कर्मचारी क्रमांक सभी का समान और कर्मवद्ध है, लेकिन मासिक वेतन में भिन्नता बहुत अधिक है। अल्ट्राटेक कंपनी श्रमिकों के साथ खुले श्रम कानून की अवहेलना कर रहा है, जो हिमाचल सरकार ने 25 रुपए की बढ़ोतरी की है वह भी श्रमिकों को नहीं दिया गया तथा इससे पूर्व भाजपा सरकार ने 50 रुपए की बढ़ोतरी की थी, वह पैसा भी कंपनी ने खुलेआम नहीं दिया और किसी भी प्रकार का वेतन समझौता भी अल्ट्राटेक प्रबंधक वर्ग नहीं कर रहा। हिमाचल प्रांत के महामंत्री यशपाल हैटा ने कहा यदि समय पूर्व वेतन समझौता नहीं होता, तो हम लगातार हड़ताल करेंगे, लेकिन श्रमिकों का शोषण नहीं होने देंगे। अखिल भारतीय सीमेंट महासंघ के महामंत्री ने कहा कि इस शक्ति प्रदर्शन में हिमाचल प्रदेश के छह सीमेंट उद्योगों से पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने सीमेंट महासंघ बनाने का समर्थन किया इसलिए, जल्द हिमाचल सीमेंट महासंघ की कार्यसमिति का गठन होगा, जिससे सीमेंट उद्योगों में श्रमिकों के शोषण पर रोक लगाने का प्रयास किया जाएगा क्योंकि महासंघ बनने के बाद एक ही आवाज से हिमाचल के सारे सीमेंट उद्योग बंद होंगे, लेकिन श्रम कानून की अनदेखी जो भी करेगा, उसके लिए महासंघ एकजुटता से कार्य करेगा।



अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग बागा के श्रमिक प्रदर्शन करते हुए।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आज मस्तानपुरा में

## 10 गांवों को किया गया शामिल, मिलेगी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के नालागढ़ विकास खंड की पंचायत मस्तानपुरा के गांव मस्तानपुर में आज यानी 15 नवंबर को धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने प्रेस वार्ता में दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि 15 को प्रातः 11 बजे पंचायत मस्तानपुरा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सोलन की 9 पंचायतों के 10 गांव को सम्मिलित किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि अभियान में उन गांवों को सम्मिलित किया गया है कि जहां अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। नालागढ़ विकास खंड की पंचायत बेरछा के गांव बेरछा, पंचायत मस्तानपुरा के गांव मस्तानपुर, पंचायत गोल जमाला के गांव गोल जमाला, पंचायत ढांग निहली के गांव ढाना, पंचायत ढेला के गांव कौंडी, पंचायत मलपुर के गांव मलपुर, पंचायत गुल्लरवाला के गांव करूवणा, पंचायत लेही के गांव लेही तथा गांव मखनु माजरा एवं विकास खंड धर्मपुर की पंचायत मंधाला के गांव कंबनवाला को अभियान में शामिल किया गया है।



### सीपीएस से वसूल किया जाए खर्च : शैलेंद्र गुप्ता

**सोलन।** भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करती है। भाजपा पहले दिन से इस निर्णय का विरोध करती रही है। मुख्य संसदीय सचिव का पद असंवैधानिक था आज हाईकोर्ट ने इस बात पर मोहर लगाकर आर्थिक तंगी से गुजर रही राज्य में कांग्रेस सरकार ने 2 साल 6 मुख्य संसदीय सचिव बनाकर आर्थिक बोझ डाला और इस कानूनी लड़ाई में करोड़ों रुपए खर्च किए। भाजपा जिला सोलन मांग करती है कि यह जो अतिरिक्त खर्च इन्हीं 6 मुख्य संसदीय सचिव से वसूल किया जाए।



## गौरव दिवस आज कल्पा में, 70 सांस्कृतिक दल पेश करेंगे जनजातीय संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को कल्पा में आयोजित किया जाएगा।

डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि एकदिवसीय गौरव दिवस पर हथकरघा, हस्तशिप स्टॉल, तीरंदाजी प्रतियोगिता व जनजातीय व्यंजन स्टॉल स्थापित किए जाएंगें, ताकि जनजातीय क्षेत्रों में युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति की जानकारी प्राप्त हो सके। गौरव दिवस पर बतौर मुख्यातिथि राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के 70 से अधिक सांस्कृतिक दल भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे व स्टॉल भी स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी लाइव दिखाया जाएगा।



**प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भी दिखाया जाएगा लाइव**

## नेशनल कुडो चैंपियनशिप में छाए प्रदेश के खिलाड़ी, जीते 73 मेडल



**अनंत ज्ञान, सोलन**

कुडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से गुजरात के सूरत में 4 से 12 तक आयोजित नेशनल, फेडरेशन कप और अक्षय कुमार इंटरनेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 73 मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को कुडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष फिल्म स्टार अक्षय कुमार, सुनील शेठी, परेश रावल और स्थानीय पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश कुडो फेडरेशन के अध्यक्ष अजय जसवाल की अगुवाई में कुल 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें सोलन के सलोगड़ा की प्रिया कुमारी थापा ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इसी तरह जूनियर वर्ग में कैरवी नेगी ने नेशनल प्रतियोगिता में ब्राउन मेडल, फेडरेशन कप में गोल्ड मेडल और अक्षय कुमार ने इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर नाम चमकाया।

### प्रेस दिवस पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**सोलन।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 16 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित प्रेस कक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एक विभागीय प्रवक्ता ने दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय प्रेस परिषद ने इस वर्ष प्रेस दिवस पर 'प्रेस का बदलता स्वरूप' चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस विषय पर चर्चा करने का सुझाव दिया है। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### डीएवी स्कूल रिकांगपिओ ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

डीएवी पब्लिक स्कूल रिकांगपिओ ने विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया।

समारोह में डॉ. अमित कुमार शर्मा डीसी किन्नौर, जितेंद्र सैनी एसीजेएम व वंदना डोगरा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मयंक कांगा (वरिष्ठ प्रबंधक) एचपीपीसीएल रमेश शर्मा, प्रिंसीपल डीएवी स्कूल कुमारसेन, मोहन नेगी, डॉ. शालिनी गुप्ता, दलीप नेगी प्रधान शुदारंग, एलएमसी सदस्यगण विशेषातिथि उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि डॉ. अमित कुमार ने कहा कि स्कूल के इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ कई अन्य गतिविधियों को भी समझ पाते हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी शामिल हैं, जिससे उनके ओवरआल विकास में लाभकारी सिद्ध होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। प्रधानाचार्य राकेश ने अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट में वर्षभर की उपलब्धियों तथा विद्यालय की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। महापुरुषों को याद करते हुए स्वामी दयानंद पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने पंजाबी, किन्नौरी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर अतिथिगण व अभिभावकों का मन मोह लिया। मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शैक्षिक, सहशैक्षिक गतिविधि तथा खेलकूद में उत्कृष्ट करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।



डीएवी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावियों को सम्मानित करते हुए।

**समापन** रुद्र महाराज के प्राचीन एकादशी मेला लेऊनाना का समापन, विधायक रीना कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

# मेले देव शक्तियों व देव परंपरा से जुड़े रहने का देते हैं संदेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ विकास खंड की पंचायत डिबर के लेऊनाना में रुद्र महाराज के नाम पर लगने वाला तीन दिवसीय एकादशी मेला लेऊनान धूमधाम से संपन्न हो गया। मेले में भाजपा विधायक रीना कश्यप ने मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की।

इस मेले का इतिहास देव परंपरा के साथ जुड़ा है और यह मेला कालांतर से लगता आ रहा है। यहां लेऊ गांव में रुद्र महाराज के दो मंदिर हैं एक छोटा मंदिर व एक बड़ा मंदिर है। इस मेले का शुभारंभ देवता की पारंपरिक पूजा व देवता के बड़े मंदिर से छोटे मंदिर के आगमन पर होता है, जहां तीन दिनों तक देवता महाराज अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। तीसरे दिन देवता महाराज को पालकी में सजाकर पालकी गांव की परिक्रमा करती है और वापस देवता महाराज बड़े मंदिर में प्रवेश करती है। इस सारी प्रक्रिया को बढ़ातर कहा है। विधायक ने लोगों को मेले की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेले देव पंरपरा से जुड़े हैं। यही मेले हमें देव शक्तियों व देव परंपरा से जुड़े रहने का संदेश देते हैं।

इस तरह के मेलों में हमारी प्राचीन देव पंरपराओं व रीति-रिवाजों का एक लंबा इतिहास जुड़ा है, जिसके संरक्षण व संवर्धन की आवश्यकता है, ताकि हमारी प्राचीन देव परंपराओं व रीति-रिवाजों का विलोपन न हो जाए। इस मौके पर विधायक ने रुद्र महाराज मंदिर लेऊनाना को 10 लाख रुपए, संपर्क सड़क माड़ा को 2 लाख रुपए, खेल मैदान लेऊ को 2 लाख रुपए, सिंचाई टेक लेऊ को 2 लाख रुपए, सामुदायिक भवन मटलोड़ी को 2 लाख रुपए, मंदिर चबूतरा ढलैया को 50 हजार रुपए, गवाइया कल्योपाब मंदिर को 50 हजार रुपए, नव युवक मड़ल लेऊ को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

इस मौके पर स्कूली स्टूडेंट्स की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्रों ने हाटी क्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक नाटी पेश की, जिसमें विधायक रीना कश्यप भी नाचती नजर आईं।



रुद्र महाराज के प्राचीन एकादशी मेला लेऊनाना के समापन पर पहुंची विधायक रीना कश्यप।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जाखड़ ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसी खबर है कि लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने इस असफलता की जिम्मेदारी खुद ली और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, इससे पहले भी उनके इस्तीफे के खबर सामने आई थी। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी खबर भी थी कि सुनील जाखड़ भारतीय जनता पार्टी से नाराज चल रहे थे। इसके दो बड़े कारण बताए गए। पहल कि पंजाब बीजेपी में बाहरी बनाम पुराने का मुद्दा चरम पर रहा और दूसरा पार्टी ने राज्यसभा में भेजने को लेकर भी उन्हें प्राथमिकता नहीं दी। दरअसल, खबर थी कि वह रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्र में मंत्री बनाए जाने से नाखुश थे। सुनील जाखड़ बिट्टू से सीनियर थे और उनकी उपेक्षा हुई।

### उमर अब्दुल्ला ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**अशोक ठाकुर, जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जो इन दिनों दिल्ली के दौरे पर हैं। उन्होंने आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात में जम्मू-कश्मीर से जुड़ी विभिन्न मुद्दों पर 30 मिनट से अधिक समय तक चर्चा हुई। उमर अब्दुल्ला जो सोमवार शाम को राजधानी पहुंचे थे, जल्दी ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करने की संभावना है।

### धामी ने गुरु नानक देव की जयंती पर शुभकामनाएं दीं

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु नानक जी की जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी ने हमें सच्चाई, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी है। गुरु नानक जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। गुरु नानक जी के उपदेश हमें समाज में भाईचारा, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने की भी प्रेरणा देते हैं।

### युवक की मौत पर परिजनों ने दिया धरना



**अनंत ज्ञान, मोहाली।** मोहाली के गांव कुंभडा में बुधवार देर रात नाबालिगों के दो गुटों में झगड़ा हुआ था। इसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनमें से एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दमन के तौर पर हुई है। वहीं दूसरा युवक दलप्रीत घायल हुआ है। वहीं गुस्साए गांव के लोगों ने वीरवार को सड़क पर उतर कर धरना लगा दिया। मारे गए नाबालिग के परिजन और गांव के लोग चंडीगढ़ एयरपोर्ट रोड पर धरने पर बैठे हुए हैं। इस वजह से पिछले कई घंटे से एयरपोर्ट रोड पर जाम लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार बुधवार को झगड़ा साढ़े 6 से 7 बजे के बीच हुआ है। गांव का युवक दमन और उसका साथी दिलप्रीत दोनों मोटरसाइकिल पर थे। उनकी सामने से आ रहे एक प्रवासी से टक्क र हो गई। इस बात को लेकर दोनों में बहसबाजी हो गई। पहले दोनों वहां से चले गए, लेकिन इसके बाद प्रवासी युवक ने अपने दोस्त मौके पर बुला लिए और आपस में भिड़ गए।

### नेताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने उनको श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' के माध्यम से देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को याद किया। लिखा, उनकी जयंती के अवसर पर, मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राहुल ने नेहरू को आधुनिक भारत का जनक और संस्थानों का निर्माता कहा। उन्होंने उनको लोकतांत्रिक, प्रगतिशील, निडर और दूरदर्शी बताया।

### ब्राजील में व्यक्ति ने खुद को बम से उड़ाया

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय में प्रवेश करने में असफल रहे एक व्यक्ति ने इमारत के बाहर विस्फोट कर, खुद को खत्म कर लिया। प्राधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद न्यायाधीशों और कर्मचारियों ने इमारत खाली कर दी और बाहर आ गए। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सत्र समाप्त होने के बाद शाम को करीब साढ़े सात बजे दो बार तेज धमाकों की आवाज सुनी गई और सभी न्यायाधीश तथा कर्मचारी सुरक्षित रूप से भवन से बाहर निकल गए।

### श्रीनगर के निजी स्कूल में लगी आग



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के कुर्सू राजबाग इलाके में निजी मुस्लिम पब्लिक स्कूल में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। स्कूल में जब आग लगी तब वहां बाल दिवस का कार्यक्रम चल रहा था, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग ने स्कूल के कुछ हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। किसी भी छात्र या शिक्षक के हताहत होने की खबर नहीं है।आग किस कारण लगी इसका पता लगाया जा रहा है।

### सोपोर में आतंकियों के सहयोगी की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए वीरवार को सोपोर इलाके में एक करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 'पुलिस ने बोमई क्षेत्र के रशीदाबाद में आतंकवादियों के एक सहयोगी आमिर राशिद लोन के दो मंजिला मकान को जब्त किया और साथ ही उसकी 15 मरला (4080 वर्ग फीट) जमीन भी जब्त कर ली गई। उन्होंने कहा कि यह जब्ती गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 25 के तहत सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद की गई।

# कोहरे का कहर शुरू, रोहतक में आपस में टकराए आठ वाहन

**एजेंसी, हिसार**



हरियाणा में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन कोहरे का असर दिखा। कई जिलों में दृश्यता घटकर केवल 20 मीटर रह गई। कोहरे के चलते वाहन चालकों को सड़क पर कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। हिसार जिले के नारनौंद में हांसी-जींद रोड पर माजरा प्याऊ के पास वीरवार को कोहरे का कहर देखने को मिला। कोहरे के कारण हरियाणा रोडवेड की बस और जीरी से भरे ट्रक की आमने-सामने की टककर हो गई। इस हादसे में 20 से 22 लोग के घायल होने की जानकारी मिली है।

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और नारनौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस से घायलों को नारनौंद के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को हिसार के बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है। इस हादसे में 4 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बस पेटवाड़ से हिसार जा रही थी जबकि जीरी से भरा ट्रक हांसी से पुण्डरी जा रहा था। वहीं हरियाणा के रोहतक जिले में भी धुंध की वजह से बड़ा सड़क हादसा हो गया। एनएच-9 पर खरकड़ा गांव के पास ये हादसा हुआ। यहां कोहरे चलते 8 वाहन आपस में टकरा गए। कोहरे के चलते बस, ट्रक, कार और कैंटर ने एक-दूसरे को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में वाहन चालकों को मामूली चोटें आई हैं। विजिबिलिटी कम होने के कारण इन वाहनों की रफ्तार धीमी थी। इसी वजह से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

## झारखंड में 23 नवंबर के बाद बनेगी एनडीए की सरकार: अनुराग ठाकुर

**एजेंसी, रांची**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि 23 नवंबर के बाद झारखंड में एनडीए की सरकार बननी तय है। उन्होंने कहा कि देश में एक ही गारंटी है, जो सफल होती है और वो है मोदी की गारंटी।

उन्होंने कहा कि भाजपा जो वादा करती है, उसे पूरा करती है। झारखंड की जनता को भी मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। विभिन्न राज्यों में हमारी सरकारें बार-बार इसलिए आ रही हैं, क्योंकि हमने जो वादे किए, वो पूरे किए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल झारखंड में गठबंधन की सरकार के कार्यों को देखेंगे, तो यहां लव जिहाद और लैंड जिहाद चल रहा है। आदिवासी बहनों को फुसलाकर उनके अधिकार मारे जा रहे हैं। झारखंड की जनता अपने आपको ठगा हुआ महसूस करती है।

अनुराग ने कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार ने एक नहीं, कई फ्रंट पर जनता को ठगा है। यहां आदिवासी अस्मिता की लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं ने मन बना लिया है कि वे भाजपा के साथ चलेंगे। हेमंत सरकार ने नौकरियां तो नहीं दी, पेपर लीक जरूर करवाया। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, वो भी पूरा नहीं हुआ। सरकार ने खुद माना है कि पांच साल में मात्र 11,422 लोगों को नौकरी मिल पाई और बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने जल-जंगल जमीन को लूटा है, जनसांख्यिकी में बदलाव लाने का काम किया है। झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेशी घुसपैठ हो रही है। जनसांख्यिकी में बदलाव हो रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब कांग्रेस चुनाव लड़ने जा रही थी, तो उसने दस गारंटी दी थी, पर एक गारंटी भी पूरी नहीं कर सकी।

## इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में हिमाचली उत्पादों की जबरदस्त मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- प्रधान आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती ने किया हिमाचल मंडप का उद्घाटन
- 16 स्टॉलों में विशुद्ध हिमाचली उत्पाद ही बिक्री के लिए रखे

प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में हिमाचल मंडप का उद्घाटन प्रधान आवासीय आयुक्त, हिमाचल प्रदेश मीरा मोहंती ने किया। इस वर्ष हिमाचली उत्पादों की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है।

हिमाचल मंडप के निदेशक ज्ञान सिंह चौहान ने बताया की मंडप में स्थापित 16 स्टॉलों में विशुद्ध हिमाचली उत्पाद ही बिक्री के लिए रखे गए है, जिसमे विशेष रूप से हैंडलूम एवं हेंडीक्राफ्ट उत्पाद, फ्रूट उत्पाद के अलावा कांगड़ा, चाय, एप्पल चिप्स, ड्राई गुच्छी, सिबक्थोर्न एवं किडनी राजमाह पर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित हो रहा है। इन उत्पादों को लेकर मंडप में पधारने वाले लोगों में बहुत दिलचस्पी देखी जा रही है। इसके अलावा हिम-ईरा व जय महासू देवता स्वय सहायता समूह द्वारा हिमाचल प्रदेश की जड़ी बूटियों से तैयार साबुन, तेल, हर्बल उत्पादों व विशेषकर शुद्ध पहाड़ी घी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इन सभी उत्पादों की बिजनेस नेटवर्किंग भी मंडप में मौजूद उद्योग विभाग के कैम्प ऑफिस की जा रही है।

## मधुमेह के शुरुआती लक्षणों को पहचानें: डॉ. कोटरू



**बठिंडा।** विश्व मधुमेह दिवस पर हेल्थ सत्र के दौरान बठिंडा के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और मधुमेह विशेषज्ञों ने मधुमेह के शुरुआती लक्षणों जैसे अत्यधिक प्यास, बार-बार पेशाब आना, अस्पष्ट थकान और धुंधली दृष्टि को पहचानने पर जोर दिया।

डॉ. सुशील कोटरू ने कहा, 'विश्व मधुमेह दिवस हम सभी के लिए अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने के लिए एक अनुस्मारक है। सही ज्ञान और जीवनशैली में संशोधन के साथ, हम मधुमेह के जोखिम को काफी कम कर सकते हैं। यह सिर्फ उपचार के बारे में नहीं है, यह रोकथाम और शुरुआती हस्तक्षेप के बारे में है।'

## जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने आज राजीव गांधी कांग्रेस भवन सेक्टर 35 चंडीगढ़ में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू की भूमिका को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लकी ने कहा कि नेहरू एक दूरदर्शी नेता थे, जिनके समर्पण और देश के प्रति प्रेम ने आधुनिक भारत की नींव रखी। नेहरू न केवल एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता तक भारत के संक्रमण में एक प्रमुख वास्तुकार भी थे। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक प्रगति में उनके गहरे विश्वास ने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिक्षा और सामाजिक सुधार के प्रति नेहरू की प्रतिबद्धता गहन थी; उन्होंने ज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे संस्थानों की स्थापना की। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## सोनिया का 'राहुल विमान' एक बार फिर झारखंड में होगा दुर्घटनाग्रस्त: शाह

**एजेंसी, गिरिडीह**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए वीरवार को कहा कि सोनिया गांधी अपने बेटे को 20 बार लांच करने का प्रयास कर चुकी हैं और झारखंड में 21वें प्रयास के तहत उनका 'राहुल विमान' दुर्घटनाग्रस्त होने वाला है।

झारखंड के गिरिडीह में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में वक्फ बोर्ड ने प्राचीन मंदिरों की जमीन हड़प ली और कड़े विरोध के बावजूद इसे रोकने के लिए कानून में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'सोनिया जी को अपने बेटे को लांच करने का शौक है। सोनिया 20 बार राहुल विमान को लांच करने का प्रयास कर चुकी हैं, लेकिन वह विफल रही हैं। यह 20 बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। यह देवघर हवाई अड्डे पर 21वीं बार दुर्घटनाग्रस्त होने वाला है।' शाह ने दावा किया कि वक्फ बोर्ड कृषि भूमियां हड़प रहा है। उन्होंने कहा कि इस वक्फ बोर्ड को जमीन हड़पने की आदत है। कर्नाटक में उन्होंने पूरे गांवों की संपत्ति, 500 साल पुराने मंदिरों को हड़प लिया है। उन्होंने कृषि भूमि हड़प ली। मुझे बताएं कि वक्फ बोर्ड में बदलाव की जरूरत है या नहीं। हेमंत-बाबू और राहुल गांधी इसका विरोध करते हैं, उन्हें इसका विरोध करने दीजिए। भाजपा वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन के लिए संसद में विधेयक पारित करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता।

## मोदी को सर्वोच्च अवॉर्ड से सम्मानित करेगा डोमिनिका



**नई दिल्ली।** डोमिनिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा। कोविड-19 महामारी के दौरान कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की मदद और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के प्रति समर्पण के लिए पीएम मोदी को यह सम्मान दिया जाएगा। डोमिनिका के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन भारत-कैरिबियन समुदाय शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी को डोमिनिका सम्मान से सम्मानित करेंगी।

## इसराइल की बेरूत में एयर स्ट्राइक, 6 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**



**इसराइल** ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक की। इस एयर स्ट्राइक में 6 लोगों की मौत हो गई है। इसराइल रक्षाबल (आईडीएफ) ने एयर स्ट्राइक की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वो अब बेरूत को निशाना बना रहे हैं। आईडीएफ ने दो दिनों पहले ही बेरूत के सीमित इलाके में जमीनी सैन्य अभियान शुरू कर हिज्बुल्लाह के सुरंगों की तलाशी शुरू की थी।

ईरान के हमले के बाद इसराइल ने एकबार फिर बेरूत में एयर स्ट्राइक की है। दक्षिणी बेरूत में एक के बाद एक तीन बड़े विस्फोट हुए। इन हमलों में 6 लोगों की मौत हो गई है। लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि यह हमला हिज्बुल्लाह से जुड़े एक चिकित्सा सेवा केंद्र पर हुआ। पिछले 24 घंटे में लेबनान पर इसराइल के हमलों में 46 लोगों की मौत हो गई। साथ ही पिछले दो हफ्तों में 1,000 से अधिक लोग इसराइल के हमलों में मारे गए हैं, जबकि दस लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। गौरतलब है कि इसराइल ने 28 सितंबर को लेबनान में हिज्बुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमला कर भारी तबाही मचाई और हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह को मार दिया था।

## महाराष्ट्र और गुजरात में ईडी की बड़ी कार्रवाई फर्जी केवाईसी मामले में 23 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ईडी** ने फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में महाराष्ट्र और गुजरात में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने दोनों राज्यों में कुल 23 जगहों पर छापेमारी की है।

यह मामला फर्जी दस्तावेजों और फेक केवाईसी के जरिए बड़ी तादाद में बैंक अकाउंट्स खोलने से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने गुजरात के नासिक, सूरत, अहमदाबाद, मालेगांव और मुंबई में 13 ठिकानों पर छापेमारी की है। मामले में आरोपी सिराज अहमद की चाय और कोल्ड ड्रिंक की एजेंसी है। आरोपी ने गरीब बैकग्राउंड के लोगों को लालच दिया और उनके डॉक्यूमेंट्स लेकर बैंक अकाउंट्स खुलवाए। अकाउंट्स खुलवाने के बाद आरोपियों ने एपीएमसी मार्केट में नौकरी दिलाने का वादा किया।

## गो तस्कर नाजिम की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची राजस्थान सरकार

जयपुर। राजस्थान सरकार ने गो-तस्करी के आरोपी की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है। 21 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी नाजिम खान को जमानत दी थी, हालांकि, इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोई भी वकील कोर्ट में पेश नहीं हुआ था, जिसके कारण जमानत का आदेश जारी हुआ।

## पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने 12 आतंकवादी किए ढेर

**एजेंसी, पेशावर**



**पाकिस्तान** के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में दो अभियानों में 12 आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

सेना ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के मीरानशाह जिले में 12 और 13 नवंबर को पहला अभियान चलाया गया और उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में मुठभेड़ में आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में छह आतंकवादी घायल भी हो गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' के अनुसार, दूसरे अभियान में सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के केच जिले के बलगाटर में एक कथित आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया। सेना की कार्रवाई में बलगाट में चार आतंकवादी मारे गए, जिनमें कुख्यात आतंकवादी सना उर्फ बारू भी शामिल है। बारू केच में 'मजीद ब्रिगेड' के लिए आतंकवादियों की भर्ती करने वाला एक प्रमुख एजेंट था। वह विशेष रूप से 'आत्मघाती हमलावरों' की भर्ती में संलिप्त था।

## हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में रिपब्लिकन को बहुमत, डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ी ताकत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**रिपब्लिकन** पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में 218 का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद उसका अमेरिकी संसद के दोनों सदनों-कांग्रेस और व्हाइट हाउस पर नियंत्रण हो गया है। पांच नवंबर को हुए चुनाव में वोटों की गिनती जारी है और सभी सीटों के लिए नतीजों की आधिकारिक घोषणा में कुछ सप्ताह बाकी हैं, लेकिन तीन टीवी चैनलों ने अपने विश्लेषण के आधार पर घोषणा की है कि पार्टी ने 435 सदस्यीय सदन में आधे से अधिक सीटें जीत ली हैं। छह नतीजे लंबित हैं और सीबीएस ने कहा कि पार्टी कम से कम तीन और सीटें जीत सकती है, जिससे मौजूदा आंकड़ा 221 तक पहुंच जाएगा।

### तुलसी गबार्ड को ट्रंप ने नेशनल इंटेलिजेंस का निदेशक बनाया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं और 2020 में वह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं।

## महाराष्ट्र: गोवा के सीएम प्रमोद सावंत का बैग किया चेक

**सतारा।** चुनावी राज्य महाराष्ट्र में चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को सतारा में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के बैग की चेकिंग की गई। महाराष्ट्र चुनाव को निष्पक्ष रूप से पूरा कराने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह सक्रिय है। आयोग की टीम बड़े नेताओं पर भी नजर बनाए हुए है। उनके सामानों की जांच भी की जा रही है। इसी सिलसिले में वीरवार को सतारा में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के बैग की जांच की गई। दरअसल, प्रमोद सावंत भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। वो पार्टी के पक्ष में चुनावी अभियान में भाग लेने के लिए गुरुवार को महाराष्ट्र आए। इस दौरान सतारा जिले के कराड एयरपोर्ट पर चुनाव आयोग की टीम ने उनके सामान की तलाशी ली।

## सेंसेक्स में 110 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** वीरवार को 110 अंक की गिरावट के साथ 77,580 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 26 अंक की गिरावट रही। यह 23,532 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 429 अंक चढ़कर 52,381 पर बंद हुआ।

सेंसक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में गिरावट और 21 में तेजी रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स के एफएमसीजी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.53 फीसदी गिरा, जबकि मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.26 फीसदी की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी और पावर ग्रिड ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में




### 74 हजार रुपए के नीचे आया सोना

**मुंबई।** सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,316 रुपए गिरकर 73,944 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 75,260 रुपए प्रति दस ग्राम था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट रही। ये 2,189 रुपए गिरकर 87,558 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,747 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्तूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्तूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद 'गंभीर', एक्यूआई 428 पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के कई हिस्सों में वीरवार को लगातार दूसरे दिन कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में रहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 428 था, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के 39 निगरानी स्टेशनों में से 32 में आईक्यू का स्तर 400 के पार रहने से यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 'गंभीर श्रेणी' में दर्ज किया गया। इन स्टेशनों में आनंद विहार, अशोक विहार, आईजीआई हवाई अड्डा, आईटीओ, मंदिर मार्ग, नॉर्थ कैंपस, पटपड़गंज, पंजाबी बाग और पूसा शामिल हैं। दिल्ली में बुधवार को देश में सर्वाधिक खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई, जो इस मौसम में पहली बार 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी-20 मैच और सीरीज जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिए रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है।

भारत फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है, लेकिन 3-1 से जीतने के लिए बल्लेबाजों पर ज्यादा जिम्मेदारी होगी।

भारत के लिए वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी-20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी-20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी।

सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह सीरीज जीतकर लौटना चाहेंगे।




पिछली बार सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी-20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती।

मौजूदा सीरीज में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में 7वें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचलेक्रम पर उतरने से 11, 9 या 8 रन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है, लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिए उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली।

आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें।

**मैच : रात 8:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, वैशाख विजयकुमार, आवेश खान, यश दयाल में से।

**दक्षिण अफ्रीका।** एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रूगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन, ट्रिस्टन स्टब्स में से।

## सूर्यकुमार के भरोसे पर खरा उतरना चाहता था: तिलक वर्मा

**सेंचुरियन।** जब सूर्यकुमार यादव ने यह बताने के लिए तिलक वर्मा के होटल के कमरे पर दस्तक दी कि वह तीसरे टी-20 मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा तो कृतज्ञता से भरे इस बल्लेबाज ने अपने कप्तान से वादा किया कि वह उनके भरोसे पर खरा उतरेगा। तिलक ने 51 गेंद में शतक जमाया और दूसरा पचासा तो सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया। इसके बाद उन्होंने डगआउट में देखते हुए अपने कप्तान के प्रति आभार जताने के लिए 'फ्लाइंग किस' किया। सूर्यकुमार ने अपने बल्लेबाजीक्रम पर उन्हें उतारने का फैसला जो लिया था। तिलक ने दक्षिण अफ्रीका पर 11 रन से मिली जीत के बाद कहा, ''यह हमारे कप्तान 'स्काय' के लिए था, जिसने मुझे तीसरे नंबर पर खेलने का मौका दिया। मुझे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद है।''



## स्पोर्ट्स विंडो

### मैकस्वीनी को वार्नर की तरह खेलने की जरूरत नहीं: ख्वाजा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अपने नए सलामी जोड़ीदार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन करते हुए उनसे कहा है कि वह पर्थ में भारत के खिलाफ डेविड वार्नर की तरह खेलने का प्रयास करने की जगह अपना खेल खेलें।



अपने 38वें जन्मदिन की ओर बढ़ रहे ख्वाजा ने 73 टेस्ट में 15 शतक की मदद से लगभग साढ़े पांच हजार रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से रन बनाना ही सब कुछ नहीं है और उन्होंने मैकस्वीनी को सलाह दी कि वह सिर्फ उस प्रक्रिया को दोहराएं जो अब तक उनके लिए सफल रही है। ख्वाजा ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि यह मिथक कहां से शुरू हुआ कि आपको कोई ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो बहुत तेजी से रन बनाए। सलामी बल्लेबाज के रूप में आप रन बनाने का प्रयास करते हैं और इसके लिए आपके पास पंच दिन होते हैं। पिछले साल हमारा कोई टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं गया। सलामी बल्लेबाजी का मतलब रन बनाना और उस समय क्रीज पर डटे रहना है।''

### अंडर-19 एशिया कप में मोहम्मद अमान भारत की अगुवाई करेंगे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अमान 50 ओवर के एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) अंडर-19 एशिया कप में भारत का नेतृत्व करेंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) में इस महीने के आखिर में होगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 नवंबर को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। भारतीय टीम में घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने वाले कुछ शानदार खिलाड़ी है। टीम में मुंबई के आयुष म्हात्रे, बिहार के वैभव सूर्यवंशी, तमिलनाडु के सी आंद्रे सिद्धार्थ, केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान के साथ कर्नाटक के बल्लेबाज हार्दिक राज और समर्थ नागराज को चुना गया है। भारत और पाकिस्तान के अलावा ग्रुपए में जापान और मेजबान यूएई शामिल हैं। ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें हैं।

### आज विवाह बंधन में बंधेगी मोनिका मलिक

**नई दिल्ली।** हॉकी में बेहतर खेल के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने वाली हरियाणा की मोनिका मलिक 15 को पंजाब के हॉकी खिलाड़ी ओलंपियन आकाशदीप के साथ शादी रचाएंगी। आकाशदीप पंजाब पुलिस में बतौर उप-पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) हैं, मोनिका रेलवे में कार्यरत हैं।



### कार्लोस अल्काराज ने आंद्रेइ रूबलेव को हराकर वापसी की

**तूरिन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने शारीरिक तकलीफ से उबरकर आंद्रेइ रूबलेव को 6-3, 7-6 से हराया और एटीपी फाइनल्स में सेमीफाइनल में प्रवेश की दौड़ में शामिल हो गए। पहले मैच में उन्हें कैस्पर रूड ने सीधे सेटों में हराया था। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रूड को 7-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अल्काराज और रूड ने 1-1 मैच जीता है जबकि ज्वेरेव दोनों मैच हार चुके हैं। हर ग्रुप से शीर्ष-2 खिलाड़ी सेमीफाइनल में जाएंगे। पहले मैच में अल्काराज पेट की गड़बड़ी से जूझ रहे थे।



# बेटियों ने लगाई जीत की हैट्रिक

## भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में थाईलैंड को 13-0 से दी मात

**एजेंसी, राजगीर (बिहार)**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में 13-0 से हराकर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए दीपिका (तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें और 45वें मिनट) ने पांच गोल दागे जबकि प्रीति दुबे (नौवें और 40वें मिनट), लालरेमसियामी (12वें और 56वें मिनट) और मनीषा चौहान (55वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए।

ब्युटी डुंग डुंग (30वें मिनट) और नवनीत कौर (53वें मिनट) के खाते में भी एक-एक गोल रहा। भारत ने इससे पहले मलेशिया को 4-0 से हराया था जबकि करीबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से शिकस्त दी थी। भारत अपना अगला मैच शनिवार को ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के खिलाफ खेलेगा। दिन के अन्य मुकाबलों में मलेशिया ने कोरिया को 2-1 से हराया जबकि चीन ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए जापान को इसी अंतर से मात दी।

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

भारत अंक तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन के भी इतने ही अंक हैं, लेकिन भारत के प्लस 18 की तुलना में प्लस 21 के बेहतर गोल अंतर के कारण टीम शीर्ष पर है।



राउंड रोबिन चरण के बाद छह टीम में से शीर्ष-4 सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने इस मुकाबले में पेनल्टी कॉर्नर में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12 प्रयास में पांच गोल दागे। भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए तीसरे ही मिनट में दीपिका के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त बना ली। कुछ मिनटों बाद मनीषा चौहान को गोल करने का मौका मिला, लेकिन वह गेंद को अपने कब्जे में करने में नाकाम रहीं। 9वें मिनट में प्रीति ने संगीता के पास को गोल की राह दिखाकर भारत को 2-0 से आगे किया। तीन मिनट बाद लालरेमसियामी ने कप्तान सलीमा टेटे के शॉट पर रिबाउंड पर गोल दागा।

दीपिका ने 19वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। भारतीय टीम इसके बाद तीन पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने में नकाम रही। ब्युटी ने मध्यांतर से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को 5-0 से आगे किया।

प्रीति ने भी 40वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा जबकि इसके कुछ मिनट बाद दीपिका ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। दीपिका ने इसके बाद दो मिनट में दो गोल दागकर भारत को तीसरे क्वार्टर के बाद 9-0 से आगे कर दिया। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में नवनीत ने रिवर्स हिट से भारत का 10वां गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद मनीषा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। लालरेमसियामी ने पेनल्टी कॉर्नर पर उदिता के शॉट को गोल की राह दिखाया जबकि मनीषा ने एक और दो दागकर भारत की 13-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सीनियर खिलाड़ियों ने युवाओं से कहा

## ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के बाद बेहतर क्रिकेटर बनोगे



**एजेंसी, पर्थ**

मुख्य कोच गौतम गंभीर और कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहे युवा खिलाड़ियों से कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाएगी।

भारतीय टीम में शामिल आठ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार टेस्ट खेल रहे हैं।

यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, अभिमन्यु ईश्वरन, सरफराज खान, नीतिश रेड्डी, हर्षित राणा, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा सभी पहली बार आस्ट्रेलिया दौरे पर जा रहे हैं।ऐसे में विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह से मिलने वाली सलाह उनके काफी काम आएगी। कोहली और अश्विन का यह 5वां टेस्ट दौरा ( 2011-12, 2014-15, 2018-19, 2020-21) है जबकि बुमराह का तीसरा (2018-19 , 2020-21) टेस्ट दौरा है ।

भारत के बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने कहा ,'' गौती भाई ( गंभीर) ने दौरे से पहले खिलाड़ियों से बात की। कुछ सीनियर खिलाड़ी भी साथ थे। बुमराह, विराट, अश्विन ने खिलाड़ियों से बात की कि कैसे पहले वह युवा खिलाड़ी के तौर पर यहां आए थे और आस्ट्रेलिया दौरे के बाद उन्हें महसूस हुआ कि वे बेहतर क्रिकेटर बनकर लौट रहे हैं।''

## रणजी ट्रॉफी: मोहम्मद शमी ने झटके 4 विकेट, खेल सकते हैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के चुनौतीपूर्ण दौरे के दौरान मुश्किलों से घिरी भारतीय टीम को मोहम्मद शमी की सेवाएं मिल सकती हैं क्योंकि इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी मैच में चार विकेट झटकाकर चोट से शानदार वापसी की।



एक साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला लाल गेंद का मैच खेलने वाले शमी ने बंगाल के लिए खेलते हुए मध्य प्रदेश की पहली पारी में फेंके गए 57 ओवर में चार स्पैल डाले और 19 ओवर में चार मेडन से 54 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने मध्य प्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा, आलराउंडर सारांश जैन के अलावा दो पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट किया। इन चार में से तीन बल्लेबाजों को बोल्ड किया जबकि एक बल्ला छुआकर विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा को कैच देकर आउट हुए। भारतीय टीम के लिए यह बहुत अच्छी खबर है, पर राष्ट्रीय चयन समिति यह भी देखेगी कि दूसरी पारी में वह कैसी गेंदबाजी करते हैं तथा इंदौर में होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच के अंत में उन्हें कोई दर्द तो नहीं होता या फिर सूजन तो नहीं होती।

## ऑस्ट्रेलिया ने 29 रनों से जीता पहला टवेंटी-20

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

ऑस्ट्रेलिया ने ग्लेन मैक्सवेल की 19 गेंद में 43 रन की तूफानी पारी से गुरुवार को यहां बारिश के कारण सात ओवर के हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान को 29 रन से शिकस्त दी।

बिजली चमकने और बारिश के कारण करीब तीन घंटे की देरी के बाद मैच 7-7 ओवर का कर दिया गया। मैक्सवेल ने आस्ट्रेलिया को सात ओवर में चार विकेट पर 93 रन बनाने में मदद की। इसके बाद पाकिस्तान की टीम ने पहली 15 गेंद में 16 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे, जिससे पूरी टीम नौ विकेट पर 64 रन ही बना सकी। नाथन एलिस (9 रन देकर तीन विकेट) और जेवियर बार्टलेट (13 रन देकर तीन विकेट) ने पाकिस्तान का शीर्षक्रम चरमरा दिया, जिसके बाद 8वें नंबर के बल्लेबाज अब्बास अफरीदी 20 रन बनाकर नाबाद रहे। मैक्सवेल ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में शून्य, 16 और शून्य रन बनाए थे।



**बैडमिंटन** जापान सुपर-500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त

# प्री-क्वार्टर फाइनल में हारी पीवी सिंधू

**एजेंसी, कुमामोतो (जापान)**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही गुरुवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर-500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं। उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। सिंधू ने 11-8 की बढ़त बना ली और उसके बाद लगातार बढ़त कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8-3 से बढ़त बना ली। सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर लिया। इसके बाद ली ने लगातार पांच अंक लेकर बराबरी की।

निर्णायक गेम में एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन ली ने लगातार चार अंक बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिंधू की सहज गलतियों ने उनका काम आसान कर दिया। ली का सामना अब दक्षिण कोरिया की यू जिन सिम से होगा।

**कनाडा की मिचेले ली ने 17-21, 21-16, 21-17 से हराया**



इससे पहले कल पुरुष वर्ग में लक्ष्य सेन ने पहला गेम जीतने के बाद दबाव में आकर मलेशिया के लियोंग जुन हाओ के खिलाफ 22-20, 17-21, 16-21 से पराजय का सामना किया। पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल खेलने वाले लक्ष्य को निर्णायक गेम में बढ़त मिली, लेकिन हाओ ने लगातार पांच अंक लेकर जीत दर्ज की।

## श्रीलंका ने वर्षाबाधित पहले वनडे में न्यूजीलैंड को हराया

**एजेंसी, दाम्बुला (श्रीलंका)**

कुसल मेंडिस और अविष्का फर्नांडो के शतकों की मदद से श्रीलंका ने वर्षाबाधित पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 45 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली।



मेंडिस ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 128 गेंद में 143 रन बनाए, जबकि फर्नांडो ने 115 गेंद में 100 रन जोड़े। श्रीलंका ने 49.2 ओवर में पांच विकेट पर 324 रन बनाए जब बारिश होने लगी। न्यूजीलैंड को 27 ओवरों में 221 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण करने वाले विल यंग और टिम रॉबिनसन ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। इसके बाद श्रीलंकाई स्पिनरों ने कीवी बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी और मेहमान टीम नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी।

धीमे गेंदबाज महीष तीक्षणा और कप्तान चरित असलांका ने 2-2 विकेट लिए जबकि जाफरी वांडरसे को एक विकेट मिला। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने तीन विकेट चटकाए।

इससे पहले श्रीलंका के लिए मेंडिस और फर्नांडो ने दूसरे विकेट के लिए 206 रन जोड़े।